दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 279 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 04 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# यमराज बने डंपर ने 17 गाड़ियों को कुचला : 14 की मौत, कई घायल





## जयपुर के हरमाड़ा इलाके में लोहा मंडी पर हुआ यह भीषणहादसा, पूरा शहर दहल उठा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** जयपुर के हरमाड़ा इलाके में सोमवार दोपहर एक भयानक सड़क हादसा हुआ, जिसने पूरे शहर को दहला दिया तेज रफ्तार और अनियंत्रित यमराज बनकर शहर की सड़क पर दौड़ रहे बेकाबू डंपर ने करीब 17 गाड़ियों को कुचल दिया । जिसमें बाइक, कार ,पिकअप जैसे वाहन तो थे ही इसके अलावा पैदल चल रहे राहगीरों पर भी डंपर चढ़ गया। जिसकी वजह से इस हादसे में खबर लिखे जाने तक 14 लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है और कई लोग घायल हैं जो जयपुर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती है। इनमें तीन-चार घायलों की हालत खराब बताई जा रही है । यह हादसा इतना भयानक था इसका अंदाजा इसी बात से



लगाया जा सकता है कि कई मृतकों के शरीर के अंग अलग-अलग टुकड़ों में रोड पर बिखर गए और रोड पर जगह-जगह खून बह गया, किसी का हाथ कट गया तो किसी के पांव और किसी की आंखें निकल गई तो किसी की गर्दन शरीर से अलग हो गई। ऐसा दृश्य देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें फटी रह गई ।यह हादसा लोहा मंडी रोड पर करीब सोमवार दोपहर 1:00 बजे हुआ । डंपर लोहा मंडी पेट्रोल पंप की तरफ से रोड नंबर 14 से हाईवे पर चढ़ने के लिए जा रहा था, लेकिन उसकी रफ्तार काफी तेज थी और वह गलत साईड से आ कर वाहनों को कुचलता हुआ तेजी से सड़क से गुजर रहा था। जिसकी वजह से सड़क के दोनों और मौजूद दुकानदारों और सड़क पर चल रहे लोगों में दहशत फैल गई । एक के बाद एक वाहन को कुचलता हुआ डंपर तेज गति से आगे बढ़ता गया। डंपर की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि उसने करीब 300 मीटर तक वाहनों को रौंदा और मौत का तांडव मचा दिया। स्थानीय लोगों ने हादसे के तुरंत बाद राहत कार्य शुरू किया उन्होंने गाड़ियों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। एंबुलेंस बुलाकर घायलों को अस्पताल भेजा। कांवटिया अस्पताल और एसएमएस ट्रॉमा सेंटर में घायलों को भर्ती करवाया गया है हालांकि घटना के बाद कई स्थानों की पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल जिला कलेक्टर और अन्य सभी बड़े पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। डंपर चालक को पकड़ लिया गया है । डंपर चालक शराब पिए हुए था या फिर डंपर का ब्रेक फेल हो गया या फिर कोई अन्य वजह थी जिसकी वजह से डंपर चालक डंपर को रोक नहीं पाया और अंधाधुंध होकर डंपर को चलता रहा इन सब के बारे में पुलिस की पूछताछ जारी है । हादसे के समय मौजूद लोगों का कहना है कि जिस रफ्तार से डंपर चल रहा था उसे देखते भी ऐसा लगता है कि डंपर चालक शराब के नशे में था पुलिस का कहना है कि चालक का मेडिकल करवाया गया है मेडिकल रिपोर्ट से ही पूरी तरह से स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि लोहा मंडी क्षेत्र में भारी वाहन की आवाजाही पर रोक लगाई जाए। क्योंकि यहां सड़के संकडी है और यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है ।इस भयानक घटना ने पूरे शहर को दहला दिया यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े करता है । इस हादसे में कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं कई घर उजड़ गए है। कई घरों के रखवाले भगवान के प्यारे हो गए हैं। सवाई मानसिंह अस्पताल और अन्य अस्पतालों में मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है अस्पतालों में चीख पुकार मची हुई है ।

# संवेदनशील मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ली हाई प्रोफाइल मीटिंग, लिए बड़े निर्णय

## प्रदेश के पहले इकलौते मुख्यमंत्री जो हर दुर्घटना पर या तो खुद मौके पर पहुंचते हैं या फिर मंत्रियों को भेजते हैं, तुरंत ग्रीन कॉरिडोर तैयार करवा कर घायलों की जिंदगी को बचाने में निभा रहे बड़ी भूमिका

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के एक ऐसे इकलौते मंत्री के रूप में नजर आ रहे हैं जो प्रदेश में किसी भी बड़ी दुर्घटना पर या तो खुद घटनास्थल पर जाते हैं या फिर मंत्रिमंडल के सदस्यों को तुरंत घटना स्थल पर भेज कर दुर्घटना में हताहत हुए लोगों की जिंदगी बचाने और मृतक परिजनों को सांत्वना देने और उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करते हैं, अन्यथा अक्सर प्रदेश में बड़ी सड़क दुर्घटनाओं में प्रशासन और पुलिस से जुड़े बड़े अधिकारी ही मौके पर पहुंचते रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री शर्मा लोगों की सेहत और जिंदगी को लेकर काफी चौकस और गंभीर हैं सोमवार को भी जब हरमाड़ा में लोहा मंडी में भीषण सड़क हादसा हुआ। उस समय हादसे की सूचना मिलने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने राजस्थान सरकार के चार मंत्रियों सुमित गोदारा, के के विश्नोई, गजेंद्र सिंह खींवसर ,एवम झाबर खर्रा को जयपुर के विभिन्न अस्पतालों में दुर्घटना में घायल मरीजों की देखभाल और उपचार व्यवस्था की निगरानी के लिए जिम्मेदारी सुनिश्चित की ताकि अस्पतालों में घायलों का



ठीक तरह से उपचार हो सके जिस समय मुख्यमंत्री शर्मा को हरमाड़ा हादसे की जानकारी मिली थी। उस समय वे जयपुर के दुर्गापुर में कृषि अनुसंधान केंद्र में आयोजित मतदाता गहन पुनर्निक्षण कार्य की कार्यशाला में मौजूद थे उन्होंने तुरंत कार्यशाला को स्थापित करने को कहा और कार्यशाला में मौजूद पार्टी के सभी बड़े नेताओं और मंत्रियों को हरमाड़ा हादसे में हताहत के लोगों की सहायता के लिए मौके पर जाने को कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य सवाई मानसिंह अस्पताल में पहुंचे और उन्होंने वहां पर दुर्घटना में घायल मरीज के उपचार की व्यवस्था को बेहतर ढंग से संपादित करने के लिए अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया। अस्पताल प्रशासन ने भी घायल मरीजों के उपचार में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं रख रहे हैं लेकिन हादसा काफी भयानक था क्रिटिकल हालत में अस्पताल में आए कुछ मरीजों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों को मृतक परिजनों से भी मुलाकात करने को कहा ताकि इस दुख की घड़ी में परिजनों को ऐसा लगे की राजस्थान सरकार और पूरा राजस्थान उनके साथ खड़ा हुआ है उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले जैसलमेर में भीषण बस हादसा हुआ था उस समय भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने तमाम सरकारी कार्यक्रम रद्द किया था और तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे थे और इस पूरे मामले को उन्होंने खुद हैंडल किया था इसी तरह से अजमेर रोड पर हुए भीषण हादसे में भी आधी रात को ही उन्होंने उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा को घटनास्थल पर भेजा था और खुद भी घटना स्थल पर गए थे तथा इस पूरे मामले को भी उन्होंने एक पुलिस अधिकारी की तरह मौके पर खड़े रहकर हैंडल किया था कुल मिलाकर मुख्यमंत्री शर्मा अकेले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो खुद को मुख्यमंत्री ना समझ कर एक जनसेवक के रूप में लोगों के दुख बांटने के लिए मौके पर पहुंचते हैं और हर तरह से सरकारी स्तर पर जो भी प्रयास होने चाहिए वे सारे प्रयास लोगों की मदद के लिए करते रहते हैं उनका यही व्यवहार और यही कार्यशैली उन्हें एक श्रेष्ठ और कुशल मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित करती है।

### हरमाड़ा हादसे को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा ने हाई प्रोफाइल मीटिंग बुलाई

हरमाड़ा हादसे के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पर एक बड़ी बैठक बुलाई जिसमें पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के सेक्रेटरी सुधांशु अतिरिक्त गृह सचिव जेडीए कमिश्नर परिवहन आयुक्त राष्ट्रीय राजमार्ग प्रशासन व्यवस्था से जुड़े अधिकारी नगर निगम प्रशासन से जुड़े अधिकारी इत्यादि को बुलाया घ इस बैठक में प्रदेश में परिवहन विभाग से जुड़े कार्यों को लेकर गंभीरता से विचार विमर्श किया जा रहा है प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को कैसे रोका जाए लाइसेंस प्रणाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की सुरक्षा के मध्य नजर क्या-क्या कदम उठाया जाए इन सब विषय पर चर्चा हो रही है।

# मुख्यमंत्री आवास पर भजन लाल शर्मा का जनता दरबार: बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने जनसुनवाई कार्यक्रम को लेकर प्रदेश भर के लोगों में चर्चा का विषय बने हुए है। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शर्मा बहुत ही सहज भाव और मिलनसार व्यवहार से हर फरियादी की समस्या को सुनते हैं जिस भाव में वे फरियादी से बात करते हैं उससे फरियादी को ऐसा महसूस होने लगता है जैसे वह उनके परिवार के ही सदस्य हैं इसलिए अपने व्यवहार और स्वभाव की वजह से मुख्यमंत्री आवास पर आने वाला हर फरियादी मुख्यमंत्री शर्मा की तारीफ करता हुआ नजर आता है। सोमवार को भी मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने सरकारी आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे इस दौरान विभिन्न विभागों के बड़े अधिकारी और मुख्यमंत्री आवास पर देना सभी बड़े अधिकारी भी इस जनसुनवाई कार्यक्रम में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री शर्मा ने हर फरियादी की एप्लीकेशन और उसकी पीड़ा को खुद सुना और संबंधित विभाग के अधिकारी को एप्लीकेशन फॉरवर्ड करते हुए समस्या का त्वरित गति से निदान करने के निर्देश देते हुए नजर आए। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित होने वाले इस जनसुनवाई कार्यक्रम में लगातार लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है लोगों को ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री के पास जाते ही उनकी समस्या का निवारण हो जाएगा इसलिए लगातार यहां फरियादियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है जानकारी के अनुसार वैसे तो मुख्यमंत्री शर्मा ज्यादातर खुद ही जनसुनवाई कार्यक्रम में मौजूद रहते हैं और लोगों की पीड़ा को दूर करने का त्वरित गति से प्रयास करते हैं लेकिन कई बार उनके जयपुर से बाहर रहने पर उनकी उपस्थिति में मुख्यमंत्री आवास पर तैनात सीनियर अधिकारी इस जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन करते हैं और लोगों की शिकायतों का समाधान करते हैं कहा जाता है कि अपने इस कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा काफी गंभीर रहते हैं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर गंभीर और सजग, कार्यशाला में दिखाईउपस्थित

### हरमाड़ा में भीषण सड़क हादसा होने की वजह से कार्यशाला को बीच में ही स्थगित करना पड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर काफी गंभीर और सजग हैं यही वजह है कि सोमवार को जयपुर में दुर्गापुरा कृषि अनुसंधान केंद्र के ऑडिटोरियम में भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला में अपनी उपस्थिति दिखाई। हालांकि हरमाड़ा में हुए दुखद भीषण सड़क हादसे को देखते हुए इस कार्यशाला को बीच में ही रद्द कर देना पड़ा ।लेकिन इस कार्यशाला को लेकर भारतीय जनता पार्टी के छोटे बड़े नेता काफी सक्रिय दिखे कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के अलावा राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य पार्टी के वर्तमान विधायक पार्टी के पूर्व विधायक पार्टी के वर्तमान सांसद पार्टी के पूर्व सांसद और पार्टी के संगठन से जुड़े बड़े नेताओं के अलावा पार्टी के जिला अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष तक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को निर्वाचन विभाग की ओर से शुरू किए गए गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। हालांकि इस कार्यशाला में पार्टी के सभी बड़े नेताओं के भाषण होने वाले थे और पार्टी के नेता उपस्थित भाजपाइयों को अपने भाषण के दौरान ।मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश भी देने वाले थे। लेकिन कार्यशाला के बीच में ही स्थगित होने की वजह से बड़े नेताओं के यहां भाषण नहीं हो सके लेकिन इससे पहले भी प्रदेश भाजपा की ओर से इस कार्यक्रम को लेकर कई बार सामूहिक रूप से चर्चा संगोष्ठी और अन्य कई तरह के कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं। इसलिए प्रदेश भर के भाजपा इस कार्यक्रम को लेकर काफी सजक है और गांव ढाणी से लेकर शहरों में बूथ स्तर तक पार्टी के कार्यकर्ता नई मतदाता सूची के निर्माण प्रक्रिया पर अपनी पूरी नजर जमा कर रखेंगे जो योग्य उम्मीदवार हैं उनका नाम जुड़वाएंगे और जो अब तक फर्जी तरीके से मतदान करते आए हैं जो दो-दो जगह पर मतदान करते हैं या फिर जिन्होंने फर्जी दस्तावेज के आधार पर मतदाता सूची में नाम अंकित करवा रखा है ऐसे नाम को मतदाता सूची से हटवाने के लिए निर्वाचन विभाग के प्रतिनिधियों को कहेंगे इसके अलावा नौजवान युवाओं को जिन्होंने निर्धारित उम्र पूरी कर ली है उनके



नाम जुड़वाने के लिए भी भाजपा के कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार दिख रहे हैं। जानकार लोगों का कहना है कि आगामी विधानसभा चुनाव हाल ही में निर्वाचन विभाग की ओर से तैयार की जा रही मतदाता सूची के आधार पर ही होंगे इसके अलावा आगामी नगर निकाय और पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव भी इस नई मतदाता सूची के आधार पर ही होंगे ।इसलिए नई मतदाता सूची पूरी तरह से पारदर्शक ढंग से तैयार की जाए नई मतदाता सूची में ज्यादा से ज्यादा योग्य नए युवाओं के नाम जोड़े जाएं और फर्जी नाम को मतदाता सूची से हटवाया जाए इन सबको लेकर मुख्यमंत्री शर्मा काफी गंभीर हैं इसीलिए आज उन्होंने दुर्गापुर स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र में आयोजित कार्यशाला में अपनी उपस्थिति दिखाई उनकी उपस्थिति से साफ नजर आया कि वह मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर कितने गंभीर हैं । जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री शर्मा यह जानते हैं कि प्रदेश के युवाओं का उन्हें बहुत अच्छा समर्थन और विश्वास मिल गया है क्योंकि पिछले 22 महीना में प्रदेश में जितनी भी सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ उन सभी परीक्षाओं का सफल आयोजन हुआ किसी भी परीक्षा में पेपर लीक और गड़बड़ी की कोई शिकायत सामने नहीं आई अभी हाल ही में रविवार को ग्रामीण विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा भी पूरी तरह से शांतिपूर्वक तरीके से पारदर्शक ढंग से संपादित हुई इस भर्ती परीक्षा में शामिल होने आए परीक्षार्थियों ने भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की खूब तारीफ की इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा चाहते हैं की नई मतदाता सूची में युवाओं के नाम ज्यादा से ज्यादा जोड़े जाएं जिन युवाओं की आयु 18 साल हो चुकी है उनके नाम हर हाल में मतदाता सूची में जोड़े जाएं इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को तो जिम्मेदारी दी गई है इसके अलावा संबंधित क्षेत्र के पार्टी के मौजूदा विधायक पूर्व विधायक और पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को भी निर्देशित किया गया है कि वह ज्यादा से ज्यादा नए युवाओं के नाम जोड़े ।

# राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही कांग्रेस पार्टी: भजनलाल शर्मा

### मतदाता गहन पुन निरीक्षण कार्यक्रम राजस्थान के उज्जवल भविष्य की नींव रखेगा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की शुरूआत राजस्थान सहित 12 राज्यों में की जा रही है। यह विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण हमारे राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सर्वे नहीं है बल्कि राज्य की सुरक्षा, समृद्धि और पारदर्शिता की दिशा में उठाया गया एक ठोस कदम है। शर्मा सोमवार को दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में आयोजित प्रदेश






स्तरीय मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हमारा राज्य विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस विकास यात्रा को और मजबूत बनाने के लिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे प्रदेश में रहने वाले हर व्यक्ति हमारे राज्य का हो, भारत देश का ही हो। इस सर्वे के माध्यम से देश में रहने वाले मूल निवासियों की जानकारी मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सर्वे से प्रदेश में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सटीक और पारदर्शी रिकॉर्ड मिलेगा। साथ ही, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थी को मिल सकेगा। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी। शर्मा ने कहा कि इस अभियान के तहत चुनाव आयोग द्वारा बीएलओ स्वयं घर-घर जाकर फॉर्म के माध्यम से वोटर की सामान्य जानकारी लेंगे। मतदाता को आवश्यक दस्तावेजों की सूची में से कोई एक दस्तावेज इस फॉर्म के साथ उपलब्ध कराना है, ताकि इस पुनरीक्षण अभियान में उनका नाम जुड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में यह अभियान बेहद सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। वहां लाखों लोगों ने इस प्रक्रिया में हिस्सा लिया। अब प्रदेश भी राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी दल इस जनहित के अभियान का विरोध कर रहे हैं। ये लोग बाहरी घुसपैठियों को यहां बसाना चाहते हैं ताकि उनका वोट बैंक मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अवैध निवासियों को संरक्षण देना चाहती है तथा राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही है। सच तो यह है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को राजस्थान की सुरक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। इन्हें तो बस तुष्टिकरण की राजनीति करनी है और राजस्थान की पवित्र धरती पर बाहरी तत्वों को बसाकर अपना वोट बैंक मजबूत करना है। लेकिन राजस्थान की जागरूक जनता इनके झूठे प्रचार में कभी नहीं आएगी। मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान में पूरा सहयोग करें। किसी के बहकावे में ना आये और अपने सभी दस्तावेज पूर्ण रखें। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी पहल है, जिससे हम राजस्थान को सुरक्षित, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण निभा सकेंगे। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, अशोक परनामी, सांसद और केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, दिल्ली से एडवोकेट संकेत गुप्ता मौजूद रहे।

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
4 नवम्बर, 2025

## विद्यार्थियों ने ली तंबाकू मुक्त रहने की शपथ



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)** तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत जिले के सरकारी विद्यालयों में एक लाख से अधिक विद्यार्थियों ने तंबाकू का सेवन न करने की शपथ ली यह अभियान जिला कलेक्टर किशोर कुमार के निर्देश और सीएमएचओ डॉ. अरविंद गेट के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। डॉ. गेट ने बताया कि यह पहल युवाओं को नशे से दूर रखकर स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है विद्यालयों में शिक्षकों व स्वास्थ्यकर्मियों ने विद्यार्थियों को तंबाकू के दुष्प्रभावों और इससे होने वाले रोगों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने न केवल स्वयं तंबाकू मुक्त रहने का संकल्प लिया, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

## वर्तमान समय मे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ खतरे में - नागपाल शर्मा

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)।** पत्रकारिता-लोकतंत्र का चौथा स्तंभ-आज खुद अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। सच लिखने और जनता की आवाज़ उठाने वाली कलम अब भय, धमकी और दमन के साये में है। यह पेशा अब सेवा नहीं, बल्कि संघर्ष बन गया है बीते कुछ वर्षों में देशभर में पत्रकारों पर जानलेवा हमलों, झूठे मुकदमों और उत्पीड़न के मामलों में तेज़ी आई है। सच उजागर करने वाले पत्रकारों को या तो ख़ामोश कर दिया गया या जेल की सलाखों में डाल दिया गया। मणिपुर, त्रिपुरा, केरल से लेकर राजस्थान, उत्तराखंड तक-हर राज्य में पत्रकारिता पर कुठाराघात की घटनाएँ लोकतंत्र के माथे पर कलंक हैं मीडिया पर बढ़ता दबाव और आलोचना करने वालों पर कार्रवाई, एक अनौपचारिक आपातकाल की याद दिलाती है महिला पत्रकारों की स्थिति और भी दयनीय है ऑनलाइन उत्पीड़न, धमकियाँ और सामाजिक बदनामी अब उनका रोज़ का हिस्सा हैं। गौरी लंकेश जैसी निडर आवाज़ों की शहादत अब चेतावनी बन चुकी है कि सच कहना आज सबसे बड़ा अपराध है जरूरत है कि पत्रकार एकजुट हों और जनता उनकी इस लड़ाई में साथ दे। क्योंकि जब कलम टूटती है, तो सिर्फ़ पत्रकार नहीं मरता लोकतंत्र की आत्मा घायल होती है।

## नेता प्रतिपक्ष जूली ने की अलवर सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की मांग

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सोमवार को अलवर जिले के भिवाड़ी मेगा हाईवे पर 01 नवंबर की शाम को हुई भीषण सड़क दुर्घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है, जिसमें एक ही परिवार के चार सदस्यों- दंपती, पुत्र एवं भतीजी की दर्दनाक मृत्यु हो गई। जूली ने कहा कि यह अत्यंत दु:खद और संवेदनशील घटना है, जिसने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। मृतक परिवार सामान्य आर्थिक स्थिति से संबंधित था और उनके निधन से परिवार के शेष सदस्यों के सामने जीवनयापन का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि मानवीय आधार पर मृतकों के परिजनों को प्रत्येक मृतक के लिए 10 लाख रुपए तथा घायलों के लिए 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की जाए। जूली ने कहा कि बीते दिनों जैसलमेर में हुई बस दुर्घटना में भी मृतकों के परिजनों को सहायता राशि प्रदान की गई थी। अतः अलवर हादसे के पीड़ित परिवारों को भी समान आधार पर राहत प्रदान करना न्यायोचित होगा। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मृत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** उप मंडल प्रमुख नरेश कुमार के मुख्य आतिथ्य में पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा सिलाई का 31 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।
उप मंडल प्रमुख नरेश कुमार गढ़वाल ने प्रशिक्षणार्थियों को बैंकिंग सम्बन्धी जानकारी दी और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व रोजगार से जोड़ने के लिए विस्तारपूर्वक जानकारी दी एवं सभी महिलाओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। संस्था निदेशक जे.पी मीणा ने बताया कि अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए हमारी संस्था विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करती है। संकाय सदस्य जयप्रकाश सिंघल ने महिलाओं को स्वरोजगार कर अपनी आजीविका को ओर बेहतर बनाने के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्रशिक्षक संतोष कुमावत और समस्त आरसेटी स्टाफ मौजूद रहा।

## एक अपील

जयपुर टाइम्स




**अलवर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अलवर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) 2026 के तहत 4 नवंबर से बीएलओ घर-घर पहुंचकर गणना प्रपत्र भराए जाने के कार्य में जिलेवासियों से सहयोग करने की अपील की।

# हादसों से भी सबक नहीं ले रहा शिक्षा विभाग

### खण्डर व जर्जर भवनों में चल रहे हैं निजी विद्यालय

### बेसमेंट में चल रही है कक्षाएं

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** राज्य भर में निजी विद्यालयों में लगातार हो रहे हादसों के बाद भी शिक्षा विभाग सबक नहीं ले रहा है। लगातार होते हादसों के कारण शिक्षा विभाग पर सवाल खड़े हो रहे हैं आखिर लापरवाही बरतने वाले निजी विद्यालयों पर अभी तक कार्यवाही क्यों नहीं की गई या जहां कार्यवाही करने की बात कही जा रही है उन विद्यालयों की मान्यता समाप्त क्यों नहीं की गई अलवर जिले में अनेक ऐसे विद्यालय संचालित हो रहे हैं जो शिक्षा विभाग के नियमों के विपरित संचालित हो रहे हैं। जिले में ऐसे अनेक शिक्षण संस्थान संचालित है जो बिलकुल खण्डर व छतिग्रस्त भवनों में संचालित है जिनमें कभी भी हादसे हो सकते हैं। विभागीय नियमों के विपरित बेसमेंट में कक्षाओं का संचालन कर रहे हैं। ऐसे अनेक विद्यालय संचालित है जो विभागीय मान्यता से अधिक कक्षाओं का संचालन, बिना अनुमति व मान्यता के स्थान परिवर्तन कर रखा है। लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों की नाक के नीचे नियमों की धता बताकर विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। जानकारों सूत्रों के अनुसार आरटीई का मोटा लाभ लेने के लिए पुराने विद्यालय जो बंद हो चुके थे उनका संचालन पुनः किया जा रहा है जिसमें विभाग से परमिशन तक नहीं ली जा रही। विभागीय अधिकारियों की जानकारी होने के बावजूद भी ऐसे विद्यालयों पर विभाग कार्यवाही करने से बच रहा है।

### *आखिर कब तक आँख मूंदकर बैठा रहेगा प्रशासन*

सबसे बड़ी बात है कि प्रशासन को इस बारे में सब जानकारी होने के बावजूद भी आंखे मूंदकर बैठा हुआ है आखिर कार्रवाई के नाम पर क्या कोई मिलीभगत का खेल चल रहा है यह तो भविष्य के गर्भ में है अब देखना है कि आखिर कब इन पर प्रशासन और शिक्षा विभाग एक्शन मोड़ में आकर कार्रवाई करते है।

### *बिना विभागीय मान्यता के चल रही है निजी विद्यालय*

*जिले में अनेक विद्यालय बिना विभागीय मान्यता के संचालित हो रही है। पंचायत स्तर पर पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी इन विद्यालयों की मॉनिटरिंग करते हैं लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत से बिना मान्यता के विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। जिसके कारण इन निजी विद्यालयों के हौसले बुलंद हैं यह विद्यालय मान्यता से अधिक कक्षाओं का संचालन अन्य विद्यालय से अटैच कर चला रहे हैं। वहीं आधा दर्जन विद्यालयों ने बिना विभागीय मान्यता के अपना स्थान परिवर्तन कर लिया है परन्तु आज तक इन विद्यालयों के खिलाफ शिक्षा विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई।*

### *मोटी फीस सुविधाओं के नाम पर जीरों, आरटीई की राशि में कर रहे हैं हेराफेरी*

*वहीं कुछ निजी विद्यालयों द्वारा आरटीई का पैसा लेने के लिए विद्यालय की फीस में अप्रत्याशित रूप से बढ़ोतरी कर ली है। इन विद्यालयों के द्वारा आरटीई का लाभ लेने के लिए अपनी फीस में बढ़ोतरी कर ली गई है। जबकि हकीकत यह है कि इन विद्यालयों द्वारा नॉन आरटीई में अध्ययनरत बालक-बालिकाओं से कम शुल्क लिया जा रहा है। परन्तु सत्यापन के नाम पर खानापूर्ति होने के कारण इन निजी विद्यालयों को पकड़ना मुश्किल हो गया है। वहीं इनके द्वारा अप्रत्याशित रूप से फीस बढ़ोतरी के बाद भी बच्चों को सुविधा देने के नाम पर जीरों है। कुछ विद्यालयों में तो बच्चो को बैठने के लिए ना तो पर्याप्त रूप से जगह है ना ही फर्नीचर उपलब्ध है। एक-दो विद्यालय में तो हालात ये हैं कि बच्चों को छतिग्रस्त कमरों व पशुओं से भरे चारे के कमरों में बैठाया जा रहा है।*

### *बाल वाहिनी के जगह निजी वाहन व टेंपों का कर रहे हैं उपयोग*

*पूरे जिले में सैकड़ों निजी विद्यालय बाल वाहिनी के जगह निजी वाहनों का उपयोग बच्चों को लाने ले जाने के लिए कर रहे हैं। हालात तो यह है कि इन वाहनों में क्षमता से ज्यादा बच्चे भरकर अंधाधुंध वाहन चलाते चालक मिल जाएंगे। बच्चों की सुरक्षा के लिए ना तो इन वाहनों में कैमरे लगे हुए और ना ही अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक सहायता बॉक्स सहित अन्य सुरक्षा के उपकरण लगे हुए हैं। बाल वाहिनी चालक तेज गति से तथा मोबाइल का उपयोग करते हुए वाहनों को चलाते हैं जिससे आये दिन दुर्घटना होती रहती है। बाल वाहिनियों में स्पीड गवर्नर नहीं लगा रखा है।*

## डब्लूटीएम-2025 लंदन में राजस्थान प्रतिनिधिमंडल में शामिल, एम.जी.बी. होटल्स अलवर के डायरेक्टर मनीष भाटिया कर रहे हैं राज्य का प्रतिनिधित्व




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** विश्व के सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पर्यटन एवं यात्रा व्यापार मेले वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट (डब्लूटीएम-लंदन 2025) का शुभारंभ सोमवार को लंदन में हुआ। इस वर्ष आयोजन की थीम 'परंपरा और नवाचार का संगम' निर्धारित की गई है। राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतिनिधिमंडल में राज्य के प्रमुख होटल एवं पर्यटन उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि शामिल हैं। इनमें एम.जी.बी. होटल्स, अलवर के डायरेक्टर मनीष भाटिया भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं और राज्य के पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस अवसर पर भाटिया ने कहा कि 'डब्लूटीएम-लंदन' जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर राजस्थान की सांस्कृतिक समृद्धि, लोककला और पारंपरिक आतिथ्य को प्रस्तुत करना गर्व का विषय है। यह आयोजन राज्य के होटल और पर्यटन क्षेत्र के लिए वैश्विक स्तर पर नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस आयोजन में फैडरेशन ऑफ हॉस्पिटेलिटी एण्ड टूरिज्म ऑफ राजस्थान ( ट्रा) की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। संस्था के प्रतिनिधि, राजस्थान पर्यटन विभाग के साथ मिलकर, राज्य के आतिथ्य उद्योग को विश्व स्तर पर सशक्त पहचान दिलाने में सक्रिय हैं। यह तीन दिवसीय आयोजन 4 से 6 नवम्बर 2025 तक लंदन में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 180 से अधिक देशों के पर्यटन विशेषज्ञ, होटल उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि और नीति निर्माता भाग ले रहे हैं। राजस्थान पर्यटन विभाग के स्टॉल पर राज्य की समृद्ध पर पराएं, लोककला, हस्तशिल्प और निवेश की संभावनाओं को आकर्षक रूप में प्रदर्शित किया जा रहा है।

### दवा भंडार कक्ष का किया उद्घाटन

## सांसद व विधायक द्वारा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं खेलों के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम किए गए - यादव

जयपुर टाइम्स




**बहरोड़(निसं.)।** पंचायत समिति बहरोड के ग्राम भीटेडा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पंचायत समिति बहरोड प्रधान कोटे से 6 लाख रुपए की लागत में निर्मित दवा भंडार कक्ष का उद्घाटन सरोज बस्तीराम यादव प्रधान पंचायत समिति बहरोड ने किया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मोहित यादव अध्यक्ष जिला क्रिकेट संघ अलवर ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यवक्ता भाजपा नेता बस्तीराम यादव एडवोकेट ने कहा कि सांसद भूपेंद्र यादव एवं विधायक डॉ जसवंत सिंह यादव द्वारा क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा, सड़क एवं खेलो के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम किए हैं। तथा पंचायत समिति प्रधान कोटे से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा भंडार कक्ष का प्रधान द्वारा निर्माण करवाए जाने पर प्रधान का आभार व्यक्त किया तथा प्रधान द्वारा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में प्रधान कोटे से विकास कार्य करवा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया है। इस पर ग्रामवासियों ने तालियां बजाकर हार्दिक स्वागत कर आभार जताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ मोहित यादव ने अस्पताल के भामाशाहों बनवारी लाल यादव, बलबीर सिंह यादव, दिलीप सिंह यादव का साफा और माला पहनाकर सम्मान, स्वागत किया। और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और चिकित्सा सुविधाओं को पूरा करने की बात कही तथा आने वाले बजट में पीएचसी को ष्ट॥ष्ट में क्रमोन्नत करवाने की कोशिश की बात कही। इस अबसर पर सरपंच सोताज सिंह यादव, सरपंच वेद कृष्णा, पार्षद रोहतास, पंचायत समिति सदस्य सुनील यादव, रामनरेश यादव, अनिल वोहरा, सुभाष यादव, पंचायत समिति सदस्य रहे सुरेंद्र यादव, नवरत्न सरपंच, उदय सिंह सरपंच, सुनील यादव, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ कमलेश यादव, चिकित्सा अधिकारी आरती यादव, नर्सिंग अधिकारी राजवीर यादव, कृष्ण यादव पूर्व सरपंच, रविंद्र यादव धर्मवीर यादव, मनीष यादव, ईश्वर गुर्जर, सहित सैकड़ो गणमान्य लोग एवं ग्रामवासी तथा महिलाएं उपस्थित थे।

## देव दीपावली पर जगमगाएंगे मंदिर

### श्री जगन्नाथ व गोविंद देव मंदिर में होगा भव्य दीपोत्सव

जयपुर टाइम्स



**राजगढ़(निसं.)** देव दीपावली के पावन अवसर पर कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर और गोविंद देव मंदिर में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्तिक मास में एक माह तक चली धार्मिक साधना और भक्ति के इस मास का समापन वैकुंठ चतुर्दशी के दिन विधि-विधान से होगा श्री जगन्नाथ मंदिर के महंत पूर्णदास पंडित मदन मोहन शास्त्री ने बताया कि प्रातः मंगला आरती के साथ दीपों का महोत्सव आरंभ होगा। सैकड़ों दीपों से मंदिर परिसर को सजाया जाएगा इस अवसर पर राधा दामोदर जी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। घंटे-घड़ियालों की मधुर ध्वनि और मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालु व महिलाएं परिक्रमा कर भगवान की आराधना करेंगी महंत ने बताया कि मंदिर में छप्पन भोग की भव्य झांकी सजाई जाएगी, जिसमें भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा देवी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। वहीं गोविंद देव मंदिर में भी दीपदान, भजन-संकीर्तन और आरती का आयोजन होगा। शाम को आरती के बाद भक्तों द्वारा दीपदान किया जाएगा, जिससे पूरा मंदिर परिसर आलोकित हो उठेगा वैकुंठ चतुर्दशी का यह पर्व हरि (विष्णु) और हर (शिव) के मिलन का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन बैकुंठ के द्वार भक्तों के लिए खुले रहते हैं। इसी कारण इसे देव दीपावली कहा जाता है और यह दिन दान-पुण्य के लिए अत्यंत शुभ माना गया है राजगढ़ के मंदिरों में होने वाले इस दीपोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। नगरवासी और आस-पास के ग्रामीण श्रद्धालु भी भगवान के दर्शन और दीपदान के लिए मंदिरों में पहुंचेंगे पूरा वातावरण भक्ति और प्रकाश से ओत-प्रोत रहेगा।

## वनस्पति तेल आपूर्ति श्रृंखला पर संवाद एवं परामर्श कार्यक्रम का सफल आयोजन




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारत में वनस्पति तेल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सततता को सशक्त करने के उद्देश्य से 'वनस्पति तेल आपूर्ति श्रृंखला के हितधारकों के साथ संवाद एवं परामर्श' विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा, जयपुर में किया गया। यह आयोजन सॉलिडेरिडाड रीजनल एक्सपर्टीज सेंटर और स्टार सोसायटी, जयपुर द्वारा, आईसीएआर-भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान भरतपुर तथा कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर-जयपुर के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में शोधकर्ताओं, नीति निर्माताओं, उद्योग प्रतिनिधियों, विस्तार अधिकारियों और कृषकों ने भाग लेकर भारत में वनस्पति तेल की आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़, आत्मनिर्भर एवं सतत बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह चौहान (कुलपति, एसकेएनएयू, जोबनेर) ने कहा कि भारत अपनी वनस्पति तेल की 60' जरूरत आयात से पूरी करता है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में चुनौती है। उन्होंने जैविक तिलहन उत्पादन, ग्राम स्तर पर प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना और 'वोकल फॉर लोकल' दृष्टिकोण को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. आर. के. माथुर, डॉ. वी. वी. सिंह, डॉ. मेघेन्द्र शर्मा, डॉ. एन. के. गुप्ता, डॉ. हरफूल सिंह, डॉ. अशोक शर्मा, हेमांशु बेदा और पूर्वा सहित कई वैज्ञानिक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। डॉ. गुप्ता ने संस्थान की 150 उच्च उत्पादक फसल किस्मों का उल्लेख करते हुए तिलहन फसलों की उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ाने पर जोर दिया। डॉ. माथुर ने एफपीओ की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सामूहिकता किसानों की शक्ति है। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों ने उत्पादकता, विपणन और सतत कृषि को लेकर सुझाव साझा किए। समापन सत्र में पूर्वा ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगी संस्थानों का आभार व्यक्त किया, जबकि डॉ. अशोक शर्मा ने संचालन किया।

## कार्तिक मास में व्रत करने वाले के स्पर्श वाला व्यक्ति भी नर्क की यातनाओं से मुक्त हो जाता है - आचार्य अवस्थी

### कार्तिक महात्म की कथा का हुआ समापन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** त्रिपोलेश्वर शिव शक्ति सेवा समिति की ओर से पांच दिवसीय कार्तिक महात्म की कथा में सोमवार को चौथे दिन आचार्य दीपक अवस्थी ने बताया कि कार्तिक मास में व्रत करने वाले व्रती का स्पर्श करने वाला व्यक्ति भी नर्क की यातनाओं से मुक्त हो जाता है। आचार्य ने कहा कि ये सारे नियमों का पालन करने का अवसर परमात्मा ने हम भारतवर्ष में रहने वाले सनातनियों को ही दिया है। ऐसे में धन्य है हमारा भारत वर्ष जहाँ परमात्मा अपनी लीला करने के लिए किसी ना किसी रूप में आते रहते हैं। कभी राम, कभी कृष्ण, कभी परशुराम, कभी वामन, कभी कच्छप, कभी वराह और कभी भगवान मत्स्य अवतार लेकर भगवान हमारे भारत वर्ष की महिमा बढ़ाते है। इस संसार में ऐसा दूसरा और कोई देश नहीं है जिसके नाम के साथ माता का संबोधन लगा हो। वह जीव भी धन्य है जिसको भारतवर्ष में मनुष्य बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इसी के साथ चार दिवसीय कथा का समापन हुआ। महंत जितेन्द्र खेड़ापति ने बताया कि कथा समाप्ति पर व्यास विदाई की गई। मंगलवार को 10 बजे हवन और सुबह 11 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## शर्मा ने किया हिमाचल वुलन मार्केट का शुभारम्भ



**चूरू:** स्थानीय पुरानी सड़क स्थित बड़ौदा बैंक के सामने सोमवार को हिमाचल वुलन मार्केट का उद्घाटन मुख्य अतिथि इंजी. सुरेश शर्मा ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हिदायत खां थे। इस दौरान अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर मार्केंट का विधिवत् शुभारम्भ किया। संचालक अशोक राजपूत ने बताया कि हमारे यहां ग्राहकों की डिमांड के अनुसार लेड़ीज, जेन्टस एवं बच्चों के सभी प्रकार के गर्म कपड़े उचित दर पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि यहां जाकेट, शॉल, कोट, स्वेटर, कैप सहित सभी प्रकार के उच्च क्वालिटी के गर्म कपड़े मिलते हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि इंजी. सुरेश शर्मा ने कहा कि ग्राहकों से मृदुल व्यवहार व उच्च गुणवत्ता युक्त सामान ही उस प्रतिष्ठान की पहचान को दर्शाता है। इस अवसर पर सचिन राजपूत, विजय, बुसरा, रवीना, अनु, अशोक श्रीमोर, बोवी, प्रमोद सहित स्टाफ सदस्य व शहर के गणमान्यजन उपस्थित थे।

## दो पक्षों में खूनी संघर्ष और फायरिंग: एक की मौत, इलाके में तनाव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के भरतपुर जिले के पहाड़ी इलाके के बडोली गांव में दो पक्षों के बीच सोमवार को आपस में हुए खूनी संघर्ष और फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत हो गई दोनों ही पक्षों के लोग घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है सूचना मिलने के बाद इलाके के सभी बड़े पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं गांव में इस घटना के बाद तनाव के हालात बने हुए हैं जिसे देखते हुए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है । खबर लिखे जाने तक स्थिति नियंत्रण में थी लेकिन तनाव का माहौल बना हुआ था पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बडोली गांव में ग्यासी गुर्जर और तुलसी सैनी के बीच के बीच पिछले कुछ महीनो से आपस में किसी बात को लेकर जोरदार टकराव के हालात बने हुए थे दोनों के बीच गहरे मतभेद चल रहे थे जिसकी वजह से पहले भी दोनों के बीच कई बार कहा सुनी हुई सोमवार को फिर से दोनों पक्षों के बीच आपस में कहा सुनी हो गई थोड़ी देर तक दोनों पक्षों के सदस्यों के बीच आपस में बहस होती रही बातचीत के दौरान मामला गाली गलौज और आपस में झड़प तक पहुंच गया इसी दौरान दोनों पक्षों के सदस्यों ने एक दूसरे पर हथियारों से हमला बोला और फायर भी किए गए जिसमें चंदन सैनी नामक व्यक्ति की मौत हो गई है कुछ लोग घायल भी हुए हैं घ्र पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया है पुलिस हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर रही है इसके अलावा मृतक व्यक्ति के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है ।

## मतोड़ा सड़क हादसा : प्रत्येक मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपए का मुआवजा

### परिवार में तीन जनों की मौत पर 25 लाख रुपए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** फलोदी मतोड़ा मार्ग पर रविवार की देर शाम हुए भीषण सड़क हादसे में जोधपुर के सूरसागर स्थित नेनची बाग के रहने वाले 15 लोगों की मौत के बाद सोमवार शहर के एम्स और महात्मा गांधी चिकित्सालय की मोर्चरी में शवों को कार्रवाई के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। इधर राज्य सरकार ने परिवार में तीन जनों की मौत पर 25 लाख रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की है तथा प्रत्येक मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने का ऐलान किया है तथा घायलों को दो दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है यह घोषणा राजस्थान सरकार के मंत्री मदन दिलावर ने की है जानकारी के अनुसार रविवार की रात में लाशों को जोधपुर के एम्स और एमजी हॉस्पिटल में ले जाने के बाद मृतकों के परिजन रिश्तेदार और माली समाज के लोग अस्पतालों में मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए थे और राज्य सरकार से उचित मुआवजा की मांग कर रहे थे सोमवार की सुबह लोगों का धरना जारी रहा बाद में राजस्थान सरकार के मंत्री मदन दिलावर धरना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने धरने पर बैठे लोगों से बातचीत की और बातचीत के बाद में राज्य सरकार की ओर से मुआवजे का ऐलान किया मृतकों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं सूरसागर के नेनची बाग में रविवार रात से ही सन्नाटा और मातम पसरा रहा सोमवार को सुबह जब मृतक के घर पर डेथ बॉडी पहुंची तो वहां पर परिजनों और रिश्तेदारों में चीख पुकार मच गई पूरे मोहल्ले में रोना और क्रंदन सुनाई दिया बाद में घरों के बाहर ही पार्थिक शव को सजाया गया और फिर अंतिम संस्कार कर दिया गया इस हादसे में दिशा, सज्जन कंवर, लता, टीना, उर्मिला, मीना, दिव्या, मधु, प्रणव और गाड़ी का चालक पाल बालाजी, रुद्राक्ष, सानिया, खुश, रामेश्वरी, गीता की मौत हुई घायलों में तारा, गुंजन, फुलवंती शामिल है

## केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने दिखाई मानवता, घायल युवक को खुद रुककर एम्बुलेंस से पहुंचवाया अस्पताल

**जयपुर/रूपनगढ़/किशनगढ़** केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने सोमवार को मानवता और संवेदनशीलता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। जयपुर से रूपनगढ़ में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए जाते समय रास्ते में नरैना थाना क्षेत्र के मोरड़ी खुर्द चौराहा के पास एक सड़क दुर्घटना में घायल युवक को देखकर उन्होंने बिना देर किए अपना काफिला रुकवा दिया। मंत्री चौधरी ने मौके पर उतरकर घायल युवक की स्थिति का जायजा लिया और तुरंत एम्बुलेंस बुलवाकर उसे नजदीकी अस्पताल भेजा। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल प्रशासन को फोन कर घायल के उचित उपचार की



व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री स्वयं तब तक मौके पर रुके रहे जब तक एम्बुलेंस रवाना नहीं हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने मंत्री को बताया कि इस स्थान पर पूर्व में भी कई हादसे हो चुके हैं क्योंकि चौराहे पर स्पीड ब्रेकर नहीं बने हैं। इस पर केंद्रीय मंत्री ने मौके पर ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ह्य्रद्ब) के अधिकारियों से बात कर निर्देश दिए कि अगले ही दिन इस स्थान पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण अनिवार्य रूप से कराया जाए, ताकि भविष्य में कोई जनहानि न हो। मंत्री चौधरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आम नागरिकों की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 'समय पर सहायता और सतर्कता से किसी की जान बचाई जा सकती है।' उनकी इस तत्परता और मानवीय पहल की ग्रामीणों व राहगीरों ने सराहना करते हुए कहा कि ऐसा उदाहरण बहुत कम देखने को मिलता है, जब कोई केंद्रीय मंत्री स्वयं रुककर किसी घायल व्यक्ति की मदद करे।

# अंता में प्रमोद जैन भाया के समर्थन में डोटासरा और सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भी संभाला मोर्चा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** आगामी 11 नवंबर को प्रदेश के अंतर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के प्रचार प्रसार के लिए राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा ने भी मोर्चा संभाल लिया है कई दिनों से यहां चर्चा हो रही थी कि कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता नहीं आ रहे हैं जबकि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा ,राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ और स्थानीय सांसद दुष्यंत सिंह सहित कई बड़े नेता यहां प्रचार कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी में अशोक चांदना ही यहां पर चुनाव प्रचार करते हुए और चुनाव प्रबंधन का काम करते हुए दिख रहे हैं इसलिए मीडिया कर्मियों में भी



लगातार चर्चा हो रही थी कि आखिर प्रमोद जैन भाया को कांग्रेस पार्टी ने चुनाव प्रचार में अकेला क्यों छोड़ दिया अब राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के लिए तैयार हैं इसके अलावा राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा भी यहां प्रचार के लिए पूरी तरह से तैयार हैंपत्रकारों से बातचीत के



दौरान गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति को टिकट दिया जिसका खामियाजा यहां की जनता को भुगतना पड़ा अब यहां की जनता फिर से गलती नहीं करेगी क्योंकि प्रमोद जैन भाया ने यहां पर हर जाति और बिरादरी के कल्याण और विकास के लिए व्यापक पैमाने पर सामाजिक सरोकार के कार्य किए हैं पानी के लिए यहां लंबी लड़ाई लड़ी है इसके अलावा क्षेत्र में व्यापक तौर पर उन्होंने विकास कार्य करवाए हैं इसलिए उपचुनाव में कांग्रेस की जीत निश्चितहै डोटासरा ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में बताया कि यहां त्रिकोणीय मुकाबला नहीं है कांग्रेस और भाजपा के बीच ही मुकाबला है और कांग्रेस यहां जीतेगी अब यह तो आने वाला समय बताया कि कांग्रेस यहां से चुनाव जीतेगी या नहीं लेकिन इतना जरूर है कि अब तक चुनाव प्रचार में कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं ने यहां दिलचस्पी नहीं दिखाई लेकिन अब गोविंद सिंह डोटासरा और सुखजिंदर सिंह रंधावा के यहां प्रचार करने से कांग्रेस पार्टी के प्रचार को जरूर गति मिलेगी इसके अलावा यहां कांग्रेस पार्टी के कई अन्य बड़े नेताओं के भी आने की बात कहीं जा रही है फिलहाल भारतीय जनता पार्टी यहां जातिगत समीकरणों को साधने में चतुराई से अपने चुनावी मैनेजमेंट को अंजाम दे रही है अलग-अलग जातियों के भाजपा के बड़े नेताओं को उन्हीं की बिरादरी के मतदाताओं के बीच प्रचार प्रसार के लिए भेजा जा रहा है जिस तरह से पिछले दो-तीन दिन तक डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा ने यहां अनुसूचित जाति बहुल इलाकों में पार्टी प्रत्याशी सोनपाल सुमन का प्रचार किया उन्होंने भजनलाल सरकार के कार्यों का बखान किया और डबल इंजन की सरकार होने के फायदे भी बताएं और प्रदेश सरकार की ओर से दलित अनुसूचित जाति और वंचित वर्ग के लिए जो कल्याणकारी योजनाएं सरकार की ओर से संचालित की जा रही है उनका हवाला देकर यह बताने का प्रयास किया कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दलित, गरीब ,मजदूर, किसान सबका विकास करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही और भाजपा के रणनीतिकार अपने मजबूत चुनावी प्रबंधन के दम पर यहां अपने प्रत्याशी की जीत को पक्का मान रहे हैं ।

## *स्पीकर वासुदेव देवनानी की पत्नी का निधन, आज अजमेर में होगा दाह संस्कार*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की धर्मपत्नी इंदिरा देवी का सोमवार को निधन हो गया पिछले कुछ दिनों से इंदिरा देवी का जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में इलाज चल रहा था डॉक्टरों की एक स्पेशल टीम उनका इलाज कर रही थी लेकिन आखिरकार इंदिरा देवी अपनी जिंदगी की जंग सोमवार को हार गई । राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ,उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा ,राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य जोराराम कुमावत, सुमित गोदारा, जवाहर सिंह क ,विश्नोई गजेंद्र सिंह खींवसर ,कन्हैयालाल चौधरी सहित कई अन्य मंत्रियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरी संवेदना प्रकट की है राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राज, `पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट, नेवी इंदिरा देवी के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है जानकारी के अनुसार इंदिरा देवी की पार्थिव देह को सोमवार की रात जयपुरस्थित वासुदेव देवनानी के सरकारी आवास पर लाया जा रहा है और यहां से मंगलवार की सुबह इंदिरा देवी की पार्थिक देह को अजमेर लाया जाएगा जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा



उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले इंदिरा देवी जयपुर स्थित सरकारी आवास पर गिरने की वजह से बेहोश हो गई थी जिन्हें तुरंत उपचार के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल में लाया गया जहां डॉक्टरों की एक स्पेशल टीम की निगरानी में उनका उपचार शुरू हुआ इस दौरान इस बात पर भी मंथन किया गया कि जरूरी हुआ तो इंदिरा देवी को दिल्ली के एम्स में भी इलाज के लिए ले जाया जाएगा इंदिरा देवी के अस्पताल में एडमिट होने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर सहित राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य अस्पताल में पहुंचे थे और डॉक्टर से लगातार इंदिरा देवी के उपचार के बारे में अपडेट भी लेते रहे लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद इंदिरा देवी का इलाज के दौरान निधन हो गया ।

## कांस्टेबल ने खुद को गोली मारी, तीन बहनों में इकलौता भाई था

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बूंदी शहर में प्रधान डाकघर में ग्रामीण विकास अधिकारी पद की परीक्षा में ड्यूटी पर नियुक्त कांस्टेबल ने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली इस घटना के बाद बूंदी शहर पुलिस में सनसनी फैल गई सूचना मिलने के बाद पुलिस के सभी बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना करके मामले की जांच शुरू की गई मृतक के परिजनों को भी सूचना दी गई मृतक किशन लाल शर्मा जयपुर के निकट दूदू के धोदिया गांव का रहने वाला था वर्ष 2021 में उसका कांस्टेबल पद पर सिलेक्शन हुआ था और तीन बहनों में इकलौता भाई था दो बहनों की शादी हो चुकी है और किशन लाल की कुछ महीने पहले सगाई हुई थी उसकी शादी भी जल्दी ही होने वाली थी घर पर शादी की तैयारी में परिजन लेकिन किन कारण की वजह से किशन लाल ने मौत को गले लगाया यह अब जांच का विषय बना हुआ है जानकारी के अनुसार बूंदी के प्रधान डाकघर में ग्रामीण विकास अधिकारी परीक्षा के मध्य नजर किशन लाल ड्यूटी पर तैनात था कांस्टेबल यूनुस उसे अपनी सर्विस रिवॉल्वर संभलकर कक्ष से बाहर आया इतने में ही भर्ती परीक्षा के पेपर लेकर गाड़ी मौके पर पहुंची तभी कमरे के अंदर से तेज धमाके की आवाज आने के बाद अन्य पुलिसकर्मी कमरे के अंदर गए तो वहां पर किशनलाल लघु लुहान अवस्था में जमीन पर पड़ा हुआ मिला जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया मौका अलामत बयां कर रहे




हैं कि यह मामला आत्महत्या का हो सकता है लेकिन पुलिस इस बात की भी जांच पड़ताल कर रही है कि कहीं गलती से सर्विस रिवाल्वर का बटन दब तो नहीं गया पुलिस इस प्रकरण की अलग-अलग एंगल से जांच कर रही है लेकिन आत्महत्या की संभावना यहां ज्यादा बताई जा रही है इसलिए मृतक के मोबाइल कॉल सर्विस रिकॉर्ड इत्यादि की जांच की जा रही है मृतक कहीं ड्यूटी की वजह से मानसिक रूप से परेशान तो नहीं था या फिर विभागीय अधिकारियों के व्यवहार से उसे कहीं कोई परेशानी तो नहीं हो रही थी जिसकी वजह से वह मानसिक अवसाद में चला गया इन सब विषय पर पुलिस की जानकारी है इस मामले में मृतक के परिजनों के बयान भी लिए जा रहे हैं क्योंकि मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं थी हालांकि उसकी दोनों बहनों की शादी हो चुकी थी और उसकी छोटी बहन की शादी की बात भी चल रही थी इसके अलावा मृतक की खुद की शादी भी कुछ महीनो के बाद होने वाली थी मृतक की सगाई मालपुरा में हाल ही में हुई थी।

## साबरमती एक्सप्रेस में आर्मी के जवान की चाकू से गोदकर हत्या, यात्रियों में मची चीख पुकार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बीकानेर जिले में लूणकरणसर और बीकानेर के बीच साबरमती एक्सप्रेस में सफर कर रहे आर्मी के जवान की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई स्लीपर कोच में हुई इस हत्या की घटना को अपनी आंखों से देखकर कोच में सवार अन्य यात्रियों में दहशत छा गई यात्री जोर-जोर से चिल्लाने लगे ट्रेन की फर्श पर पड़े लहू लुहान जवान की सहायता के लिए यात्री





जोर-जोर से चिल्लाते रहे लेकिन ट्रेन के चालक को यात्रियों की आवाज सुनाई नहीं दी बाद में बीकानेर यार्ड पर जब घायल जवान को लाया गया इसके थोड़ी देर बाद ही जवान की मौत हो गई मृतक जवान जिगर कुमार है जो गुजरात का रहने वाला है जानकारी के अनुसार आर्मी का जवान जिगर कुमार फिरोजाबाद से साबरमती एक्सप्रेस में सवार हुआ था लूणकरणसर रेलवे स्टेशन से जैसे ही यह ट्रेन रवाना हुई थोड़ी देर बाद बैठने की व्यवस्था को लेकर जिगर कुमार की ट्रेन अटेंडेंट से कहा सुनी होने की बात सामने आई है इसके बाद आपस में जोरदार बहस भी हुई है फिर जिगर कुमार पर चाकू से हमले भी किए गए हैं जिसकी वजह से वह बुरी तरह से ट्रेन में ही घायल होकर फर्श पर गिर गया था इस मामले में पुलिस ने तीन-चार अटेंडेंस को हिरासत में लिया है पूछताछ की जा रही है मिलिट्री के बड़े अधिकारी भी इस मामले में काफी गंभीर हैं पुलिस तेजी से अपनी जांच प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है आरोपी लोगों की पहचान की जा रही है लेकिन यात्रियों के बीच हुई जवान कि इस हत्या की घटना ने ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं जब ट्रेन में ही मिलिट्री के जवान की ही सरेआम इस तरह से हत्या कर दी जाती है तो फिर एक साधारण यात्री ट्रेन में कैसे खुद को सुरक्षित महसूस कर सकता है यह एक बड़ा सवाल है।

## पुलिस की प्रमोशन दौड़ में हेड कांस्टेबल की मौत, केशव विद्यापीठ के छात्र की खेलने के दौरान हुई मौत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के निकट कैसा विद्यापीठ जामडोली में पढ़ने वाले 14 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई मृतक छात्र पीयूष शर्मा है जो विद्यालय में हैंडबॉल खेल रहा था हैंडबॉल खेलने के दौरान ही वह पोल से टकरा गया जिसकी वजह से घायल हो गया उसे तुरंत अस्पताल में पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गई पुलिस अब इस मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है पुलिस ने स्कूल प्रशासन से जुड़े लोगों से भी पूछताछ करेगी इसके अलावा ग्राउंड में खेल रहे अन्य छात्रों से भी पुलिस पूछताछ करेगी । फिलहाल पियूष के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है इस हादसे के बाद मृतक छात्रा के परिजनों में शोक छा गया स्कूल प्रशासन से जुड़े लोग और स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों में भी शोक की लहर छा गई एक कन्या हादसे में प्रदेश के उदयपुर में सहायक उप निरीक्षक के प्रमोशन के लिए आयोजित



की गई दौड़ में हेड कांस्टेबल जबर सिंह दौड़ने के दौरान ही अचानक बेहोश हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया जहां उनकी मौत हो गई जबर सिंह उदयपुर के झाड़ोल पुलिस स्टेशन में तैनात थे उनकी नियुक्ति वर्ष 2011 में राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल पद पर हुई थी अब सहायक उप निरीक्षक पद के लिए आयोजित की गई दौड़में वह हिस्सा ले रहे थे लेकिन उनकी अब सहायक उप निरीक्षक बनने की तमन्ना अधूरी रह गई ।

## पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत का राजसमंद दौरा- सामूहिक विवाह में नवयुगलों को दिया आशीर्वाद, डेयरी सेक्टर पर बोले मंत्री

**राजसमंद** राजस्थान सरकार के पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत रविवार को राजसमंद जिले के दौरे पर रहे। मंत्री कुमावत ने कुमावत विकास समाज सेवा समिति एवं कुमावत समाज रूण पछौर चौकी संस्थान द्वारा आयोजित द्वितीय तुलसी विवाह एवं सामूहिक विवाह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। स्वास्तिक सिनेमा के पास, स्टेशन



रोड, कांकरोली में हुए इस भव्य आयोजन में समाज के अनेक गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों की संख्या में आमजन उपस्थित रहे। मंत्री कुमावत ने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसे सामूहिक विवाह समाज में एकता, सहयोग और आर्थिक संतुलन के प्रतीक हैं। उन्होंने नवदम्पतियों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की। इसके बाद मंत्री कुमावत नाथद्वारा पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय गोशाला का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गोसेवा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार गोशालाओं के प्रबंधन और पशुधन संरक्षण को लेकर पूर्णतः प्रतिबद्ध है। सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में मंत्री कुमावत ने कहा कि राजस्थान में डेयरी सेक्टर को रोजगार का प्रमुख साधन बनाने के लिए राज्य सरकार नए दूध संग्रह केंद्र और बूथ समितियाँ खोल रही है। इससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि डेयरी क्षेत्र में तकनीकी उन्नयन हेतु प्रगतिशील पशुपालकों को डेनमार्क भ्रमण पर भी भेजा गया है, ताकि वहां की तकनीक अपनाई जा स क ।

# सही लोगों के मतदाता सूची में नाम जोड़े जाएंगे, प्रवासी लोगों को हटवाएंगे: मदन राठौड़

## बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की होगी पहचान : बालमुकुंद आचार्य

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ का सोमवार को जयपुर में एस. आई.आर. पर आयोजित कार्यशाला में भाषण होने वाला था लेकिन हरमाड़ा इलाके में भीषण सड़क हादसा होने के बाद इस कार्यशाला को स्थगित कर दिया गया जिसकी वजह से मदन राठौड़ और कई अन्य नेताओं के इस कार्यशाला में भाषण नहीं हो पाए इस बीच पत्रकारों से बातचीत के दौरान मदन राठौड़ ने कहा कि मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य स्वागत



योग्य है इस कार्य में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और नेता चुनाव आयोग का पूरा सहयोग करेंगे भाजपा चाहती है कि हर योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में हो और ऐसे प्रवासी लोग जो



दो जगह पर वोट डालते हैं या फिर जिन्होंने गलत जानकारियां प्रस्तुत करके सरकारी दस्तावेज और मतदाता सूची में नाम अंकित करवाया है उनके नाम मतदाता सूची से हटवाने के लिए भी भाजपा संकल्पित है उन्होंने कहा कि बिहार में मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य को वहां की जनता ने स्वीकार किया है और वहां चुनाव आयोग कि इस पहल का सभी ने स्वागत किया है इसलिए राजस्थान में भी मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य में भाजपा पूरी ईमानदारी से चुनाव आयोग का सहयोग करेगी इसके लिए भाजपा के राज्य जिला मंडल बूथ के कार्यकर्ताओं को भी मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य पर फोकस रखना को कहा गया है उन्होंने कहा कि जो लोग चुनाव आयोग के इस कार्य का विरोध कर रहे हैं उन्हें इस बात का डर है कि फर्जी वोट के सहारे वह अपनी जीत का रास्ता तय करते थे लेकिन अब उन्हें चिंता सता रही है कि फर्जी मतदाताओं के नाम कटने से उनकी जमीन खिसक जाएगी इसलिए वे लोग मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य का विरोध कर रहे हैं उन्होंने कहा कि देश के कई राज्यों में राजनेताओं के संरक्षण की वजह से फर्जी दस्तावेजों के आधार परकई घुसपैठियों और संदिग्ध लोगों के नाम बड़ी संख्या मतदाता सूची में दर्ज हैं इस तरह की व्यापक स्तर पर शिकायतें मिलने और शिकायतों के सत्यापन के बाद चुनाव आयोग पूरे देश में मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य शुरू करेगा फिलहाल राजस्थान और कई अन्य राज्यों में यह कार्य शुरू हो गया है उन्होंने कहा कि लंबे समय से राजस्थान में मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य संपादित नहीं किया गया था इसलिए यहां भी बड़ी संख्या में लोगों ने दो-दो जगह पर मतदाता सूची में नाम अंकित करवाया हुआ है जिन्हें अब हटाया जाएगा और हर योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल करवाया जाएगा जयपुर की हवा महल विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक बालमुकुंद आचार्य ने भी कहा है कि जयपुर में भी कई इलाकों में बड़ी संख्या में संदिग्ध लोगों के नाम मतदाता सूची में अंकित है उनकी जांच पड़ताल करके उन्हें हटाया जाएगा पूरे जयपुर में रोहिंग्या और बांग्लादेश से अवैध रूप से आए आकर यहां बसने वाले लोगों के सरकारी दस्तावेजों की भी जांच पड़ताल होगी घ्उल्लेखनीय है कि बालमुकुंद आचार्य पहले भी कई बार जयपुर में विभिन्न कच्ची बस्तियों में जाकर संदिग्ध रूप से बसे लोगों के दस्तावेजों की जांच पड़ताल कर चुके हैं आचार्य का कहना है कि जयपुर में बड़ी संख्या में राजनेताओं के संरक्षण की वजह से संदिग्ध लोगों ने गलत तरीके से सरकारी कागज बना लिए और सरकारी योजनाओं का फायदा उठा रहे हैं जबकि इन लोगों का राजस्थान और भारत से कोई लेना-देना नहीं है लेकिन इसके बावजूद गलत दस्तावेज बनाकर यहां सरकारी सुविधाओं का फायदा उठा रहे हैं अब ऐसे लोगों की पहचान किए जाने की बात बोल मुकद्दर आचार्य कह रहेहैं

# वोटबैंक के दायरे से बाहर निकलें मुस्लिम



*वर्षों से मुस्लिम समुदाय की दुर्दशा के लिए भिन्न सरकारों को दोषी ठहराया जाता रहा, लेकिन सच्चाई यह है कि मुस्लिम नेताओं की अक्षमता ने ही यह स्थिति पैदा की। उनकी अक्षमता ने समुदाय के सामने कई चुनौतियां खड़ी कर दीं। ऐसे समय में जब समुदाय को एक संतुलित राजनीतिक समझ की आवश्यकता थी, तब इन राजनीतिक नेताओं ने उन्हें खोखले आंदोलनों के लिए उकसाया। आज जब चुनाव आते हैं तब मुस्लिम इलाकों में अलग व्यग्रता दिखती है। यह एक प्रतीकात्मक संकेत है कि गलती कहां हुई है। नेताओं की गलत अगुआई में उन्हें यह समझ नहीं आ पाया कि राजनीति में हिस्सा लेने का मतलब है देश की राजनीतिक प्रक्रिया में पूरा योगदान देना। मात्र व्यग्रता को दर्शाने से काम नहीं बनता, बल्कि पूरे समाज को राष्ट्र निर्माण से जुड़े काम में अपने को लगाना पड़ता है। आज मुस्लिम समाज में सबसे ज्यादा जरूरत है ऐसे शिक्षा संस्थानों को स्थापित करने की, जो कि पंथनिरपेक्ष हों।*

हार में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है, जिसके नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। इसी के तहत महागठबंधन ने राजद के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को गठबंधन का मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया है। विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) के संस्थापक मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाया गया है। सहनी समुदाय बिहार की आबादी का लगभग 2.5 प्रतिशत है। इसकी तुलना में बिहार में आज मुस्लिम समुदाय 18 प्रतिशत है, जिनमें से अधिकांश महागठबंधन के मतदाता हैं। लालू यादव का राजनीतिक आधार हमेशा से मुस्लिम और यादव रहा, लेकिन जब उपमुख्यमंत्री के नाम की घोषणा की बात आई तो राजद, कांग्रेस एवं उनके सहयोगियों ने किसी मुस्लिम को अपना उम्मीदवार नहीं चुना, क्योंकि उन्हें पता था कि वे किसी भी हाल में मुस्लिम वोट तो हासिल कर ही लेंगे। मुसलमान देश में कई चुनावी क्षेत्रों पर अच्छा प्रभाव डालने की स्थिति में हैं, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में होने के बाद भी वे आज राजनीति में हाशिये पर खड़े दिखते हैं। वे चाहें तो देश की राजनीति में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। व्यक्तिगत रूप से कुछ मुसलमानों ने समाज की इस खालीपन का फायदा उठाया और वे स्वयं के लिए कुछ बड़े राजनीतिक पदों को हासिल करने में कामयाब भी रहे, लेकिन समाज को इसका कभी कोई लाभ नहीं पहुंचा। वर्षों से मुस्लिम समुदाय की दुर्दशा के लिए भिन्न सरकारों को दोषी ठहराया जाता रहा, लेकिन सच्चाई यह है कि मुस्लिम नेताओं की अक्षमता ने ही यह स्थिति पैदा की। उनकी अक्षमता ने समुदाय के सामने कई चुनौतियां खड़ी कर दीं। ऐसे समय में जब समुदाय को एक संतुलित राजनीतिक समझ की आवश्यकता थी, तब इन राजनीतिक नेताओं ने उन्हें खोखले आंदोलनों के लिए उकसाया। आज जब चुनाव आते हैं तब मुस्लिम इलाकों में अलग व्यग्रता दिखती है। यह एक प्रतीकात्मक संकेत है कि गलती कहां हुई है। नेताओं की गलत अगुआई में उन्हें यह समझ नहीं आ पाया कि राजनीति में हिस्सा लेने का मतलब है देश की राजनीतिक प्रक्रिया में पूरा योगदान देना। मात्र व्यग्रता को दर्शाने से काम नहीं बनता, बल्कि पूरे समाज को राष्ट्र निर्माण से जुड़े काम में अपने को लगाना पड़ता है। आज मुस्लिम समाज में सबसे ज्यादा जरूरत है ऐसे शिक्षा संस्थानों को स्थापित करने की, जो कि पंथनिरपेक्ष हों। पिछले 150 वर्षों में मुसलमानों ने कई शिक्षा संस्थानों की स्थापना की, लेकिन इनमें से ज्यादातर संस्थानों ने समाज में संकीर्ण दृष्टिकोण को बढ़ावा देने का ही काम किया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी और जापान ने अपने नजरिए में बहुत बड़ा परिवर्तन किया। उनके नेतृत्व को यह समझ आ चुका था कि वरिष्ठता की लड़ाई में वे सबकुछ खो देंगे। इन देशों के नेतृत्व ने अपने नागरिकों की ऊर्जा को शिक्षा की तरफ केंद्रित किया, न कि किसी को हराने-जिताने की तरफ। उसका परिणाम यह निकला कि आज से मात्र 60 वर्ष पहले जिन्हें देख कर लगता था कि वे कभी खड़े भी नहीं हो पाएंगे, आज टेक्नोलाजी के मामले में शक्तिशाली देश माने जाते हैं। यह देखना दुखद है कि देश में आज मुस्लिम समुदाय का वोट सिर्फ जीत या हार तक सीमित रह गया है। जब वे वोट देने जाते हैं तो उनका एजेंडा सिर्फ किसी पार्टी या उसके उम्मीदवार को हराना या जिताना होता है। उस समय शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी सुविधाएं और राष्ट्र निर्माण जैसे मुद्दे उनके लिए पीछे छूट जाते हैं। नतीजा बेरोजगारी और अपने बच्चों को अच्छी जगह पढ़ाने की चुनौती के रूप में सामने आता है। आज किसी भी मुस्लिम बहुल इलाके में एक भी अच्छा अस्पताल, स्कूल या कालेज नहीं देखने को मिलता। इस सोच का बखूबी फायदा कुछ राजनीतिक दलों को मिलता है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी सुंदरता यही है कि उसमें एक पक्ष जीतने वाला होता है और दूसरा हारने वाला, पर यह जीत और हार सिर्फ चुनाव तक रहनी चाहिए। एक बार एक पक्ष जीत जाए तो सबको साथ मिल कर देशहित में काम करना चाहिए। निरंतर विरोध करने से उसका दुष्प्रभाव अपने ही जीवन पर पड़ता है। आज मुस्लिम समाज को सच्चर समिति जैसी किसी रिपोर्ट की जरूरत नहीं, बल्कि अपने अंदर एक जागरूकता पैदा करने की जरूरत है। उनकी बदहाली की जिम्मेदार सरकारें नहीं, बल्कि वे नेता हैं जिन्होंने उन्हें वैचारिक रसातल में धकेल दिया और उन्हें सिर्फ वोटबैंक बनाकर छोड़ दिया है। आज मुस्लिम समुदाय को उस तरह के नेतृत्व की जरूरत है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी और जापान को मिला, न कि उस तरह के नेतृत्व की, जो अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए उनका शोषण करे। अगर हम इन नेताओं के घरों पर नजर डालें तो पाएंगे कि उनके बच्चे बेहतरीन स्कूलों और कालेजों में पढ़ रहे हैं और बाद में अच्छी नौकरियां और व्यवसाय हासिल कर रहे हैं।

सम्पादकीय

## कृपया धीरे बोलें! आगे बच्चे का मन है।



बी एल सहारण

राजस्थान के सुदूर अंचल में देहात का एक नामी-गिरामी निजी स्कूल। प्रथम कक्षा की एक साढे पांच वर्षीय बच्ची राधिका जिसका एडमिशन दस दिन पहले इस स्कूल में उसके चाचा करवा कर गये हैं। राधिका ने हिंदी वर्णमाला के पहले पांच अक्षर बहुत जल्दी सीख लिए हैं। अब उसे दूसरी पंक्ति का पहला वर्ण सीखना था। उसने ब्लेक-बोर्ड देखकर वो अक्षर लिखा और शाबाशी लेने गुरुजी के पास गई। अक्षर में कुछ कसर थी। गुरुजी ने पहले थप्पड़ मारा फिर बताया कि यह अक्षर कुछ गलत लिखा गया है। राधिका अपने स्थान पर जाकर बैठ गई। उसने दुबारा वह छठा अक्षर लिखने की कोशिश नहीं की। गुरुजी राधिका के पास आए और जोर से चिल्लाए! आगे की लाइन लिख। बोर्ड पर लिखे हुए हैं देखकर तो लिख! इस चिल्लाहट ने राधिका को और अधिक डरा दिया। ज्यो ही उसने अगला अक्षर लिखने की शुरुआत की, गलत होने के भय से हाथ रोक लिया। गुरुजी तमतमाए। दो-तीन थप्पड़ ओर मारे। राधिका के मन में इतना डर बैठ गया कि वह छठा अक्षर उसके लिए पहाड़ बन गया। उसने मन में यह मान लिया कि यह छठा अक्षर उसके लिए सीखना असंभव है। पिटाई को उसने अपनी नियति मान लिया और स्कूल का अर्थ उसने डर मान लिया। बच्चों का मन कोमल भावों की बुनावट होता है। बैरंग कागज। जिस पर रंग की रेखाएं अभी कच्ची हैं। राधिका के उदाहरण से यह स्पष्ट है कि मारने पीटने या डराने-धमकाने के घातक परिणाम बच्चों के मन पर पड़ सकते हैं। सबसे पहले तो बच्चे की आत्म-छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और स्वयं को गलत या कमतर समझने लगेगा जिससे व्यक्तित्व निर्माण पर गलत प्रभाव पड़ेंगे। डर, चिंता, आवेगशीलता और आक्रमकता जैसे नकारात्मक भाव बाल मन में बसते जाएंगे। अभिभावक या शिक्षक के साथ बच्चे का सिक्योर अटैचमेंट होता है। डराने-धमकाने वाले व्यवहार से बच्चे का भरोसा धीरे धीरे कम होगा और सिक्योर अटैचमेंट घटता जाएगा। बच्चे की सीखने क्षमता घटेगी और बच्चा शर्म आधारित व्यवहार करने लग जाएगा। डर बच्चे को आज्ञाकारक जरूर बना देगा आत्म अनुशासन का भाव बच्चा कभी सीख नहीं पाएगा। भय और हिंसा सदैव तनाव-हार्मोन पैदा करते हैं। हार्मोन एक प्रकार से शरीर की डाक सेवा है। ये हार्मोन ऊर्जा के स्तर, मूड और शरीर की वृद्धि निर्धारित करते हैं। ये हार्मोन आत्म नियामक क्षमता (खुद को समझाना) का विकास करते हैं जिससे विचार, भावनाओं और व्यवहार को परिस्थिति के अनुसार नियंत्रित किया जाता है। यह सेल्फ रेग्युलेशन एबिलिटी हार्मन-परिवर्तन में बिगाड़ के कारण होती है और इस हार्मोन-परिवर्तन में असंतुलन का मुख्य कारण भय और हिंसा है। अल्बर्ट बैंडुरा ने सामाजिक अधिगम सिद्धांत में स्पष्ट किया है कि बच्चे अन्य व्यक्तियों के व्यवहार को देख-सुनकर और अनुकरण करके सीखते हैं अतः डराने-धमकाने के बजाय शिक्षक या अभिभावक उनके आदर्श बनें। बी एफ स्किनर के ओपरेट कंडीशनिंग सिद्धांत में भी स्पष्ट है पुरस्कार या प्रशंसा द्वारा व्यवहार को नियंत्रित किया जा सकता है। जॉन बोल्बी के अटेचमैंट थ्योरी के अनुसार बालक और अभिभावक-शिक्षक के बीच एक भावात्मक संबंध स्थापित होता है जो उसके संपूर्ण व्यक्तित्व और सामाजिक व्यवहार की नींव है। किसी भी मनोविज्ञानी या शिक्षा शास्त्री ने भय और हिंसा या डराने धमकाने को शिक्षा या सीखने में उपयोगी नहीं माना है। अतः डराने धमकाने या भय का वातावरण बनाने की बजाय बच्चे के सामने सीमाएं (नियम) स्पष्ट रखें तथा तर्कसंगत परिणाम बताएं। बच्चे के व्यवहार पर नजर रखें तथा अच्छे व्यवहार पर तुरंत प्रशंसा या शाबाशी दें। बच्चे के सामने नैतिक स्पष्टीकरण रखें, क्यों गलत है यह बताएं। शिक्षक स्वस्थ मानसिकता रखें और किसी भी पूर्वाग्रहों से परिस्थिति का आकलन न करें। डराना धमकाना दूर की बात है, शिक्षक के छोटे छोटे नकारात्मक शब्द भी बच्चे के व्यवहार और व्यक्तित्व निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाते हैं, अतः ऐसे बच्चे के मन को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों-वाक्यों से परहेज करें। आयु वर्ग (6-12) में समझ अवश्य बढती है परंतु शर्म, सामाजिक भय और प्रतिशोधी व्यवहार विकसित होते हैं अतः प्राथमिक कक्षाओं में सबसे अधिक ट्रेंड टीचर्स की जरूरत होती है। अतः यह अवश्य ध्यान रखें कि अगर आपके बच्चे प्राइमरी कक्षाओं में पढ रहे हैं तो वहां ट्रेंड टीचर्स हैं या नहीं। चाहे आप अभिभावक हैं या शिक्षक, अपने और बच्चों के बीच कभी भी भय या हिंसा को पनपने न दें। अतः कृपया धीरे बोलें, आगे बाल मन है।


## आवश्यक है नए शहरों का निर्माण



बीते दिनों बेंगलुरु जाना हुआ। एयरपोर्ट से बाहर निकलते वक्त रात हो गई थी और यह वह समय होता है जब माना जाता है कि शहर में ट्रैफिक के चरम की स्थिति निकल चुकी होती है। इसके बावजूद शहर के एक प्रमुख केंद्र रिचमंड सर्कल तक पहुंचने में डेढ़ घंटे से अधिक का समय लग गया। सफर अपेक्षाकृत लंबा था तो इस दौरान ड्राइवर ने उन समस्याओं की ओर संकेत करना भी शुरू किया कि कैसे शहर से आइटी कंपनियां स्थानांतरित होने लगी हैं और अन्य इलाकों में नए कैंपस बनने शुरू हो गए हैं। अभी बहुत ज्यादा दिन नहीं हुए हैं जब कर्नाटक सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री और कारपोरेट जगत की एक दिग्गज के बीच शहर के लचर बुनियादी ढांचे को लेकर कहासुनी हुई थी। बेंगलुरु की कहानी दर्शाती है कि भारत का आइटी हब कहा जाने वाला यह शहर अपनी ही सफलताओं के बोझ तले दबा हुआ है। देश में आइटी उद्योग तेजी से फैल रहा है और कई राज्यों ने उद्यमियों को अपने यहां प्रतिष्ठान स्थापित करने के लिए लाल कालीन बिछाना शुरू कर दिया है। वैसे तो पूर्वी और उत्तर भारत के शहर आइटी प्रतिभाओं की खान हैं, लेकिन इन क्षेत्रों के शहर उद्यमियों की संभावना सूची में नहीं हैं। वहीं, उपलब्ध जानकारियों से यह भी सामने आ रहा है कि जोहो, एसएपी, पेपाल और एनवीडिया आदि के एक तिहाई से अधिक कर्मचारी टीयर 3 कालेजों से आते हैं। उद्यमियों को लुभाने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आइटी और डाटा केंद्रों सहित नौ औद्योगिक और वाणिज्यिक क्लस्टरों के लिए भूमि आवंटित करने की घोषणा की है, पर यह पर्याप्त नहीं। प्रौद्योगिकी-आधारित औद्योगिक और वाणिज्यिक केंद्र मानव संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करते हैं। इस समय जेन जी बहुत चर्चा में है। वर्ष 1997 से 2012 के बीच जन्मे लोगों की यह पीढ़ी भविष्य के लिए प्रतिभा पूल का एक महत्वपूर्ण स्रोत बनने जा रही है। यह पीढ़ी कामकाज के लिए ऐसा परिवेश चाहती है, जो लचीलेपन, मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर जोर देता हो। यह पीढ़ी कामकाजी जीवन और निजी जिंदगी में संतुलन को प्राथमिकता देती है और पिछली पीढ़ियों के पारंपरिक रुख-रवैये को खारिज करती है। इस पीढ़ी को एक जीवंत सामाजिक परिवेश पसंद है। बेंगलुरु और भारत के अन्य महानगर इस प्रकार का परिवेश प्रदान नहीं करते। वहां, प्रवासन अनिवार्य है। वैश्विक आइटी हब कही जाने वाली अमेरिका की सिलिकान वैली को देखें तो यह करीब एक दर्जन छोटे कस्बों-शहरों में फैली हुई है। प्रमुख वैश्विक आइटी दिग्गजों के मुख्यालय इन इलाकों में स्थित हैं। एपल क्यूपर्टिनो में, गूगल माउंट व्यू में, मेटा मेनलो पार्क में और सिस्को सैन जोस में। इनमें से कोई भी नगर दस लाख की जनसंख्या से अधिक का नहीं है। वहां किसी भी कामकाजी व्यक्ति के लिए अपने बच्चे को स्कूल से लेना और घर पर ही लंच का लुत्फ उठाना संभव है। आइटी हब का इकोसिस्टम ऐसे ही नहीं स्थापित होता। उसमें गहरे प्रतिभा पूल, विश्वविद्यालय-उद्योग के बीच मजबूत संबंध, सहायक बुनियादी ढांचा और जीवन, निवास और संपत्ति की सुरक्षा में विश्वास जैसे पहलू शामिल हैं। ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण भौतिक बुनियादी ढांचे से शुरू होता है। इसमें उत्तर प्रदेश की ही मिसाल लें तो राज्य की एक्सप्रेसवे निर्माण में सफलता प्रशंसनीय है। सभी एक्सप्रेसवे राज्य के महत्वपूर्ण शहरों से होकर गुजरते हैं, जहां कुछ प्रसिद्ध विश्वविद्यालय स्थित हैं। इसलिए, उन एक्सप्रेसवे के साथ 150 किमी के दायरे में भौतिक बुनियादी ढांचा विकसित करना समझदारी भरा है। इसमें यह ध्यान रखना होगा कि प्रस्तावित क्लस्टर मुख्य शहर के बहुत करीब नहीं होने चाहिए, ताकि वे एक समूह का हिस्सा न बन जाएं और प्रतिभा की अपेक्षाओं पर खरे न उतर सकें। एक नए क्लस्टर शहर निर्माण की रूपरेखा में औद्योगिक और वाणिज्यिक परिसरों और एक आवासीय टाउनशिप को शामिल करना चाहिए। एक आधुनिक टाउनशिप के निर्माण में धैर्यशील पूंजी, जोखिम उठाने की मानसिकता, शहर योजनाकारों, आधुनिक निविदाओं और सुगम शासन की आवश्यकता होती है। इस पैमाने पर सफलता को शहर के निर्माण की गति और गुणवत्ता से मापा जाना चाहिए। इसमें 'बिल्ड, आपरेट और ट्रांसफर' का सिद्धांत सबसे व्यावहारिक विकल्प है। इसके लिए लीज कम से कम 99 वर्षों के लिए होनी चाहिए और इसे आगे 99 वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है, ताकि पूंजी पर रिटर्न आकर्षक हो। निविदा के लिए आमंत्रण वैश्विक होना चाहिए। यह किसी से छिपा नहीं है कि भारतीय शहरों में भीड़भाड़ बढ़ रही है। शहरी नवीनीकरण और स्मार्ट सिटी कार्यक्रम का प्रभाव बहुत सीमित रहा है और जीवन की सुगमता में बमुश्किल ही कोई सुधार हुआ है। तमाम नए छोटे और मध्यम आकार के शहरों का निर्माण करके ही तेजी से बढ़ती शहरीकरण की चुनौती का सामना किया जा सकता है।

## जिन्ना का सैम मानेकशॉ के प्रति अनुरोध

**इतिहासकार ब्रायन लैपिंग ने एंड ऑफ एम्पायर (1985) में लिखा है, 'कुछ अधिकारियों को अपनी पसंद बताने के लिए एक फॉर्म मिला। हालांकि अधिकांश हिंदुओं और सिखों के पास कोई विकल्प नहीं था। वे पाकिस्तान नहीं जाने वाले थे। लेकिन मुसलमानों को यह विकल्प दिया गया था, क्योंकि उनके घर भारत में थेज भारत ने धर्मनिरपेक्ष देश होना चुना था, ऐसे में देश में धर्मनिरपेक्ष सेना की आवश्यकता थी। जो लोग भारत की धर्मनिरपेक्षता को लेकर आश्वस्त थे, उन्होंने भारत को चुना। ईसाई और पारसी सैनिकों के पास भी इसी तरह का विकल्प था।**



फील्ड मार्शल सैम होरमूज़जी फ़्रामजी जमशेदजी मानेकशॉ (1914-2008) भारतीय सैन्य इतिहास में सबसे प्रसिद्ध शख्सियतों में से एक हैं। सैम मानेकशॉ की जिंदगी पर बनी फिल्म 'सैम बहादुर' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। अपनी बहादुरी और कॉमेडी के लिए जाने जाने वाले मानेकशॉ का मिलिट्री करियर लगभग चार दशकों था। उस दौरान वह पांच युद्धों में शामिल हुए। द्वितीय विश्व युद्ध से लेकर पाकिस्तान के खिलाफ 1971 के युद्ध तक, उन्होंने भारतीय सेना को निर्णायक जीत दिलाई। हालांकि, यदि मानेकशॉ ने 1947 में पाकिस्तान को चुनने का फैसला लिया होता तो शायद इतिहास अलग होता। यहां हम उसी फैसले की कहानी जानेंगे: 1947 में भारत और पाकिस्तान के बीच सिर्फ जमीन का बंटवारा नहीं हुआ था, रेलवे से लेकर सरकारी खजाने तक, सिविल सेवाओं से लेकर सरकारी संपत्ति तक, कुर्सियों और मेजों तक, सब कुछ विभाजित हुआ था। 1947 में लगभग 400,000 सैनिकों वाली ब्रिटिश भारतीय सेना भी विभाजित हो गई। सेना की सभी संपत्तियों और स्वदेशी कर्मियों को दोनों देशों के बीच विभाजित कर दिया गया। भारत के हिस्से लगभग 260,000 सैनिक आए। बाकी पाकिस्तान के पास गए। 1947 की अन्य घटनाओं की तरह ही यह भी एक जटिल और हिंसक प्रक्रिया साबित हुई। सेना के यूनिट्स धार्मिक आधार पर बंट गए थे। सेना में शामिल सभी अधिकारियों के पास देश चुनने का विकल्प नहीं था। इतिहासकार ब्रायन लैपिंग ने एंड ऑफ एम्पायर (1985) में लिखा है, 'कुछ अधिकारियों को अपनी पसंद बताने के लिए एक फॉर्म मिला। हालांकि अधिकांश हिंदुओं और सिखों के पास कोई विकल्प नहीं था। वे पाकिस्तान नहीं जाने वाले थे। लेकिन मुसलमानों को यह विकल्प दिया गया था, क्योंकि उनके घर भारत में थेज भारत ने धर्मनिरपेक्ष देश होना चुना था, ऐसे में देश में धर्मनिरपेक्ष सेना की आवश्यकता थी। जो लोग भारत की धर्मनिरपेक्षता को लेकर आश्वस्त थे, उन्होंने भारत को चुना। ईसाई और पारसी सैनिकों के पास भी इसी तरह का विकल्प था।' सैम मानेकशॉ उस समय एक मेजर थे। वह अमृतसर में पैदा हुए एक पारसी थे। हालांकि उनका परिवार मूल रूप से बॉम्बे (अब मुंबई ) से था। शेरवुड कॉलेज में पढ़ने के लिए नैनीताल भेजे जाने से पहले उन्होंने अपना बचपन अमृतसर शहर में बिताया था। सैमा का कोर यूनिट 12वीं फ्रंटियर फोर्स रेजिमेंट था, जो बंटवारे में पाकिस्तानी सेना के हिस्से चला गया था। इस प्रकार मानेकशॉ के सामने एक विकल्प था। दरअसल, पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने खुद मानेकशॉ से पाकिस्तानी सेना में शामिल होने का अनुरोध किया था। हालांकि भारत के लिए यह अच्छा ही हुआ कि मानेकशॉ ने जिन्ना का ऑफर ठुकरा दिया। नाम से सैम बहादुर की जीवनी लिखी है। इस जीवनी में कर्नल तेजा सिंह औलख (तब एक मेजर) का एक बयान मिलता है। वह कहते हैं, 'जिन्ना का ऑफर स्वीकार कर लेने पर सैम मानेकशॉ की पाकिस्तानी सेना में तेजी से पदोन्नति होती, लेकिन उन्होंने भारत में रहना पसंद किया।' ब्रिटिश भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व के एक बड़े हिस्से में ब्रिटिश अधिकारी शामिल थे। इस प्रकार 1947 में भारत और पाकिस्तान दोनों की सेनाओं में शीर्ष पदों पर एक खालीपन था। पाकिस्तान के लिए परेशानी ज्यादा थी क्योंकि ब्रिटिश इंडियन आर्मी में ऑफिसर पद पर अंग्रेजों के अलावा सबसे अधिक हिंदू या सिख थे, जो भारत के हिस्से थे। नतीजतन, युवा पाकिस्तानी अधिकारियों की रैंक तेजी से बढ़ाई गई। आजाद भारत में मानेकशॉ को पहले थोड़े समय के लिए 16वीं पंजाब रेजिमेंट में ट्रांसफर किया गया। बाद में लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में 5वीं गोरखा राइफल्स में ट्रांसफर किया गया। हालांकि, वह गोरखा सैनिकों के साथ काम नहीं कर पाए, क्योंकि उन्हें 1947-48 के कश्मीर युद्ध के दौरान सेना मुख्यालय में जिम्मेदारी संभालनी थी। उन्हें मिलिट्री ऑपरेशन के

# भूणीं गॉव में हाथ से खूदाई कर पत्थर से बनी मूर्तिया है देश प्रदेश में प्रसिद्ध, नही मिल रहा कोई सरकारी प्रोहत्साहन

## कलाकारों की नगरी भुणी का जिले में अपनी अलग पहचान

जयपुर टाइम्स





**मारोठ(निस.)** नावां तहसिल की पहाड़ियों के बीच में बसे गांव भूणीं की आबादी लगभग 4000 है । इस गांव मे लगभग 100 परिवार का मूख्य व्यवसाय अपनी हस्तकला से पत्थर की मूर्तीयां बनाकर जीवन यापन करना है । मूर्ति लघू उघोग के हस्त कलाकारो ने बताया की हमारे पूर्वज लगभग 200 सालों से घट्टी (चाकी हाथ से चलाने वाली) बनाने का कार्य करते आये थे। तभी प्राचीन समय में इस गांव का नाम 'चाकी वाले गांव' नाम से जानते थे । यहां की बनी चाकिया आस पास के क्षेत्र मे प्रसिद्ध थी समय के बदलने के साथ साथ चाकियो का चलन व दौर खत्म हो गया और उनकी जगह बिजली से चलने वाली मोटरयूक्त चक्कियों का प्रचलन हो गया । वही दूसरी और पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी छिनी हथौड़े की परम्प्रागत कला से यहां के कलाकारो ने मूर्तियां बनाने का कार्य शूरू किया। यहां के कलाकारो ने अपनी मूर्ति कला के दम पर अपना एवं अपने गांव का नाम पूरे जिले ,राज्य ,देश में अपनी व अपने गांव को अलग से पहचान दी है । इस गांव के वाशिंदे सुबह से लेकर शाम तक छीनी हथौड़ी की आवाज और पत्थरों पर कुशलता से कारीगरी कर हाथ चलाकर भगवान की बेमिशाल प्रतिमाएं बनाने में लगे रहते हैं मांग के अनुसार हिन्दू देवी -देवताओं, साधू सन्तो , महापूरूषों व कई प्रकार कि मूर्तियां भी बनाते हैं यहां बनी मॉ काली व शिव परिवार की मूर्तियां सम्पूर्ण देश में विख्यात है । यहां के लगभग 30' वासिन्दो का मुख्य व्यवसाय हाथ से पत्थर से घडाई कर, पत्थरो को तराश कर मूर्तिया बनाना है । अधिकांश मूर्तिकार काले पत्थर व संगमरमर के सफेद पत्थरों पर मूर्तियों को तराशकर आकार देते हैं यहां के मूर्तिकार खरीदार की मांग पर पीले व अन्य रंग के पत्थरों को भी मूर्तियां बनाने में उपयोग लेते हैं । यहां के प्रसिद्ध मूर्तीकार गणेश कुमावत ,लक्ष्मण स्वामी , गिरधारी लाल स्वामी, कानाराम प्रजापत व ओमप्रकाश कुमावत किसी भी प्रकार की वैष्णव मूर्तियां , बस्ट , स्टैच्यू , नंदी किसी भी प्रकार की मूर्तिया बनाकर अपनी कला के दम पर उस मूर्ति में जान डाल देते हैं । इन कलाकारो द्वारा बनाई हूई मूर्तिया ईतनी हकिकत से जूडी व मार्मिक होती है कि एक नजर देखने पर आभासी मूर्ति न लगकर हकिकत स्वरूप प्रतित होती है जैन मूर्तिकारीता में दक्ष गणेश कुमावत, ईश्वर राम मेघवाल , लक्ष्मण राम स्वामी , बाबूलाल मेघवाल , प्रभूराम कुमावत , रामदेव कुमावत , चेतन कुमावत , हेमराज गुर्जर , शंकरपुरी , गणेश स्वामी , हनुमान कुमावत , बलाराम कुमावत , हरिप्रसाद स्वामी , बनवारी स्वामी , गिरधारी स्वामी , रामप्रसाद स्वामी मूर्तिकार जैन धर्म के दार्शनिकों की सभी प्रकार की मूर्तियां बनाने में दक्ष व माहिर है । इन सभी की बनाई हूई मूर्तिया अपनी कला के क्षेत्र मे लाजबाब है। भगवान शिव के प्रिय नन्दि कि मूर्तिया बनाने वालों में बाबूलाल मीणा , सोहनदास स्वामी , प्रकाश मेघवाल , कमल कुमावत , आशुतोष कुमावत ,मदन मेघवाल , ईश्वर मेघवाल , भुवानी मेघवाल , व कई कलाकार है जो मूख्यत केवल नंदी बनाने का ही कार्य करते हैं । चाहे मूर्ति का आकार कोई भी क्यू न हो ।ग्राम भूणीं के प्रसिद्ध मूर्तिकार गणेश कुमावत ने बताया कि हम हमारे ग्राहक कि मांग के अनुसार मूख्यतः सफेद संगमरमर (मकराना) , बिजोलिया (भीलवाड़ा) , काला पत्थर भैंसलाना ( कोटपूतली) लाल पत्थर (करौली) पीला पत्थर (जैसलमेर ) गुलाबी पत्थर पहाड़पुर से निकले पत्थरो से मागं के अनूसार मनचाहे देवी- देवता एवं महापूरूष की मूर्तिया बनाते है । गांव की हर गली हर मौहल्ले में बने कला केंद्रों में काली, शिव ,पार्वती, गणेश, कार्तिकेय ,नंदी ,शिवलिंग, दुर्गा ,भेरु ,सीताराम, हनुमान, राधा कृष्ण ,लक्ष्मी ,सरस्वती, तिरुपति बालाजी ,परशुराम, महावीर जी , काली माता व शहीद स्वंतत्रता सेनानी , महापुरुषों की मूर्तियों के रूप हूबहू बनाने मे यहां के कलाकार अपने आप मे दक्ष व निपूर्ण है7 संपूर्ण राजस्थान , महाराष्ट्र , मध्य प्रदेश , गुजरात , कर्नाटक , उत्तर प्रदेश , उड़ीसा , असम , दिल्ली व भारत की लगभग कई हिस्सों में इनकी बनी हुई मूर्तियां भेजी जाती है ।

## सरस्वती मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन व शिलान्यास समारोह सम्पन्न



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ(निस.)।** लक्ष्मणगढ़ उपखंड के पालड़ी गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को सरस्वती माता मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भामाशाह रामवतार गोवला द्वारा मंदिर निर्माण करवाया जा रहा है। कार्यक्रम में मीरण धाम के मुक्तिनाथ महाराज,शिव गोरक्ष धाम रोरू बड़ी के कमलनाथ महाराज ,उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुल्तान सिंह ओला, पंचायत समिति सदस्य राजेश खांखल सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक, विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य ओला ने विद्यालय में टिन शेड के नीचे इंटरलॉक लगवाने, शौचालय निर्माण एवं भवन की छत रिपेयरिंग जैसी आवश्यक सुविधाओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। इस पर उप जिला प्रमुख सहित ग्रामवासियों ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। समारोह का समापन पंचायत समिति सदस्य राजेश खांखल द्वारा अतिथियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

## श्रध्दांजलि सभा का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू गुढा/टीटनवाड़(निस.)।,** स्थानीय गोयनका परिवार की मुखिया श्रीमती गीता बाई गोयनका के निधन पर गोयनका गेस्ट हाउस में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध उद्योगपति, समाजसेवी एवं भामाशाह स्व. दुलीचंद जी गोयनका की धर्मपत्नी श्रीमती गीता बाई गोयनका का 30 अक्टूबर को हैदराबाद में निधन हो गया। गोयनका परिवार की जन्मस्थली टीटनवाड़ में ग्रामवासियों द्वारा श्रद्धांजलि सभा रखी गई जिसमें सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर पुण्य आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित की। राजस्थान, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र को अपनी कर्मस्थली बनाकर हजारों परिवारों के आजीविका का आधार बनकर सैकड़ों असहाय और जरुरतमंद परिवारों के सहायक बने हुए हैं। अनेकों गरीब परिवार की लड़कियों का कन्यादान करने का सौभाग्य भी प्राप्त कर रहे हैं। शिक्षा , स्वास्थ्य,प्रकृति संवर्धन,के अनेक कार्यक्रम प्रदेशभर संचालित है।उनके पुत्र कैलाश जी,नरेश जी,हरीश जी, राजीव जी इस अवसर पर गुढ़ागौड़ सुमन अस्पताल के संचालक डॉ संदीप चौधरी, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश महला,दुर्गादत्त शर्मा, भवानी सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रणजीत सिंह, रामसिंह शेखावत, अशोक अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, दिनेश केडिया पविण केडिया,कर्ण सिंह, मातादीन जांगिड़, सुबराती कुरैशी, कानसिंह, पृथ्वी सिंह श्रीपाल सिंह, जयपुर टाइम्स ब्यूरो चीफ अरविन्द केडिया आदि उपस्थिति में गांव के सैकड़ों गण मान्य लोग मौजूद रहे।

## सीए बनने पर मिताली चांडक का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ की मिताली चांडक पौत्री किशन चांडक, पुत्री रामकुमार चांडक ने जारी हुए सीए के परिणाम में सफलता हासिल की। मिताली के सीए बनने पर समाज व परिवार के लोगों ने घर जाकर मिताली और उसके परिवार जनों को बधाई दी। किराणा मर्चेण्ट एसोसियेशन के अध्यक्ष पवन माहेश्वरी, श्रीराम बिहानी, रामावतार चांडक, एड प्रियांशु लड़ा, लोकेश चांडक, कौशल चांडक, योगेश चांडक आदि ने मिताली को मिठाई खिलाई और उज्जवल भविष्य की कामना की। इसी प्रकार शहर के उत्कर्ष चोटिया ने भी सीएम की परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में जयपुर जिले में 56.91 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूर्ण

### 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक बीएलओ घर-घर जाकर भरवाएंगे परिगणना प्रपत्र

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कास.)।**भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्ङ्खर-2026) की घोषणा की गई है। इस कार्यक्रम के तहत 4 नवम्बर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से परिगणना प्रपत्र भरवाने का कार्य किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे परिगणना प्रपत्र भरने में बी.एल.ओ. का सहयोग करें तथा पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी यथासंभव उपलब्ध कराएं, ताकि उनकी मैपिंग पूर्ववर्ती मतदाता सूची से की जा सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जयपुर जिले में अब तक 56.91 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूर्ण की जा चुकी है। परिगणना अवधि के दौरान जिन मतदाताओं की मैपिंग पूर्व विशेष पुनरीक्षण से हो जाएगी, उन्हें किसी अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू एवं सफल बनाने में सहभागी बनें।

## दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों हेतु सहायक उपकरणों का आंकलन शिविर 14 नवंबर को नवलगढ़ में

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं (निस.)।**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सीएसआर योजनान्तर्गत पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया के सहयोग से जिले में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु पंचायत समितिवार आंकलन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 14 नवम्बर को पंचायत समिति नवलगढ़ में सुबह 9:30 बजे से सायं 4 बजे तक आंकलन शिविर आयोजित किया जाएगा । नवलगढ़ ब्लॉक के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जयकरण सिंह बुडानिया ने बताया कि शिविर में एलिम्को टीम द्वारा पात्र लाभार्थियों का चिन्हीकरण कर सहायक उपकरणों की अनुशंसा की जाएगी। इस दौरान दो प्रमुख योजनाओं राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना के अंतर्गत उपकरणों के लिए लाभार्थियों का आंकलन किया जाएगा। राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों को आवश्यकतानुसार व्हीलचेयर, वॉकर, वाकिंग स्टिक, कमर एवं हाथ-पैर पट्टे, बेल्ट, चश्मा, कृत्रिम दांत, श्रवण यंत्र, कमोड युक्त व्हीलचेयर आदि उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे। वहीं, एडिप योजना के तहत 60 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल (बैटरी संचालित), सीपी चेयर, स्मार्टफोन, सेंसर युक्त स्मार्ट केन (छड़ी) तथा श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु चिन्हित किया जाएगा। शिविर में भाग लेने वाले वृद्धजन को आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र अथवा पेंशन प्रमाण पत्र तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लानी होगी। वहीं दिव्यांगजन को यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र अथवा पेंशन प्रमाण पत्र एवं दो फोटो लाना आवश्यक रहेगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने नवलगढ़ ब्लॉक के सभी पात्र दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

## क्रिकेट में हरमनप्रीत-दीप्ति बनने की राह पर राजस्थान की बेटियां, झुंझुनूं की ये खिलाड़ी मनवा रही हैं अपना लोहा

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस.)** जिले में भी बेटियां क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। कोई अपनी तेज गेंदों से सामने वाली टीम के विकेट चटखा रही है तो कोई बल्लेबाजी से गेदों को सीमा के बाहर भेज रही है। वे हरमनप्रीत, दीप्ति, शैफाली व मंधाना बनना चाह रही है। निशा खेतड़ी के पथाना गांव की रहने वाली है। पिता कृष्ण कुमार ने निशा को क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित किया। निशा ने झुंझुनूं से खेलते हुए राजस्थान की अंडर 23 टीम में जगह बनाई। निशा ओपनर बल्लेबाज के रूप में टीम में खेलती है। भूमिका मांदरी गांव की रहने वाली है। पिता मनोज ने ही भूमिका को शुरुआती क्रिकेट खिलाया। भूमिका ने राजस्थान की अंडर-19 महिला टीम में अपनी अच्छी तेज गेंदबाजी की बदौलत जगह बनाई है। सीनियर प्रतियोगिता में भूमिका ने एक मैच में चार रन देकर 6 विकेट लेकर सभी का ध्यान खींचा था। जिले की गुढ़ागौड़जी की रहने वाली बबीता मीणा को सबसे पहले पिता नेमीचंद मीणा ने क्रिकेट घर पर ही सिखाया। फिर जिला क्रिकेट अकादमी में प्रवेश दिलाया। उसके बाद बबीता ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। बबीता मीणा राजस्थान की अंडर-19 व सीनियर महिला टीम में जगह बना चुकी। बबीता ने राजस्थान अंडर-19 व सीनियर महिला टीम की लगातार 5 साल तक कप्तानी की और अपने अच्छे ऑलराउंड खेल की बदौलत भारतीय सेंट्रल जोन की टीम में भी जगह बनाई थी। झुंझुनू के रहने वाली कंचन हुडा करीब 6 फीट लबाई वाली तेज गेंदबाज हैं। गेंदबाजी के साथ-साथ एक अच्छी बल्लेबाज भी है। अपने ऑलराउंड खेल से राजस्थान की अंडर 23 टीम में जगह बनाई और वर्तमान में भी अंडर 23 टीम का जो कैंप जयपुर में चल रहा है उसमें शामिल है। सीनियर महिला टीम में भी 20 खिलाड़ियों में शामिल है । फौजी पिता सुभाष चंद्र बेटी को हमेशा प्रेरित करते रहते हैं। हैप्पी कुमारी कुमावास गांव की रहने वाली है। हैप्पी लड़कों के विकेट चटकाकर व उनको बोल्ड कर सबसे पहले चर्चा में आई थी। पिता राजेश खींचड़, मां उजेश ने हैप्पी की क्रिकेट प्रतिभा को पहचाना। हैप्पी का 2024 का सेशन सपने जैसा रहा जिसमें उसने अपने शानदार ऑलराउंड खेल से पहले राजस्थान टीम में जगह बनाई और राजस्थान अंडर-19 की कप्तान भी बनी। वर्तमान में अंडर-19 राजस्थान टीम की कप्तानी करते हुए टीम को नॉकआउट में पहुंचाया । इस साल हैप्पी को वूमेंस प्रीमियर लीग के लिए भी 4 फ्रेंचाइजी ने ट्रायल के लिए बुलाया है। वहां भी हैप्पी ने बेहतर प्रदर्शन किया। हिना शेखावत जयपहाडी गांव की रहने वाली है। पिता महेश सिंह बीसीसीआई लेवल के कोच हैं, उन्होंने बेटी को बचपन से ही क्रिकेट खिलाया और उसका हिना ने फायदा भी उठाया। राजस्थान की अंडर 15 महिला टीम में लगातार 2 साल तक प्रतिनिधित्व किया। हिना ऊपरी क्रम के बल्लेबाज है और राजस्थान के अंडर-19 कैंप में भी जगह बनाई थी। झुंझुनूं की बेटियां भी क्रिकेट में नाम कमा रही है। कड़ी मेहनत, फिटनेस, अच्छी कद काठी व तकनीक की वजह से बेटियां क्रिकेट में आगे बढ़ रही है। माता-पिता भी सपोर्ट कर रहे हैं।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026

## एसआईआर का फार्म भरना होगा आसान, बीएलओ घर-घर पहुंचाएंगे प्रपत्र

### 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक चलेगा गणना प्रपत्र भरवाने का चरण

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस.)।** जिले में मंगलवार से विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर सर्वेक्षण का काम शुरू करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अरुण गर्ग ने बताया कि जिले की सातों विधानसभाओं में मुद्रित गणना पर पत्र भिजवाए जा चुके हैं । सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर का प्रशिक्षण करवाया जा चुका है । 4 नवबंर से 1741 बीएलओ मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर उनसे 2 प्रतियों में गणना प्रपत्र भरवाएंगे जिसमें से एक प्रति रसीद के तौर पर मतदाता के पास ही रहेगी। झुंझुनू में 2025 की वर्तमान मतदाता सूची के अनुसार 18 लाख 48 हजार 32 मतदाता है । इनकी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा गणना प्रपत्र भरवाकर जांच की जानी है। भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना प्रपत्र काफी आसान बना दिया है। अब यह एक ही पृष्ठ का है और उसमें भी मतदाता से संबंधित सूचनाएं जैसे - नाम, ईपिक नंबर, पता एवम वर्तमान मतदाता सूची के अनुसार भाग एवम क्रमांक संख्या पहले से ही भरी हुई आ रही हैं। साथ ही मतदाता की फोटो भी गणना प्रपत्र पर छपी हुयी है। बीएलओ घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे और उसे भरने में सहायता भी करेंगे। प्रपत्र में मतदाता को जन्म तिथि, आधार संख्या (वैकल्पिक), पिता या अभिभावक का नाम व ईपिक नंबर (वैकल्पिक), माता का नाम व ईपिक नंबर (वैकल्पिक), मोबाइल नंबर जैसी मूल जानकारियां भरनी होंगी। इसके साथ ही एक नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो चिपकानी होगी। गणना प्रपत्र में ही विगत एसआईआर की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की सूचनाएं लेकर भरी जानी है जिन मतदाताओं का स्वयं का नाम विगत एसआईआर में शामिल नहीं है किंतु उनके रिश्तेदार जैसे माता-पिता/ दादा-दादी / नाना-नानी आदि का नाम शामिल है तो गणना प्रपत्र में उक्त रिश्तेदार का विवरण भरा जाकर मैपिंग की जाएगी। चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए वॉलंटियर एवं हेल्प की सुविधा। 4 दिसंबर से पहले अपना गणना प्रपत्र भरकर BLO को जमा करावे, ताकि आसानी से अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकें। इस अवधि के बाद भी आप अपना नाम दर्ज करा पाएंगे, इसके लिए आपको अतिरिक्त फॉर्म 6, घोषणा पत्र के साथ भरना होगा। निर्वाचन विभाग राजस्थान ने सभी बीएलओ के लिए एडवायजरी जारी की है, जिसमें मुख्य- एसआईआर के कार्य के दौरान आईडी कार्ड पहनने, कार्य का समयबद्ध निष्पादन करने, दैनिक प्रगति का अभिलेखन बीएलओ सारांश शीट में करने, मैपिंग में सहायता करने, बूथ लेवल एजेंटों के साथ समन्वय बनाने, आईटी हेल्प डेस्क एवं ईआरओ से आवश्यकता पड़ने पर परामर्श लेने से संबंधित बिंदु है।

## स्वस्थ समाज ही समृद्ध राष्ट्र की नींव :- पटेल




### विधायक हंसराज पटेल ने किया सीएचसी गोनेड़ा के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली (निस.)**क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल ने सोमवार को निकटवर्ती ग्राम गोनेड़ा स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के नवनिर्मित भवन का बतौर मुख्य अतिथि लोकार्पण किया। इस मौके पर विधायक पटेल ने कहा कि स्वस्थ समाज ही समृद्ध राष्ट्र की नींव हैं। इसी भावना के साथ यह पहल जनसेवा की एक नई मिषाल स्थापित करेगी। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित सीएचसी भवन ग्रामीणों को उच्च स्तरीय, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा। पटेल ने कहा कि इस भवन के लोकार्पण से स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। ग्राम गोनेड़ा में चिकित्सा केंद्र भवन के लोकार्पण से आसपास के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें सुलभ होंगी। इस नवीन भवन के आरंभ होने से ना केवल दवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि पहले से अधिक मरीजों का ईलाज हो सकेगा। इससे पूर्व विधायक पटेल ने अनावरण पट्टीका का लोकार्पण एवं विधि विधान से विकास कार्यों का भूमि पूजन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच एड. देवेन्द्र कुमार रावत ने की। इस मौके पर ग्रामीणों व स्टॉफ सदस्यों द्वारा विधायक पटेल का साफा व माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन भी किया गया। इस दौरान बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर, पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी, भाजपा नेता विक्रम रावत, पूर्व पंसस राजपाल डोई, डॉ. मनोज कुमार सांखला, डॉ. विकास गुर्जर, उमेष चंद्र गौड़, हवासिंह यादव, देवेन्द्र कुमार स्वामी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्टॉफ सदस्य मौजूद रहें।

## मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने का कार्य प्राथमिकता पर किया जा रहा हैं : - पटेल




**कोटपूतली(निस.)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत दांतिल के गौषाला रोड़ पर सोमवार को विधायक हंसराज पटेल के कर कमलों द्वारा द्वारिकपुरा से दांतिल तक बनाई जा रही 02.78 किमी लम्बी सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया गया। उक्त परियोजना पर 04 करोड़ 60 लाख की लागत से कार्य किया जा रहा हैं। इस मौके पर विधायक पटेल ने कहा कि सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्ध है। सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और विकास की रफ्तार तेजी से बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हर पंचायत में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने का कार्य प्राथमिकता पर किया जा रहा है। सड़क निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी और आर्थिक-सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। यह सड़क ग्रामीण ईलाकों को जोड़ते हुये शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के नये अवसर खोलेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान महालेखाकार सतीष कुमार गर्ग ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह की पैरवी करेगें एड. हेमंत सिंह शेखावत

**कोटपूतली(निस.)** राजस्थान हाईकोर्ट में जयपुर ग्रामीण लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 के मत पत्रों की पुन: गणना से जुड़े प्रकरण में जयपुर ग्रामीण से भाजपा सांसद राव राजेन्द्र सिंह की पैरवी कस्बे के निकटवर्ती ग्राम राजनौता निवासी एड. हेमंत सिंह शेखावत करेगें। प्रकरण में एड. शेखावत ने सांसद सिंह की और से विगत शनिवार को राजस्थान हाईकोर्ट में वकालतनामा प्रस्तुत किया हैं। मामले में हाईकोर्ट आने वाले दिनों में न्यायमूर्ति विनोद कुमार भरवानी की एकल पीठ कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौपड़ा की याचिका पर सुनवाई करेगी। उल्लेखनीय हैं कि पूर्व में चौपड़ा की याचिका पर सांसद सिंह को नोटिस जारी किये गये थे। लेकिन नोटिस तामिल नहीं होने पर समाचार पत्रों में नोटिस की सूचना जारी की गई थी। जिस पर अब वकालतनामा पेश किया गया हैं। उल्लेखनीय हैं कि राजस्थान हाईकोर्ट में जयपुर ग्रामीण से लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस पार्टी के पराजित प्रत्याषी अनिल चौपड़ा द्वारा याचिका दायर कर मतों के पुर्नगणना किये जाने की गुहार लगाई गई हैं। याचिका में बताया कि प्रार्थी को 1615 मतों से पराजित घोषित करते हुये निर्वाचन विभाग ने उस दिन जारी नोटशीट में 2738 बैलेट पत्र खारिज होना बताया था। इस सम्बंध में निर्वाचन अधिकारी को शिकायत देने पर आर ओ ने मात्र 1225 बैलेट ही खारिज होना बताकर पुन: मत गणना से इंकार कर दिया था। याचिका के अनुसार जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत निर्वाचन विभाग को खारिज किये गये मत पत्रों को प्रत्याषियों को दिखाना होता हैं लेकिन विभाग ने प्रार्थी को खारिज पत्र नहीं दिखाये, ऐसे में जीत के अंतर के मत खारिज मतों की संख्या से कम होने के कारण पुन: मतगणना के निर्देष दिये जायें।



# ‘द ताज स्टोरी’ की कंट्रोवर्सी पर परेश रावल ने तोड़ी चुप्पी

परेश रावल का कहना है कि फिल्म ‘द ताज स्टोरी’ में कोई झूठ नहीं है। उनका दावा है कि यह फिल्म विश्व प्रसिद्ध स्मारक यानी ताजमहल के बारे में तथ्य ही पेश करती है। इससे आगे चलकर पर्यटन को ही बढ़ावा मिलेगा।

### परेश रावल को फिल्म की रिसर्च अच्छी लगी

बातचीत में परेश रावल ने कहा, ‘हमारे सिनेमा में बहुत सारा छल-कपट और झूठ है। लेकिन हमारी फिल्म में कोई झूठ नहीं है, सिर्फ तथ्य हैं। जब मेरे पास फिल्म की स्क्रिप्ट आई, तो मैंने उसे पढ़ा और मुझे यह पसंद आई। मुझे फिल्म की रिसर्च अच्छी लगी। मैंने कुछ दोस्तों के साथ तथ्यों की पुष्टि की और पाया कि यह सही थे। इसके बाद मैं निर्देशक से मिला। हमने तय किया कि फिल्म में कोई कट्टर राष्ट्रवाद नहीं होगा, यह फिल्म सिर्फ ताज के बारे में होगी।’

### विवाद खड़ा करना नहीं चाहते हैं

परेश रावल आगे कहते हैं, ‘लोग कह रहे हैं कि हम हिंदू-मुस्लिम विवाद खड़ा करना चाहते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। हम हमेशा से इससे दूर रहे हैं। हम एक शोध वाली मजेदार फिल्म बनाना चाहते थे जो हमारे यहां बनती नहीं हैं।’ इस फिल्म को तुषार अमरीश गोयल ने डायरेक्ट किया है।

### क्या है ‘द ताज स्टोरी’ के मेकर्स का दावा

मेकर्स का दावा है यह फिल्म भारतीय इतिहास के एक ऐसे अध्याय को पेश करती है जिसे पहले कभी किसी ने सामने लाने की हिम्मत नहीं की। इस महीने की शुरुआत में, फिल्म का पहला पोस्टर तब विवादों में घिर गया था जब इसमें परेश रावल के किरदार को ताजमहल का गुंबद हटाते और उसमें से भगवान शिव की एक मूर्ति निकलते हुए दिखाया गया था। पोस्टर के पीछे का विचार यह है कि यह ताजमहल नहीं है। कुछ लोग इसे तेजो महालय कहते हैं।



# वर्क लाइफ बैलेंस पर रश्मिका मंदाना ने दी प्रतिक्रिया

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म ‘थामा’ और आगामी फिल्म ‘द गर्लफ्रेंड’ को लेकर चर्चाओं में हैं। वहीं रश्मिका और विजय देवरकोंडा की सगाई की खबरें भी लगातार फैंस के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं। अब इंडस्ट्री में काम के घंटों को लेकर चल रही बहस के बीच रश्मिका ने काम और जिंदगी में संतुलन को लेकर बात की है। इससे पहले ‘द गर्लफ्रेंड’ के निर्माता एसकेएन ने रश्मिका की तारीफ करते हुए कहा था कि वो काम को घंटों की तरह नहीं लेती हैं। अब रश्मिका ने भी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में संतुलन को लेकर बात की और ज्यादा काम न करने के महत्व को समझाया है।

### वही करो जो तुम्हारे लिए आरामदायक हो

कुछ समय पहले रश्मिका मंदाना ने बताया था कि उन्हें पूरे 8 घंटे की नींद लिए हुए कई महीने हो गए हैं। इसी बात का जिक्र करते हुए जब प्रोफेशनल लाइफ में संतुलन के बारे में पूछा गया तो रश्मिका ने गल्ट से कहा, ‘मुझे लगता है कि इस बात का महिमामंडन करना कि हम जरूरत से ज्यादा काम करते हैं, ठीक नहीं है। मैं जरूरत से ज्यादा काम करती हूं और मैं आपको बता रही हूं यह बिल्कुल भी सुझाव देने योग्य नहीं है। ऐसा मत करो। यह टिकाऊ नहीं है। वही करो जो तुम्हारे लिए आरामदायक हो, वही करो जो तुम्हारे लिए सही हो। वो 8 घंटे काम करो, वो 9-10 घंटे भी काम करो क्योंकि यकीन मानो, ये तुम्हें आगे चलकर बचाएगा। जैसे मैंने हाल ही में ऐसी कई बातचीत देखी हैं जहां लोग कहते हैं, ठीक है, काम का समय पता है वगैरह। मैंने दोनों ही किया है। यह इसके लायक नहीं है।’

### मैं जरूरत से ज्यादा काम करती हूं

अभिनेत्री ने आगे कहा कि जैसा जाहिर है कि यह एक जिम्मेदारी है जो तुम पर है। मैं खुद पर जरूरत से ज्यादा काम कर लेती हूं क्योंकि मैं एक सामान्य इंसान से कहीं ज्यादा काम ले लेती हूं। लेकिन मैं ऐसी भी नहीं हूं जो अपनी टीमों से कहूं कि मैं उनके लिए कुछ नहीं कर सकती। अगर मुझे पता है कि वे संघर्ष कर रहे हैं और वे कहते हैं, नहीं, मेरे पास अभी तक केवल यही लोकेशन है और हमें इस समय में बहुत कुछ शूट करना है।’ तब मैं यह समझती हूं और मान जाऊंगी और वैसा करूंगी।

### हमें भी 9 से 5 की जॉब की तरह काम करने दें

बातचीत के दौरान रश्मिका ने कहा कि सिनेमा में यह बहुत पहले से होता आया है। यही कारण है कि हमें अपनी टीमों से प्यार है। लेकिन अगर मुझे खुद चुनना होता, तो मैं कहती कि कृपया हम अभिनेताओं को ऐसा करने पर मजबूर न करें, क्योंकि बहुत कुछ चल रहा है। सिर्फ अभिनेता ही नहीं बल्कि निर्देशक, लाइटमैन, संगीतकार, सभी। जैसा आप जानते हैं कि ऑफिस का समय 9 से 6 या 9 से 5 या 9 से 4 होता है, हमें ऐसा करने दें। क्योंकि अभी भी एक पारिवारिक जीवन है जिस पर मैं ध्यान देना चाहती हूं, अभी भी मेरी नींद बाकी है जो मैं पूरी करना चाहती हूं। मैं अभी भी वर्कआउट करना चाहती हूं, इसलिए, आप जानते हैं, बाद में मुझे इस बात का पछतावा नहीं होगा कि काश मैं छोटी उम्र में स्वस्थ और फिट होती और वर्कआउट करती। मैं अभी भी अपने भविष्य के बारे में सोच रही हूं। लेकिन अभी मेरे पास कहने का अधिकार नहीं है क्योंकि मैं खुद पर बहुत ज्यादा जिम्मेदारी ले रही हूं।



# तलाक की अफवाहों पर माही विज ने तोड़ी चुप्पी

माही विज और जय भानुशाली अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। कथित तौर पर दोनों का रिश्ता टूट गया है और कपल का तलाक होने वाला है। यह खबर सामने आने के बाद जय और माही के फैंस आहत हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर दोनों के तलाक को लेकर तरह-तरह के दावे करते हुए पोस्ट वायरल हो रहे हैं। एक पोस्ट पर रिएक्ट करते हुए माही विज ने गुस्सा जाहिर किया है। जय भानुशाली के साथ तलाक की अफवाहों पर माही विज ने चुप्पी तोड़ी है। दरअसल, इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया गया। इसमें माही विज के हवाले से एक कमेंट लिखा गया, जिसमें कहा गया है, आधिकारिक रूप से पांच मिनट पहले मेरा तलाक हुआ है। मुझे पता है कि कुछ लोग इस पर बधाई देंगे, लेकिन मेरे लिए ऐसे परिदृश्य मायने नहीं रखते। तलाक होना हमेशा दुखद ही होगा। इस पोस्ट पर माही विज ने गुस्सा जाहिर करते हुए हिदायत दी है। माही विज ने कमेंट लिखा है, झूठी बातें पोस्ट मत करिए। मैं इसके खिलाफ लीगल एक्शन लूंगी। अभिनेत्री ने शायद तलाक को लेकर उनकी तरफ से की गई कथित टिप्पणी पर आपत्ति जताई है। फिलहाल माही के इस कमेंट से उनके फैंस ने राहत की सांस ली है कि शायद तलाक की बात झूठी हो। हालांकि, माही के कमेंट में यह जिक्र नहीं है कि तलाक होगा या नहीं, उन्होंने गलत नैरेटिव फैलाने को लेकर एतराज जताया है।

# क्या मुंज्या 2 में लापता लेडीज फेम प्रतिभा रांटा की एंट्री?

साल 2024 की सरप्राइज हिट मुंज्या ने छोटे बजट और नए चेहरों के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर बड़ा कमाल दिखाया था। अभय वर्मा और शारवरी वाघ स्टारर इस हॉरर-कॉमेडी ने 100 करोड़ क्लब में जगह बनाकर मैडॉक फिल्म्स यूनिवर्स को नई ऊंचाई दी। अब इसका सीक्वल महा मुंज्या डेवलपमेंट स्टेज में है। हाल ही में खबरें आई थीं कि लापता लेडीज फेम प्रतिभा रांटा फिल्म का हिस्सा बनने वाली हैं। हालांकि, मुंज्या के डायरेक्टर आदित्य सरपोतदार ने इस खबर को सिरे से खारिज किया।

महा मुंज्या में उनका नाम सिर्फ अफवाह है आदित्य ने कहा, न प्रतिभा ने कुछ कहा है, न उनकी टीम ने और न हमने। इसमें कोई सच्चाई नहीं है, ये बस एक फैन थ्योरी है। शायद लोगों को लगा कि वो इस यूनिवर्स का हिस्सा हैं क्योंकि उन्होंने लापता लेडीज में शानदार काम किया है। मुझे भी जब ये खबर सुनी तो थोड़ा हंसी आई कि ये आया कहां से?

आदित्य ने आगे बात करते हुए कहा, प्रतिभा बहुत टैलेंटेड और शानदार एक्ट्रेस हैं। मैं खुद मानता हूं कि वो इस तरह की फिल्मों में बिल्कुल फिट बैठेंगी। अगर आगे चलकर ऐसा कुछ होता है तो क्यों नहीं? लेकिन फिलहाल ऐसा कुछ नहीं है। न कोई ऑफिशियल बातचीत हुई है, न कोई कन्फर्मेशन आया है। ये सिर्फ सोशल मीडिया की हवा है।

### अभय वर्मा और शारवरी वाघ की होगी वापसी

जब आदित्य सरपोतदार से पूछा गया कि क्या सीक्वल में मुंज्या के लीड कलाकार अभय वर्मा और शारवरी वाघ फिर नजर आएंगे तो उन्होंने तुरंत कहा, अभय और शारवरी 100 प्रतिशत लौट रहे हैं। उनके किरदार वहीं से आगे बढ़ेंगे, जहां पहली फिल्म खत्म हुई थी। लेकिन इनके साथ और कौन जुड़ता है, ये अभी बताना जल्दबाजी होगी। जब वक्त आएगा, सब कुछ साफ हो जाएगा।

### मुंज्या 2 इसलिए बन रही है क्योंकि ऑडियंस इंटरेस्टेड हैं

सीक्वल पर बात करते हुए आदित्य ने कहा, ये साफ दिखाता है कि लोग इस यूनिवर्स में इंटरेस्टेड हैं और उन्होंने मुंज्या के साथ एक इमोशनल इन्वेस्टमेंट बनाया है। जब हमने पहली फिल्म बनाई थी, तब सीक्वल का कोई प्लान नहीं था। लेकिन फिल्म के हिट होने के बाद भरोसा मिला कि इस कहानी को और आगे बढ़ाया जा सकता है। अगर फिल्म नहीं चलती तो पार्ट टू बनाने का कोई मतलब नहीं होता। लेकिन जब दर्शक खुद पूछने लगें कि आगे क्या होगा, तब समझ आता है कि आपने कुछ सही किया है।

### महा मुंज्या का पैमाना और बड़ा होगा

उन्होंने आगे बात करते हुए कहा, अब महा मुंज्या के साथ हम उस यूनिवर्स को और बड़ा करने जा रहे हैं। बहुत सारी प्लानिंग चल रही है, कई एक्साइटिंग चीजें तैयार हो रही हैं। हम चाहते हैं कि ये फिल्म सिर्फ सीक्वल नहीं, बल्कि एक नया एक्सपीरियंस बने। जैसे पहली फिल्म के एंड में हमने एक प्रॉमिस छोड़ा था, वैसे ही अब महा मुंज्या उस प्रॉमिस को पूरा करेगी। कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी जहां मुंज्या खत्म हुई थी, लेकिन इस बार पैमाना और बड़ा होगा, दुनिया और गहरी।





# ‘पद्मावत’ की मेहरुनिसा से लेकर ‘मर्डर 3’ की रोशनी तक, अदिति राव हैदरी ने हर किरदार में बिखेरा अभिनय का जादू

**अदिति राव हैदरी भारतीय सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में से हैं जिन्होंने अपनी सादगी और अभिनय से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। अभिनेत्री के जन्मदिन के मौके पर जानेंगे उनकी जबरदस्त फिल्मों के बारे में, जिनके लिए उन्हें पहचाना जाता है। तो चलिए जानते हैं उनकी फिल्में।**

## मर्डर 3

बॉलीवुड की मशहूर मर्डर फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट का नाम ‘मर्डर 3’ है। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसे विशेष भट्ट द्वारा निर्देशित किया गया था। इस फल्म में विक्रम (रणदीप हुड्डा) जो एक फोटोग्राफर है, निशा (सारा लोरेन) से एक बार मिलता है और दोनों की तुरंत दोस्ती हो जाती है। जल्द ही वे प्यार में पड़ जाते हैं और अपने रिश्ते को एक नए मुकाम पर ले जाते हैं। निशा उसके घर में रहने आती है, लेकिन जल्द ही उसे उसके राज पता चलने लगते हैं। वह विक्रम की पूर्व प्रेमिका रोशनी (अदिति राव हैदरी) के गायब होने के पीछे छिपे के सच का पता लगाने

## दिल्ली 6

राकेश ओमप्रकाश मेहरा के निर्देशन में दिल्ली 6 फिल्म साल 2009 में रिलीज हुई थी। आपक बता दें कि इस फिल्म से अदिति राव हैदरी ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनका रोल कम था, लेकिन सभी ने उनके किरदार को खूब सराहा था। फिल्म एक एनआरआई के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी बीमार दादी के साथ भारत लौटता है, लेकिन हैरानी की बात है कि वह खुद को दिल्ली के बीचों-बीच एक मंदिर-मस्जिद विवाद में फंसा हुआ पाता है। दिल्ली 6 में अदिति राव हैदरी ने रमा बुआ का किरदार निभाया था। इसमें अभिषेक बच्चन और सोनम कपूर मुख्य भूमिका में थे।

## पद्मावत

संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित फिल्म पद्मावत में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म अदिति राव हैदरी की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। अदिति हर फ्रेम में एक स्टार की तरह चमकीं। उन्होंने खिलजी की पत्नी मेहरुनिसा का किरदार बखूबी निभाया था। फिल्म में जैसे-जैसे खिलजी रानी पद्मावती के प्रति और अधिक आसक्त होता गया, मेहरुनिसा ने पत्नी से पहले, एक महिला बनना चुना। यह फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी।

## वजीर


फरहान अख्तर, अमिताभ बच्चन और अदिति राव हैदरी जैसे कलाकारों से सजी फिल्म वजीर 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अदिति राव हैदरी ने रुहाना अली की भूमिका निभाई थी और तमाम दिग्गजों के बीच भी अपनी जगह और लाइमलाइट बरकरार रखी। इस फिल्म की कहानी एक पुलिसवाले दानिश के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी बेटी की हत्या करने वाले एक आतंकवादी से बदला लेने के मिशन पर है। इसी दौरान उसकी मुलाकात पंडित से होती है, जो अपनी बेटी के लिए शोक मना रहा है।

## रॉकस्टार

इम्तियाज अली के निर्देशन में साल 2011 में रॉकस्टार फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रणबीर कपूर, नरगिस फाखरी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। वहीं अदिति राव हैदरी ने शीना के रूप में फिल्म अहम किरदार अदा किया था। उनके रोल ने दर्शकों को आकर्षित किया था।

## हीरामंडी


अदिति राव हैदरी नेटफिलक्स पर रिलीज हुई सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार सीरीज में नजर आई थीं। यह साल 2024 में रिलीज हुई थी, जिसे संजय लीला भंसाली द्वारा निर्मित और निर्देशित किया गया था। यह शो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाहौर के हीरा मंडी में वेश्याओं के जीवन पर केंद्रित है। इसमें मनीषा कोइराला , सोनाक्षी सिन्हा और ऋचा चड्ढा जैसे कई सितारे शामिल थे।



## बाबा महाकाल के अन्नकूट और छप्पन भोग महोत्सव

### महाआरती के बाद किया गया प्रसाद वितरण

जयपुर टाइम्स




**कुचामनसिटी(निसं.)।** शहर के ब्रह्मपुरी स्थित श्री कमला कुंज बाबा महाकाल के अन्नकूट और छप्पन भोग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में भगवान महाकाल के छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। रेखा पारीक रितिका पारीक ने बताया की भोग लगाते हुए विश्व कल्याण की कामना की। इस उपलक्ष्य में भजन-कीर्तन हुए, महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया, आरती की और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्यार्जनप किया. इस अवसर पर शारदा शर्मा विमला पाराशर मेना कुमावत कमला शर्मा सुमन शर्मा चंदा शर्मा सहित काफी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही।

## नमकनगरी नावां के शिक्षा जगत में बड़ा मुकाम- सेवन डेज स्मार्ट एकेडमी को मिली सीबीएसई मान्यता




जयपुर टाइम्स

**नावां(निसं.)।** शिक्षा के क्षेत्र में नावां ने नया इतिहास रच दिया है। श्री राधे एजुकेशन ग्रुप द्वारा संचालित सेवन डेज स्मार्ट एकेडमी को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से 12वीं तक की मान्यता मिल गई है। यह नावां उपखंड की पहली सीबीएसई से संबद्ध स्कूल बन गई है। अब तक सीबीएसई शिक्षा के लिए छात्रों को रोज 40-50 किलोमीटर दूर कुचामन, मकराना, फुलेरा या जयपुर-अजमेर जैसे शहरों में जाना पड़ता था। इससे बच्चों को यात्रा की थकान और अभिभावकों को आर्थिक बोझ झेलना पड़ता था। लेकिन अब स्थानीय स्तर पर ही सीबीएसई पैटर्न पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सकेगा। संस्थान के सचिव ने बताया कि स्कूल में कक्षा 12 तक साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स तीनों संकायों में अध्ययन की सुविधा होगी। अनुभवी शिक्षकों द्वारा आधुनिक शिक्षण पद्धति से बच्चों को पढ़ाया जाएगा। ग्रुप ने पहले बचपन प्ले स्कूल के जरिए प्रारंभिक शिक्षा में गुणवत्ता का मानक स्थापित किया था और अब सीनियर सेकेंडरी स्तर तक सीबीएसई स्कूल की शुरुआत कर क्षेत्र में नई दिशा दी है। यह स्कूल सत्र 2026-27 से पूर्ण रूप से सीबीएसई मानकों के अनुरूप संचालित होगा। इस उपलब्धि से नावा व आसपास के क्षेत्र के अभिभावकों को अपने बच्चों को दूर भेजने की चिंता से मुक्ति मिलेगी और विद्यार्थियों को 'घर पर ही श्रेष्ठ शिक्षा का अवसर मिलेगा।

## राजाखेड़ा में ईंट भट्टों पर विद्युत विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई 9.8 लाख का लगाया जुर्माना

जयपुर टाइम्स

**राजाखेड़ा(निसं.)** जे वी वी एन एल के विभागीय उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार उपखंड राजाखेड़ा में सहायक अभियंता आनंद तिवारी के द्वारा दो टीम बना कर दिनांक 3/11/25 दिन सोमवार को ईंट भट्टो पर संघन विद्युत कनेक्शन निरीक्षण किया गया जिसमें टीम कनिष्ठ अभियंता शहर ने 4 भट्टो में विद्युत चोरी पकड़ी और दूसरी टीम कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल द्वारा 5 भट्टो पर विद्युत चोरी पकड़ी जिस पर करीब9.8 लाख का जुर्माना किया गया ।उक्त भट्टा पर मौजूद लोगों से कनेक्शन लेने की कहा गया और जुर्माना राशि तय समय सीमा में जमा करने को बोला गया अगर समय पर



जुर्माना जमा नहीं किया तो पुलिस थाने में एफ आई आर दर्ज करवा कर कठोर विद्युत चोरी धाराओं में मुकदमा दर्ज करवा दिया जाएगा। साथ ही सहायक अभियंता ने गांव में लोगों से अपील की वे विद्युत चोरी न करें ,सरकार द्वारा जारी 150 यूनिट्स मुख्यमंत्री मुफ्त बिजली योजना में अपने मोबाइल से बिजली मित्र ऐप डाउनलोड कर योजना में रेजिस्टेशन कर योजना का लाभ लें, और जिन उपभोक्ताओं के अभी कनेक्शन हुए हैं वे ऐप पर जाकर फीडबैक में स्टार रेटिंग दे सकते है।

## अभियांत्रिकी महाविद्यालय धौलपुर में 'ब्लॉकचैन टेक्नोलॉजी' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय धौलपुर में कोडिंग क्लब के माध्यम से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका वर्चुअल शुभारंभ प्राचार्य बीएल गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के बारे में अवगत कराना है। इस कार्यशाला में ब्लाकचैन डेवलपर प्रशांत श्रीवास्तव



के द्वारा ब्लाकचैन टेक्नोलॉजी के इतिहास एवं उसके उपयोग तथा विभिन्न सुरक्षा चुनौतियों के बारे में छात्रों को जानकारी प्रदान की गई, साथ ही कार्यशाला में ब्लॉकचेन आधारित डिजिटल करंसी जैसे बिटकॉइन एथेरियम आदि क्रिप्टोकरंसी की संरचना के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। कार्यशाला के दूसरे सत्र में क्रिप्टो करेंसी की मीनिंग के विभिन्न टूल्स की जानकारी प्रदान की गई। आज की कार्यशाला का संचालन कोडिंग क्लब के सदस्यों सौम्या सक्सेना, मयंक यदुवंशी एवं पलक शर्मा के द्वारा संपन्न हुआ।इस दौरान विनय बघेला, डॉ.कृष्ण कांत उपाध्याय, माधव,शिव कांत ब्रजेश त्यागी, कुलदीप तिवारी, मोहित श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## राजस्थान के 300 स्केटर्स ने बिखेरी चमक- एमआरजी ओपन स्टेट स्केटिंग चैम्पियनशिप 2025 का भव्य आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय, अंबाबाड़ी में एमआरजी मल्टीस्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित एमआरजी ओपन स्टेट स्केटिंग चैम्पियनशिप 2025 का रंगारंग समापन हुआ। प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए 300 से अधिक स्केटर्स ने हिस्सा लेकर तेज़ी, संतुलन और तकनीक का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक जैन रहे, जिनका स्वागत भानु छाबड़ा ने किया। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को ट्रॉफियां और प्रमाण-पत्र प्रदान किए। आयोजन के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को




कुल 25,000/- की नकद राशि पुरस्कारस्वरूप वितरित की गई, जिससे प्रतिभागियों का उत्साह दोगुना रहा। एमआरजी मल्टीस्पोर्ट्स क्लब की निदेशक सोनिका गोदरा ने बताया कि एच.के.एच. स्कूल, अजमेर ने अधिकतम प्रतिभागिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसके कोच चंदमल जी हैं; जबकि हनुमानगढ़ टीम रनर-अप रही, जिसके कोच राजकुमार जी रहे। वहीं वर्धमान श्री कल्याण स्कूल, जयपुर ने ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की और लगातार उत्कृष्ट तैयारी का परिचय दिया। खेल भावना को प्रोत्साहन देते हुए लौटस डेयरी जयपुर ने सभी प्रतिभागियों को फ्रूट मिल्क वितरित किया। आयोजकों ने इसे स्वस्थ जीवनशैली और खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की सराहनीय पहल बताया। सोनिका गोदरा ने जयपुर जिला सचिव सुरेन्द्र राठौड़ जी और राजस्थान राज्य स्केटिंग सचिव योगेन्द्र खत्री का विशेष धन्यवाद किया। साथ ही कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए नियाज़ अहमद का भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदेश के प्रमुख कोच और खेलप्रेमियों–अशोक , अभिषेक , भानु प्रताप , हितेश , दीपचंद , हर्ष खत्री , मोहित अरोड़ा , मोहित , गुंजन , हेमंत सर, अमन सर–की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। एमआरजी मल्टीस्पोर्ट्स क्लब की टीम ने संपूर्ण प्रतियोगिता का सुचारु एवं अनुशासित संचालन किया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे उच्च स्तर के टूर्नामेंट आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया, ताकि प्रदेश के उभरते स्केटर्स को निरंतर मंच मिलता रहे।

## अवैध खनन के मामलों में पुलिस की बड़ी कार्रवाई- पांच फरार मुल्जिम गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चंद विश्नोई एवं जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में अवैध खनन, अवैध शराब व हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना आंगई ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी संतोष शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न प्रकरणों में वांछित पांच फरार मुल्जिमों को गिरफ्तार किया गया है। पहली कार्रवाई में 12 अक्टूबर को मुण्डपुरा मोड़ से अवैध ब्लॉक पत्थरों से भरा ट्रैक्टर पकड़ाने पर चालक फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी प्रहलाद पुत्र बच्चू सिंह मीना (37), निवासी मुण्डपुरा को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। दूसरे मामले में 14 अक्टूबर को मरा का कोना मार्ग पर पत्थर के ब्लॉक से भरी ट्रॉली बिना कागजात के बरामद हुई थी। इस मामले में फरार चल रहे लालसिंह पुत्र रामजीलाल मीना (45), निवासी कछपुरा को पुलिस ने दबोचा। तीसरे मामले में डीएसटी टीम की सूचना पर शंभू के माले के पास अवैध पत्थर खनन करते हुए तीन ट्रैक्टर और एक हाइड्रा मशीन पकड़ी गई थी। मौके से चालक भाग निकले थे। अब



पुलिस ने इन प्रकरणों में फरार इंदू खान पुत्र करीम खान, नूर मोहम्मद पुत्र सुरेश खान (दोनों निवासी चिलाचौंद) तथा रामबहादुर पुत्र विशाल सिंह मीना (निवासी मुण्डपुरा) को गिरफ्तार किया है। सभी प्रकरणों में भारतीय दंड संहिता, फॉरेस्ट एक्ट एवं एमएआरडी एक्ट के तहत कार्रवाई जारी है। पूछताछ में और भी नाम सामने आने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि अवैध खनन के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित पंचायत स्तरीय बाल सुरक्षा समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रमः चिलाचोद

जयपुर टाइम्स

दिनांक 03 नवंबर 2025 को ग्राम पंचायत चिलाचोद में प्रयत्न संस्था की परियोजना 'कवच' के अंतर्गत पंचायत स्तरीय बाल सुरक्षा समिति का एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत पीईईओ पूरन महावर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। प्रयत्न संस्था के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रामबरन गोस्वामी ने संस्था के विजन उद्देश्यों के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि प्रयतन संस्था कवच प्रोजेक्ट के माध्यम से धौलपुर जिले की सभी ग्राम पंचायतो में पंचायत स्तरीय बाल सुरक्षा समिति के मजबूतीकरण हेतु एकदिवसीय आमुखीकारण कर बच्चों के संरक्षण और सुरक्षा की मजबूती हेतु काम कर रही है ग्राम विकास अधिकारी रामलखन मीणा ने बच्चों से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। बाल कल्याण पुलिस थाना अधिकारी लखनराम शर्मा ने बाल विवाह, बाल श्रम और छेड़छाड़ जैसी समस्याओं की रोकथाम पर विचार साझा




किए। उपस्थित सदस्यों ने बाल हितैषी ग्राम पंचायत के निर्माण का संकल्प लिया। साथ ही 18 तरह की बच्चों से जुड़ी योजनाओं पर डायरी की जानकारी देकर योजनाओं से वंचित बच्चों का इकट्ठा करने का निर्णय लिया गतिविधि में सीएचओ संतराम मीणा विद्यालय अध्यापक रूप सिंह, एएनएम और आंगनवाड़ी , कार्यकर्ता सभी की भागीदारी रही।

## स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न व्यवसायों में 30 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** परियोजना प्रबन्धक राजस्थान अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में संचालित राष्ट्रीय निगमो की विभिन्न ऋण योजनाओ में ऑनलान आवेदन 30 नवम्बर तक आमत्रिंत किये जाएगें। परियोजना प्रबंधक अनुजा निगम देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि इच्छुक अनुसूचित जाति वर्ग के 16, अनुसूचित जनजाति वर्ग 8, सभी वर्गो के विषेष योग्यजन वर्ग 8, सफाई कर्मचारी, स्वच्छकार वर्ग 9 तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 14 व्यक्तियो को स्वरोजगार उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न व्यवसाय, उद्योग, सेवा क्षेत्र आदि हेतु किराना दुकान, सिलाई कार्य, भैस, गाय पालन, ब्यूटीपार्लर, कपड़ा दुकान, ऑटोमोबाइल रिपेयरिग, डेयरी, ई-रिक्शा, हस्तकला कार्य आदि के लिए अनुजा निगम पोर्टल पर ऑनलाइन ऋण आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि आवेदक की आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य हो तथा परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रूपये से कम हो, को 4 से 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। आवेदक जिले का मूल निवासी होना चाहिए तथा आवेदक पर बैंक अथवा किसी भी




वित्तीय संस्था का अवधिपार ऋण बकाया नहीं होना चाहिए। ऋण की वसूली 20 त्रैमासिक किस्तों में की जाएगी।
उन्होंने बताया कि सभी वर्गो के इच्छुक व्यक्ति जनाधार कार्ड, भामाशाह कार्ड, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र जिसमें टोकन नम्बर अंकित हो, मूल निवास प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र, राशन कार्ड, 4 पेज वाला आय प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, बैंक पासबुक, अनुभव प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजो सहित अपने निकटतम ई-मित्र पर अन्तिम तिथि 30 नवम्बर तक आवेदन कर सकते है। आवेदक अपनी स्वयं की एसएसओ आईडी से भी अनुजा निगम पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन भर सकते है।

## 03 नवम्बर से 07 नवम्बर 2025 तक आयोजित शहरी सेवा शिविर के तहत पुनः फॉलोअप शिविर

### जोन कार्यालयों पर आयोजित हो रहे फॉलोअप शिविर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना में नगर निगम ग्रेटर द्वारा फॉलोअप शिविर कार्यक्रम जारी किया गया है। 03 नवम्बर से 07 नवम्बर 2025 तक फॉलोअप शिविर जोन कार्यालयों पर आयोजित किये जा रहे है जिसके प्रभारी अधिकारी संबंधित जोन उपायुक्त होगे। सोमवार को मानसरोवर जोन में कार्यालय मानसरोवर जोन सैक्टर 09 गोखले मार्ग, शिप्रा पथ रोड़ मानसरोवर में आयोजित किया गया। मंगलवार को सांगानेर जोन में सामुदायिक केन्द्र सांगानेर में आयोजित किया जायेगा। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना में जोनवाईज 03 नवम्बर से 07 नवम्बर 2025 तक फॉलोअप शिविर संबंधित जोन कार्यालयों पर आयोजित किये जा रहे है। इन सभी कैम्पों में आमजन से जुड़ी हुई विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान किया जा रहा है। पूर्व में भी 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2025 तक शहरी सेवा शिविर आयोजित किये गये थे। यदि कोई व्यक्ति समस्यानिस्तारण हेतु शिविरों में नहीं आ पाया हो तो इन शिविरों के माध्यम से अपनी समस्याओं का निस्तारण करवा सकता है। मानसरोवर जोन के स्थानीय निवासी ऋषि शर्मा ने मानसरोवर जोन में चल रहे संपूर्ण मानसरोवर फॉलो अप कैंप में अपने मकान के नाम स्थानांतरण के लिए आवेदन किया आवेदन करने के कुछ समय बाद ही ऋषि शर्मा को संपूर्ण फॉलोअप कैंप के अंतर्गत उनके मकान का नाम स्थानांतरण पत्र तैयार कर प्रदान किया गया अपने इस कार्य के बिना किसी परेशानी के त्वरित गति से पूर्ण हो जाने पर ऋषि शर्मा जी




ने अपनी बहुत-बहुत प्रसन्नता व्यक्त की और माननीय मुख्यमंत्री और नगर निगम प्रशासन का बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। मांगियावास के स्थानीय निवासी सुधीर चौधरी ने मानसरोवर जोन में चल रहे संपूर्ण मानसरोवर फॉलोअप कैंप में अपने बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया आवेदन करने के कुछ ही समय पश्चात सुधीर जी को उनके बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनाकर प्रदान किया गया अपने इस कार्य के त्वरित गति से पूर्ण होने पर सुधीर को बहुत प्रसन्नता हुई जिसके लिए उन्होंने फॉलोअप कैंप में नगर निगम ग्रेटर द्वारा किए जा रहे त्वरित गति से कार्यों के लिए सराहना की और अपने इस कार्य के बिना किसी परेशानी के पूर्ण होने पर सुधीर ने सरकार का बहुत आभार और धन्यवाद भी व्यक्त किया। मानसरोवर जोन के शिविर में जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन के 50 आवेदनों के प्रमाण पत्र तत्काल जारी किए गए। जनआधार के 50 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। पीएम स्वनिधि के 4 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। भवन निर्माण स्वीकृति के 1 प्रकरण का निस्तारण किया गया।

## ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का प्रशिक्षण आयोजित

**रावतसर** आडेल ब्लॉक स्तरीय नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का प्रशिक्षण सोमवार को संकुल भवन नौखड़ा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में संदर्भ व्यक्ति व व्यवस्थापक हनुमानसिंह चौधरी ने समावेशी शिक्षा व नई शिक्षा नीति तहत साक्षरता के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान केआरपी मांगीलाल कुमावत ने साक्षरता के विभिन्न घटकों और साक्षरता के प्रकार पर चर्चा की। इसी के साथ स्वयंसेवी शिक्षकों से खास बातचीत करते हुए असाक्षरों को शिक्षित करने के तरीकों पर विशेष बात की। दक्ष प्रशिक्षक लिच्छाराम ने वर्तमान युग में डिजिटल साक्षरता व वित्तीय साक्षरता पर अपनी बात रखी। अतः में ब्लॉक समन्वयक जीवराज सेंवर ने कार्यक्रम की रूपरेखा, सर्वेयरों व पीईईओ की भूमिका पर बात की।

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की बड़ी कार्रवाई

### 3 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 01 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ गौरव सैनी के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में किंग्स रोड़, हाथोज, एसएमएस अस्पताल एवं ट्रोमा सेन्टर से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 3 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 01 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में किंग्स रोड़, हाथोज, एसएमएस अस्पताल एवं ट्रोमा सेन्टर से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 01 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 3 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## राधानिकुंज बी जोन-8 सांगानेर का नाम खरबास सर्किल करने पर जताया आभार



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति में राधानिकुंज बी जोन 8 सांगानेर का नाम खरबास सर्किल के नामकरण करने पर बालूराम खरबास, रामगोपाल खरबास, बोदूराम, लक्ष्मण, राजेन्द्र, प्रभु, राजेश, पवन टोडावत, महेश कुमार गुर्जर, धर्मेन्द्र खरबास, राज खरबास, मंगल खरबास, नानूराम द्वारा महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर का आभार व्यक्त किया। इस दौरान श्री पारस जैन फायर समिति चेयरमेन भी मौजूद रहे।

## युग प्रवर्तक की उपाधि से अलंकृत



जयपुर टाइम्स

**राजाखेड़ा(निसं.)** जैन धर्म की वर्तमान की प्रसिद्ध साध्वी मनिया नगर गौरव गणिनी आर्यिका श्रेष्ठ श्री सुयोग्य नंदिनी माताजी को भारत की महत्वपूर्ण संस्था jisoद्वारा युग प्रवर्तक की उपाधि से अलंकृत किया गया । संस्था के सदस्य मनीष कुमार जैन धूलियान ने बताया कि गणिनी आर्यिका श्री सौम्य नंदिनी माताजी की प्रथम प्रभावक शिष्या जिनवाणी पुत्री गणिनी आर्यिका श्रेष्ठ श्री सुयोग्य नंदिनी माताजी की चर्या एवं प्रभावना को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सहमति से गुरु मां ससंघ के पिच्छी परिवर्तन समारोह में हजारों लोगों की उपस्थिति में भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाज सेवी निर्मल विनायका जी संजय काला ,अरुण सेठी, मनोज जैन, बंटी जैन ,जामुन अंकल, संजीव जैन एवं गब्बर जैन सहित संपूर्ण समाज ने पूज्य गुरु मां को उपाधि से अलंकृत किया गया । गणिनी आर्यिका श्रेष्ठ श्री सुयोग्य नंदिनी माताजी का जन्म 14 अगस्त 1997 को मनियां नगर में विनोद जैन सीमा जैन के यहां हुआ था। सुयोग्य नंदिनी माताजी के नाम सबसे कम उम्र में ब्रह्मचर्य आर्यिका दीक्षा एवं गणिनी पद प्राप्त करने का रिकॉर्ड दर्ज है।

## मिलाप रैलीः पूर्व सैनिकों की पेंशन समस्याओं के समाधान का विशेष आयोजन 6 नवम्बर को

**जयपुर(कासं.)** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, जयपुर की ओर से मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजीमेंट से सेवानिवृत पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके परिजनों की पेंशन संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु मिलाप रैली का आयोजन 6 नवम्बर 2025 को किया जाएगा। यह विशेष शिविर प्रातः 10 बजे से सैनिक विश्राम गृह, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, जयपुर में आयोजित होगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल प्रेम सिंह शेखावत ने बताया कि रैली में संबंधित विभागों एवं बैंकों के अधिकारी मौजूद रहेंगे, जो मौके पर ही अभिलेख सत्यापन, भुगतान प्रक्रिया, लंबित प्रकरणों के निस्तारण तथा आवश्यक परामर्श जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि रैली का उद्देश्य सेवानिवृत सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके परिजनों को एक ही स्थान पर सभी प्रकार की पेंशन सहायता और समाधान उपलब्ध कराना है। कर्नल शेखावत ने बताया कि मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजीमेंट से जुड़े पूर्व सैनिकों को कई बार पेंशन, अभिलेख सत्यापन एवं बकाया भुगतान से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इस प्रकार की रैली उन्हें सीधे विभागीय अधिकारियों से संवाद करने और अपने मुद्दों के त्वरित निस्तारण का अवसर प्रदान करेगी।

## मुख्यमंत्री भजनलाल और उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा से मिले बस संचालक, हड़ताल जारी

### बस संचालकों ने बस के माड्यूलेशन के लिए समय मांगा, सरकार ने कहा सुरक्षा मानक और नियमों की पालना तो करनी ही पड़ेगी

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में स्लीपर बसों की हड़ताल सोमवार को भी जारी रही हालांकि सोमवार सुबह बस ऑपरेटर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा से मुलाकात की और बस के माड्यूलेशन के लिए समय मांगा लेकिन उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने बस ऑपरेटर को साफ कह दिया है कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा यात्रियों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है इसलिए परिवहन विभाग के नियम और सुरक्षा मानक तो बस ऑपरेटर को मानना ही पड़ेगा सोमवार को सुबह जिस तरह से अच्छे माहौल में बस संचालकों की मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से बातचीत हुई उसके बाद ऐसा माना जा रहा था कि सोमवार को हड़ताल खत्म हो सकती है लेकिन फिलहाल बस ऑपरेटर अपनी आगे की रणनीति तैयार कर रहे हैं हालांकि बातचीत के दौरान बस ऑपरेटर ने मीडिया को यह भी बताया कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने उनकी बात को सुना तो है और सरकार ने जल्द फैसला लेने की बात भी कही है लेकिन बाद में मीडिया से बातचीत के दौरान परिवहन मंत्री और उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने साफ कहा कि सरकार की ओर से बस ऑपरेटर को साफ कह दिया गया है की सुरक्षा मानक और नियमों की पालना करते हुए ही बस के संचालन की इजाजत दी गई है पत्रकारों के सवाल के जवाब में डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि आरटीओ से सर्टिफिकेट लेने के बाद बस ऑपरेटर बस का माड्यूलेशन अपने हिसाब से करवा लेते हैं पहले सर्टिफिकेट लेते हैं और फिर इसके बाद मनमर्जी से बस का माड्यूलेशन करवाते हैं इसलिए अब इस तरह की गड़बड़ी और लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी बस संचालकों ने बातचीत में पत्रकारों से बताया कि बस के माड्यूलेशन में समय लगता है इसलिए हमने सरकार से 3 महीने का समय मांगा है 3 महीने का हमें समय दिया जाए ताकि हम बस का माड्यूलेशन करवा सके क्योंकि राजस्थान में बस बॉडी निर्माता के यहां काफी कम रहता है जिसकी वजह से बस के माड्यूलेशन में काफी समय लगता है इसलिए उन्हें अन्य स्टेट में जाकर बस का माड्यूलेशन करवाना पड़ेगा इसके लिए समय चाहिए सरकार ने इस पर सोच विचार के बाद निर्णय लेने की बात कही है कुल मिलाकर सोमवार को बस के संचालक मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री दोनों से मिले लेकिन समझौता नहीं हो पाया जिसकी वजह से सोमवार को भी स्लीपर बसों की हड़ताल जारी रही स्टेट कैरिज बस के संचालकों ने भी हड़ताल को समर्थन दिया है इसलिए आज 4 नवंबर से प्रदेश में स्टेट कैरिज बस का संचालन भी पूरी तरह से बंद हो जाएगा इसलिए जब 30000 स्टेट कैरिज बस का संचालन बंद होगा तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश की परिवहन व्यवस्था आगे और कितना बिगड़ सकती है फिलहाल स्लीपर बसों की हड़ताल की वजह से ही प्रदेश में परिवहन व्यवस्था खराब है करीब 3 लाख यात्री रोजाना स्लीपर बसों में सफर करते हैं इसलिए पिछले शुक्रवार की आधी रात से स्लीपर बसों के बंद रहने से राजस्थान में लाखों यात्रियों को सफर करने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है प्रदेश में करीब 8000 स्लीपर बस हैं उनकी वजह से ही प्रदेश की परिवहन व्यवस्था बिगड़ गई है तो जब आज से 30000 स्टेट कैरिज बस का संचालन बंद होगा तो यहां परिवहन व्यवस्था किस कदर खराब हो जाएगी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है सोमवार को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से बातचीत के दौरान स्टेट कैरिज बस के संचालक भी प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे बाद में इस प्रतिनिधिमंडल ने साफ कहा कि हमारा हड़ताल को पूरा समर्थन है और हम भी हड़ताल पर जाने वाले हैं ।

## चिकित्सा मंत्री ने आरएमएससीएल के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढ़ीकरण की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। चिकित्सा मंत्री ने सोमवार को स्वास्थ्य भवन परिसर में राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय संस्कृति की परम्परा के अनुरूप विधिवित रूप से पूजा अर्चना कर पट्टिका का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण से आरएमएससीएल एवं राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के कार्यों के सम्पादन में और सुगमता आएगी। अधिकारियों एवं कार्मिकों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होने के साथ ही स्वास्थ्य से जुड़ी प्रमुख संस्थाएं एक ही स्थान पर आ जाएंगी। इससे कार्यकुशलता में वृद्धि होने के साथ ही समय की बचत होगी।प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने बताया कि प्रदेशभर में चिकित्सा कार्यों हेतु प्रशासनिक भवनों एवं अस्पतालों के आधारभूत सुदृढ़ीकरण पर भी लगातार ध्यान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में इस भवन का भी निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि इस भवन में आरएमएससीएल एवं राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी का कार्यालय संचालित होगा। कुल क्षेत्र 5 हजार 783 स्क्वायर वर्ग मीटर वाले इस भवन निर्माण के लिए 1 हजार 772 लाख रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। आरएमएससीएल के प्रबंध निदेशक पुखराज सेन ने बताया कि इस भवन के बेसमेन्ट का कुल क्षेत्र 1 हजार 783.35 वर्गमीटर है, जिसमें 45 कार, 50 दोपहिया वाहन पार्क करने की सुविधा है। भूतल और प्रथम तल पर आरएमएससीएल एवं द्वितीय तल पर राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी का कार्यालय संचालित होगा। कार्यक्रम में मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. अमित यादव, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान, निदेशक आईईसी शाहीन अली खान, अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. टी. शुभमंगला, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## सीकर रोड सड़क हादसे पर चिकित्सा मंत्री ने व्यक्त की शोक संवेदना

### एसएमएस अस्पताल पहुंचकर लिया स्थिति का जायजा



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सोमवार को सीकर रोड पर हरमाड़ा क्षेत्र में हुए सड़क हादसे पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने हादसे में दिवंगत हुए व्यक्तियों की आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को यह आघात सहन करने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। साथ ही, हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। घटना की जानकारी मिलते ही चिकित्सा मंत्री सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचे और हादसे के मृतकों तथा घायलों के बारे में जिला प्रशासन एवं अस्पताल प्रशासन से पूरी जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को घायलों को त्वरित एवं बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। साथ ही, कांवटिया एवं अन्य अस्पतालों में भर्ती घायलों को भी बेहतर उपचार के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि घायलों के उपचार में किसी तरह की कमी नहीं रहे। इससे पहले घटना की जानकारी मिलते ही चिकित्सा मंत्री ने दूरभाष पर वार्ता कर सवाई मानसिंह अस्पताल एवं कांवटिया अस्पताल प्रशासन को अलर्ट करते हुए घायलों के उपचार के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए थे। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को घायलों का जीवन बचाने के लिए उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने के भी निर्देश दिए हैं। चिकित्सा मंत्री ने सवाई मानसिंह अस्पताल में हादसे को लेकर जिला प्रशासन एवं अस्पताल प्रशासन के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा भी की। इस दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई, सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, संभागीय आयुक्त पूनम, पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल, जिला कलेक्टर जितेन्द्र सोनी, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, अधीक्षक डॉ. मृणाल जोशी, ट्रोमा सेंटर के प्रभारी डॉ. बीएल यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल का अंता सीट पर फोकस : वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से नेताओं से लिया फीडबैक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अंता विधानसभा सीट पर बारीकी से नजर जमाए हुए हैं और बराबर भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार चुनाव प्रबंधन और चुनाव से जुड़े सभी विषयों के बारे में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से फीडबैक ले रहे हैं इसी क्रम में सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार और चुनाव से जुड़े सभी विषयों के बारे में भाजपा नेताओं से बातचीत की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री शर्मा ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और इस सीट पर चुनाव प्रचार कर रहे पार्टी के अन्य नेताओं से बातचीत की और चुनाव प्रचार में पब्लिक की ओर से मिल रहे रिस्पांस के बारे में भी पूछा बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और नेता जो मेहनत और दौड़ धूप कर रहे हैं उस पार्टी की जीत निश्चित है उन्होंने कहा कि इस सीट पर प्रदेश के लोग हर बूथ पर बीजेपी कैंडिडेट को वोट डालकर राष्ट्रवाद को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाएंगे उन्होंने पार्टी के छोटे-बड़े सभी कार्यकर्ताओं से अपील की और कहा कि जिस लगन और मेहनत से वह प्रचार कर रहे हैं उनकी मेहनत रंग लाएगी मुख्यमंत्री शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रचार कर रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वह चुनाव प्रचार के दौरान प्रदेश सरकार की ओर से किए गए कार्यों उल्लेखनीय योजनाओं और बड़े निर्णय के बारे में जनता को बताएं इसके अलावा केंद्र की मोदी सरकार की ओर से जो कार्य और जो ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं उनके बारे में भी उन्हें बताएं तथा एक भी मतदाता वोट डालने से वंचित न रहे इसके लिए भाजपा के बूथ लेवल पर तैनात कार्यकर्ता खास ध्यान रखें जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है इसलिए इस सीट पर हो रहे उपचुनाव में अगर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ नतीजे आते हैं तो फिर निश्चित रूप से यह एक तरीके से प्रदेश सरकार की छवि के लिए ठीक नहीं रहेगा इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा और राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ दोनों ही यहां भाजपा की जीत को सुनिश्चित करने के लिए पूरी रणनीति के साथ चुनावी मैनेजमेंट को अंजाम दे रहे हैं हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में इस सीट से भाजपा के प्रत्याशी कंवरलाल मीणा ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया को करीब 5000 वोटो से हराया था हालांकि कोर्ट के आदेश के बाद मीणा के जेल चले जाने के बाद अब यहां फिर से उपचुनाव चुनाव आयोग की ओर से करवाए जा रहे हैं ।

## सभी सर्किलों को बनाएं डिफेक्टिव मीटर मुक्त- डिस्कॉम्स चेयरमैन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** चेयरमैन डिस्कॉम्स आरती डोगरा ने प्रदेश के तीनों विद्युत वितरण निगमों में खराब मीटर बदलने के काम को गति देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के डिफेक्टिव मीटरों को यथाशीघ्र बदला जाए। साथ ही निर्देश दिए कि अधीक्षण अभियंता अपने सर्किल को डिफेक्टिव मीटर फ्री करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें। डोगरा सोमवार को विद्युत भवन में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर विद्युत वितरण निगमों में कनेक्शन, राजस्व अर्जन आदि से संबंधित विषयों पर समीक्षा कर रही थीं। जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवरलाल एवं अजमेर विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक केपी वर्मा भी बैठक में मौजूद थे। इस दौरान डोगरा ने सर्किल अधीक्षण अभियंताओं से बजट में घोषित 33 केवी ग्रिड सब स्टेशनों की प्रगति की भी जानकारी ली। डिस्कॉम्स चेयरमैन ने कहा कि विद्युत मीटरों के खराब पड़े रहने पर वितरण निगमों राजस्व की हानि वहन करनी पड़ती है। उपभोक्ता को औसत उपभोग के आधार पर बिल जारी के साथ ही विद्युत शुल्क में नियमानुसार छूट देनी होती है। उन्होंने अधिक खराब मीटर की अधिक संख्या वाले सर्किल्स में सिंगल फेज तथा थ्री फेज (गैर कृषि) उपभोक्ताओं के डिफेक्टिव मीटर बदलने के काम की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। डोगरा ने इस दौरान निर्देश दिए कि बजट घोषणा के अन्तर्गत जिन 33केवी ग्रिड सब स्टेशनों के निर्माण के लिए कार्यादेश दिए जा चुके हैं, उनमें कार्य अविलम्ब शुरू किया जाए। उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत आदर्श सौर ग्राम के चयन में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समितियों के माध्यम से जल्द से जल्द सभी जिलों में एक आदर्श ग्राम घोषित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि चूरू, बूंदी, टोंक झालावाड़, अजमेर राजसमंद, प्रतापगढ़, झुंझुनूं तथा पाली में आदर्श सौर ग्राम का चयन किया जा चुका है। डिस्कॉम्स चेयरमैन ने सभी सरकारी भवनों में नवम्बर माह के अंत तक स्मार्ट मीटर लगाने के लक्ष्य को हासिल करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 1,71,594 सरकारी भवनों में विद्युत कनेक्शन हैं, जिनमें से 73,871 भवनों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इस अवसर पर नेट मीटरिंग, ईवी तथा औद्योगिक श्रेणी के कनेक्शनों के लंबित प्रकरणों पर भी समीक्षा की गई। डिस्कॉम्स चेयरमैन ने डिस्कॉम्स के स्तर पर लंबित कनेक्शन यथाशीघ्र जारी करने के निर्देश दिए।

## कृषि मंत्री ने की मिलावटखोरी के खिलाफ जागरूकता की अपील, सवाई माधोपुर को दी 139 करोड़ की सौगात

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान के कृषि, उद्यानिकी, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने आमजन से राज्य सरकार के मिलावटखोरी विरोधी अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि नकली खाद, घी, मावा और मिठाइयों के उत्पादन व बिक्री के खिलाफ जनता को स्वयं आगे आकर छापामारी व सूचना देने में सहयोग करना चाहिए ताकि आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ रोका जा सके। डॉ. मीना सोमवार को सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय स्थित पंचायत समिति परिसर में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राजीविका महिलाओं द्वारा संचालित 'दीदी की कैंटीन' का उद्घाटन किया और निर्धन परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 'सुई धागा अभियान' की शुरुआत की। उन्होंने पांच लाभार्थी परिवारों को सिलाई मशीनें वितरित कर अभियान की औपचारिक शुरुआत की। कृषि मंत्री ने इस मौके पर भारत निर्माण केंद्र की मरम्मत, सीसी रोड, टिनशेड, इंटरलॉकिंग टाइल और शौचालय निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने दो सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। शाम को उन्होंने 'एक शाम गौ माता के नाम' कार्यक्रम में भाग लिया और जिले को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने 107 करोड़ रुपये की लागत से 63 किलोमीटर सड़कों के निर्माण व मरम्मत का शिलान्यास और 32 करोड़ रुपये की लागत से 15 किलोमीटर सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। इसके अलावा, उन्होंने ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना के तहत मलारना डूंगर क्षेत्र में 61 गांवों के लिए दो पंप हाउस, नगर परिषद के लटिया नाले की सुरक्षा दीवार, हम्मीर सर्किल सौंदर्यकरण, 15 करोड़ रुपये की लागत से टाउन हॉल और 19 लाख रुपये की लागत से श्री राधाकृष्ण पुस्तकालय भवन निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इस परियोजना से क्षेत्र के 13,977 घरों को पेयजल कनेक्शन मिलेंगे।

## 24.16 लाख रुपये की लागत से बनेगी सीसी सड़क

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)** रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने शहर के वार्ड नंबर 36 में बनने वाली सीसी सड़क के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया इस दौरान वार्डवासियों ने एक दुसरे का मुंह मीठा करवाकर पूर्व विधायक महर्षि,भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष महेश सैनी ने बताया कि सीताराम नाई की गोगामेडी से मुरारी सारस्वत के मकान तक करीब 24.16 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क बनेगी सड़क निर्माण नही होने से मोहल्लेवासियों को आवागमन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था सीसी सड़क निर्माण हो जाने से काफी हद तक राहत मिलेगी सैनी ने बताया कि भाजपा सरकार के चलते मूलभूत आवशयक कार्यों का मौके पर ही निस्तारण हो रहा है इसके साथ ही अन्य विकास कार्य भी सहजता से करवाए जा रहे है इस अवसर पर भाजपा नेता अर्जुन सिंह फ्रांसा,हिम्मत सिंह,प्रवीण शर्मा, जयप्रकाश इन्दौरिया,नारायण सिंह,मुरारी सारस्वत, राधेश्याम पारीक,छगनलाल सोनी,मोहनलाल शर्मा ,ओंमप्रकाश नाई,राकेश गौड़,ललित शर्मा,बलवीर स्वामी सहित दर्जनों गणमान्य जन उपस्थित थे ।

## डोटासरा जी बयानों से न कांग्रेस जिंदा होगी न उनका भ्रम टिकेगा- मदन राठौड़

### कांग्रेस में टिकट से लेकर मुख्यमंत्री तक सब परिवारवाद से होता है निर्धारित

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने डोटासरा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का बयान उसी हताशा और निराशा का प्रतीक है जो कांग्रेस के भीतर मची गुटबाजी और नेतृत्वहीनता से उपजी है। जो पार्टी अपने पांच साल के शासन में भ्रष्टाचार, किसान धोखा और युवाओं की बेरोज़गारी के सिवा कुछ नहीं कर सकी, वह आज भाजपा पर झूठे आरोप लगाकर अपनी राजनीति बचाने की कोशिश कर रही है। डोटासरा कहते हैं कि कांग्रेस ने किसानों के 14,000 करोड़ का कर्ज़ माफ किया लेकिन सच्चाई यह है कि प्रदेश के लाखों किसानों को केवल कागज़ों में राहत दिखाई गई, ज़मीन पर एक भी किसान को वास्तविक लाभ नहीं मिला। किसान आत्महत्या करते रहे और कांग्रेस नेता भाषणों में आंकड़े गढ़ते रहे। इनके अध्यक्ष राहुल गांधी ने तो यहां तक कह दिया था कि सरकार बनने के बाद 10 तक गिनती करते ही किसानों का सारा कर्ज माफ कर दिया जाएगा लेकिन हकीकत जनता के सामने है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों को सम्मान निधि दी, सिंचाई, बीज, खाद और बिजली की योजनाओं को पारदर्शिता से आगे बढ़ाया यह जमीन पर दिखता है सिर्फ मंचों पर नहीं। कांग्रेस में टिकट से लेकर मुख्यमंत्री तक सब परिवारवाद से तय होता है।डोटासरा याद रखिए राजस्थान की जनता ने खर्ची और कमीशन की आपकी राजनीति को 2023 में नकार दिया था। भाजपा सरकार जनता की खर्ची से नहीं, जनता के विश्वास से बनी है। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर जिस तरह की घटिया और असंसदीय भाषा डोटासरा ने प्रयोग की है वह कांग्रेस की ओछी मानसिकता को उजागर करता है। भजनलाल जी जनसेवक हैं, जनता के बीच से उठे हैं, न कि किसी परिवार की कोख से राजनीति में आए हैं। जनता उन्हें जनता का सेवक मानती है, जबकि कांग्रेस के नेता उन्हें अपने झूठे आरोपों से डराना चाहते हैं। ये कभी सफल नहीं होंगे। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस की योजनाएं पोस्टर और प्रचार तक सीमित रहीं। भाजपा सरकार ने दो साल में ईआरसीपी, लाडली बहना योजना, मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि बढ़ाई, मुफ्त बिजली और गैस योजनाएं जैसे ठोस कदम उठाए हैं। जनहित योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम भाजपा करती है, जबकि कांग्रेस कागज़ी घोषणाएं करके जनता को छलने का काम करती है। मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस खुद चार टुकड़ों में बंटी है। एक खेमा दिल्ली दरबार का, दूसरा पायलट का तीसरा डोटासरा का और चौथा टिकट दलालों का। भाजपा में विचारों की एकता है, कांग्रेस में केवल कुर्सी की लड़ाई है। डोटासरा की भाषा लोकतांत्रिक नहीं, व्यक्तिगत है। राजनीति में असहमति हो सकती है लेकिन असंसदीय शब्दों का प्रयोग आपकी हताशा को दिखाता है। राजस्थान की जनता समझ चुकी है कि कांग्रेस के पास न नीति बची है न नीयत। कांग्रेस नेताओं के भ्रम और झूठ की राजनीति अब नहीं चलेगी। भाजपा सरकार सेवा सुशासन और विकास के संकल्प के साथ काम कर रही है। राजस्थान की जनता ने कांग्रेस को पहले ही मौरिया बुलाकर विदा कर दिया है, अब डोटासरा जी के बयानों से न कांग्रेस जिंदा होगी न उनका भ्रम टिकेगा। राजस्थान अब झूठ की राजनीति नहीं जनसेवा की राजनीति चाहता है और भाजपा उसी रास्ते पर अडिग है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# पालड़ी में चिकित्सको पर अलग उपस्थिति रजिस्टर रखने का आरोप

## आरएनए ने विभिन्न मांगो को ले कर दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ब्लॉक शाखा लक्ष्मणगढ़ की ओर से सोमवार को ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नर्सेज की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में बताया गया कि सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक ओपीडी समय के बाद मुख्यालय पर निवास नहीं करते हैं और न ही ऑन कॉल ड्यूटी पर उपलब्ध रहते हैं। इससे नर्सिंग अधिकारियों को मरीजों के उपचार में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार मरीजों एवं परिजनों के साथ कहासुनी की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है।नर्सेज ने बताया कि रात्रिकालीन ड्यूटी के दौरान महिला नर्सेज को अकेले ड्यूटी करनी पड़ती है तथा गार्ड व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की ड्यूटी भी नहीं रहती, जिससे सुरक्षा संबंधी गंभीर समस्या बनी रहती है।जानकारी के अनुसार, सीएचसी पालड़ी में चिकित्सकों द्वारा अलग उपस्थिति रजिस्टर रखा गया है जिसे लॉक में बंद पाया गया। इस पर नर्सेज एसोसिएशन ने आपत्ति जताई।आरएनए जिला सच रामनिवास चाहर ने बताया कि ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मांगों पर सहमति जताते हुए चिकित्सकों को ओपीडी समय के बाद ऑन कॉल ड्यूटी पर रहने के निर्देश देने का आश्वासन दिया। साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का एक ही उपस्थिति रजिस्टर संधारित करने के आदेश मौके पर ही जारी किए गए।इसके अतिरिक्त इस संबंध में जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया है, जिसमें ब्लॉक के वरिष्ठतम सीनियर नर्सिंग ऑफिसर मोहन सिंह पाटोदा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। बीसीएमओ ने शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया गया है।इस मौके पर ब्लॉक लक्ष्मणगढ़ अध्यक्ष रामलाल महला की अगुवाई में सीकर आरएनए के पदाधिकारी महेंद्र फौगाट,मनोज शर्मा, शालूराम एवं ब्लॉक लक्ष्मणगढ़ से शिवदयाल नेहरा,रामलाल पालड़ी,,राजेश ध्याल, रामकरण ख्यालिया,मोहन खींची, सुमित्रा, परमेश्वर बेनीवाल,करन भास्कर, तारामणि, महेंद्र ,राजेश बगड़िया, संतोष ख्यालीया एवं अन्य नर्सेज मौजूद रहे।

## आवश्यक सेवाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना की अध्यक्षता में तारानगर के पंचायत समिति वीसी कक्ष में वीसी के माध्यम से आवश्यक सेवाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मतदाता सूची के गहन निरीक्षण के संबंध में त्वरित गति से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने मूंगफली और मुंग की फसल 2025 की गिरदावरी ओर टोकन का भौतिक सत्यापन हेतु निर्धारित समय में पारदर्शिता से करने हेतु निर्देशित किया, सार्वजनिक विभाग के अधिशाषी अभियंता विजय प्रताप को गौरव पथ की तुरंत मरम्मत करवाने, बीसीएमओ गोपीराम मेघवाल को मौसमी बीमारियों के कारण होने वाली बीमारियों के बचाव हेतु डीडीटी का छिड़काव करवाने तथा उप जिला अस्पताल में सफाई व्यवस्था माकूल करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में तहसीलदार हनुमानसिंह विकास अधिकारी अशोक कुमार, अधिशासी अधिकारी अजय प्रताप सिंह सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## पेयजल समस्या को लेकर अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन दिया

### कृष्ण सहारण के नेतृत्व में धीरवास छोटा के ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर कस्बे के गाँव धीरवास छोटा व रांगेड़ी के ग्रामीणों ने कांग्रेस जिला महासचिव कृष्ण कुमार सहारण के नेतृत्व में जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता राजेश कुमार को ज्ञापन देकर गाँव की पेयजल समस्या को दुरुस्त करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सर्दी की ऋतू में लोगों को पीने के लिए पानी नहीं है एवं गर्मियों में तो पानी के लिए हालत खराब हो जाती है। समय रहते मांग नहीं मानने पर ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में रणजीत मेघवाल, राजेन्द्र, कूलदीप, रामस्वरूप, रामेश्वर डुडी, चूनीराम, सतवीर, विजेन्द्र, प्रभू, प्रताप पूनिया, हनुमान मेघवाल आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर नगरपालिका की पार्षद रेखा शर्मा ने सोमवार को एक निजी कम्प्यूटर सेंटर में राजस्थान सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित योजना का शुभारंभ किया जिसके तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जायेगा इस अवसर पर चयनित सभी महिलाओं व बालिकाओं को निःशुल्क पुस्तकें व पेन देकर कम्प्यूटर पर प्रशिक्षण की कक्षाएं शुरू की गई। इस अवसर पर जितेंद्र शर्मा, सुनीता शर्मा, हर्ष शर्मा, राकेश कुमार, रमाकांत प्रजापत, गजेंद्र शर्मा, विपिन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बुचावास गाँव कुई धंसने से हादसा, एक की मौत



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर कस्बे के निकटवर्ती गाँव बुचावास में सोमवार को कुई (कुआँ) खोदते समय मिट्टी धंस जाने से एक दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में 45 वर्षीय मज़दूर की मौत हो गई। भालेरी पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बुचावास निवासी दयाराम पुत्र राउराम मेघवाल (उम्र 45 वर्ष) गांव के दारासिंह तेतरवाल के घर के बाहर कुई खोद रहा था। पास ही हाइवे था इस दौरान अचानक मिट्टी धंस गई और दयाराम नीचे दब गया।घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया गया। करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत और 3 जेसीबी की मदद से दयाराम को बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में उसे एंबुलेंस से तारानगर के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर फैलते ही गांव और अस्पताल में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सूचना पर भालेरी थाने से एएसआई हरफूल सिंह जाब्ते सहित मौके पर पहुंचे, शव को तारानगर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, आगे की कार्यवाही जारी हैं।

## तुलसी विवाह का धूमधाम से मनाया गया उत्सव

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)** कस्बे के वार्ड 7 स्थित डोलिया - भवन में गत रात को तुलसी विवाह का उत्सव मनाया गया। सुबह से ही तुलसी मंदिर परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया था। भक्तों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर इस पावन अनुष्ठान में भाग लिया। तुलसी विवाह समारोह के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर तुलसी माता की पूजा-अर्चना की और शालिग्राम भगवान के साथ विवाह के फेरे कराए गए। महिलाओं ने तुलसी की विदाई के लिए वस्त्र, आभूषण और कन्यादान किया। विवाह के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में उपस्थित भक्तों ने कहा कि तुलसी विवाह का पर्व धार्मिक और सामाजिक समरसता का प्रतीक है जो घरों में सुख-शांति लाता है। इस मौके पर वरिष्ठ पार्षद सपना शर्मा ने तुलसी माता को चुनरी ओढ़ाकर पूजन किया और भगवान शालिग्राम के विवाह संस्कार में भाग लिया। सपना शर्मा कहा कि तुलसी विवाह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि नैतिकता, मर्यादा और समर्पण का प्रतीक है। यह पर्व समाज में प्रेम, शांति और आस्था का संदेश देता है। उन्होंने आयोजन सराहा । कार्यक्रम के अंत में भाजपा नेता संदीप शर्मा ने आयोजन समिति की सराहना की। उन्होंने कहा कि तुलसी विवाह केवल पूजा का नहीं, बल्कि समाज में एकता, त्याग और मर्यादा का संदेश देने वाला पर्व है। ऐसे आयोजन समाज में सौहार्द और धार्मिक चेतना बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं ताकि भारतीय संस्कृति की जड़ें मजबूत बनी रहें। कार्यक्रम में जया , सपना, गुंजन, दीक्षा, रीतिका, शीतल, सुनीता, दिव्या, अनुराधा, रिन्कू, सरोज सहित अनेक महिला श्रद्धालु उपस्थित रही ।

## नवलगढ के बेटे कैलाश चंद्र सैनी ने शेखावाटी विश्वविद्यालय में एआई पर व्याख्यान दिया

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)** कटराथल में बुधवार को शेखावाटी विश्वविद्यालय के समर्पित सभागार में एक खास आयोजन हुआ, जिसमें एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) विषय पर कैलाशचंद्र सैनी ने एक प्रेरक व्याख्यान दिया। सत्र का शीर्षक था: भविष्य की दिशा: और हमारी जिम्मेदारी साथ ही 1950 से चल रहे एआई के एआई बारे में विस्तार से बताया। की मशीनें भी मनुष्य के तरह कैसे सोच सकती हैं। एआई उपयोग में सकारात्मक व नकारात्मक प्रभाव को विस्तार से समझाया। नयी नौकरी सृजित कैसे होगी, मशीनें डिसीजन लेने में कैसे सक्षम हुई है। आज विभिन्न विभागों में एआई का किस प्रकार उपयोग किया जाता है आदि के बारे में जानकारी से बताया। इवेंट का आरंभ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर गुप्ता द्वारा स्वागत भाषण से हुआ। इसके बाद कैलाशचंद्र सैनी ने दर्शकों को एआई की मूल अवधारणा से परिचित कराया – कैसे मशीनें आज डेटा के आधार पर 'सोच' सकती हैं, निर्णय ले सकती हैं और हमारे रोज़मर्रा के जीवन में शामिल होती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि एआई सिर्फ तकनीकी विषय नहीं, बल्कि मानव-समाज, रोजगार, शिक्षा और नैतिकता से जुड़े बड़े बदलाव ला रहा है। व्याख्यान के बाद छात्रों और शिक्षक-मंडल ने सवाल-जवाब सत्र में भाग लिया। अंत में विश्वविद्यालय के प्रशासन ने कैलाशचंद्र सैनी को सम्मान-पत्र प्रदान किया और इस तरह के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ प्रोफेसर ने टिप्पणी की: इस प्रकार, शेखावाटी विश्वविद्यालय में आयोजित इस व्याख्यान ने विद्यार्थियों को एआई -विषय में उत्साहित किया और स्थानीय-संदर्भ में इस तकनीक के जुड़ाव की दिशा खोल दी है। कार्यक्रम में अंत में प्रोफेसर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अलग-अलग विभागों के विधार्थी भी शामिल हुए।

## तृतीय मासिक कीर्तन भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न



**लक्ष्मणगढ़।** स्थानीय प्राचीन श्याम हनुमान मंदिर द्वारा संचालित श्याम सहारा परिवार का तृतीय मासिक कीर्तन रविवार को श्याम प्रेमी विनोद काछवाल के आवास पर भक्ति और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा श्याम की ज्योत प्रज्वलन और गणेश वंदना से हुई। भजन गायकों सवाई सिंह चौहान, विनय तमोली, सिद्धि शर्मा, खुशी पुजारी आदि ने भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर भक्त देर रात तक झूमते रहे। फूलों और रोशनी से सजे दरबार में भक्ति का अद्भुत वातावरण बना रहा। बाबा का जन्मदिन पाटोत्सव मनाया गया और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर विनोद काछवाल परिवार सहित श्याम सहारा परिवार के अनेक सदस्य, भक्त व गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन सुरेश बीबीपुरिया ने किया।

## बाल विवाह रोक को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**उदयपुरवाटी(निसं.)।** कस्बे की निजी होटल में गर्ल्स नॉट ब्राइड्स राजस्थान स्टेट पार्टनरशिप के सहयोग से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 'बाल विवाह पर हमारी पहल - युवाओं के नेतृत्व में बदलाव की नई बयार' विषय पर केंद्रित रही। दो दिनों तक चले सत्रों का संचालन जिला निदेशक विकास कुमार के नेतृत्व में हुआ,जबकि जीएनबी राज्य सचिवालय कल्प के प्रतिनिधि राजन ने मुख्य भूमिका निभाई। कार्यशाला की शुरुआत 'बाल विवाह को ना - शिक्षा को हां' के नारे के साथ हुई। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने-अपने गांवों में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करेंगे। महिला अधिकारिता विभाग की सुपरवाइजर सरिता ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए बाल विवाह के दुष्प्रभावों और इसके सामाजिक, मानसिक एवं शैक्षणिक परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। दो दिवसीय सत्रो के दौरान युवाओं को समूहगत गतिविधियों, विचार-विमर्श और व्यवहारिक अभ्यास के माध्यम से अभियान संचालन, पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की तकनीक सिखाई गई। साथ ही, प्रतिभागियों को अपने-अपने क्षेत्रों में आगे की गतिविधियों के लिए कार्ययोजना तैयार करने का भी अवसर मिला। कार्यक्रम के समापन पर उजाला सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के अशोक स्वामी और इस्मायल खां ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगी संगठनों का आभार व्यक्त किया।

## विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** तालुका विधिक सेवा समिति, सुजानागढ़ द्वारा श्रीमहावीर विद्या मंदिर स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पीएलवी मयंक त्रिवेदी ने बतासा कि राज. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रविन्द्र कुमार के निर्देशानुसार यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## श्याम संकीर्तन महोत्सव में बही भजनों की सरिता, सजा बाबा श्याम का दरबार




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** कस्बे के वार्ड 8 स्थित विद्युत निगम के सामनेश्री श्याम मित्र मण्डली की ओर से श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। भजन संकीर्तन संध्या का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरुआत हुई। भजन संकीर्तन महोत्सव में आस-पास क्षेत्र के लोगों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर के भाग लिया। इस अवसर पर बाबा श्याम की मनमोहक दरबार सजाया गया। वहीं महा आरती, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, अखंड ज्योति सहित आदि कार्यक्रम आयोजित हुएं। श्री श्याम संकीर्तन में गायक कलाकार सरोज मोदी व धर्मानुरागी मीनू जोशी ने भजन संध्या में चार चांद लगा दिए। भजन कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देखकर श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर नाचने लगे। श्याम दरबार की ओर से बाबा श्याम का मनमोहक श्रंगार किया गया। यह धार्मिक कार्यक्रम श्री श्याम मित्र मंडली द्वारा कार्यक्रम किया गया है । कार्यक्रम में सज्जन लाल सोनी,गोपाल सोनी,कपिल,संजय, रेखा सोनी, अरुणा सोनी , उगनतादेवी ललिता शर्मा, अनिता टेलर, मंजू शर्मा, शकुंतला चोपदार, मानवी सोनी, वेदाशी सोनी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में महा आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN SUJANGARH**

No:-1683-1698 Date: 27/10/2025

**Notice Inviting Bid No 15/2025-26**

Bids for 8 (Eight Nos) work are invited from interested bidders upto 12.00 PM dated 10.11.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 341.60 Lacs
NIB No. PWD2526A4031
UBN No:
1. PWD2526WSOB15612 2. PWD2526WSOB15613
3. PWD2526WSOB15614 4. PWD2526WSOB15615
5. PWD2526WSOB15616 6. PWD2526WSOB15617
7. PWD2526WSOB15618 8. PWD2526WSOB15619

DIPR/C/15941/2025

**Executive Engineer**
**PWD Dn. Sujangarh**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता (परियोजना) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड सरदारशहर 331403 (चूरू)**

E-mail-eepphedsrdr@gmail.com

क्रमांक अअ / जनस्वा/ निविदा / 2025 - 26 / 1898 दिनांक :- 27-10-25

**निविदा सूचना संख्या 23-24 /2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों की मोहर बंद निविदायें उचित श्रेणी में पंजीबद्ध संवेदको / अनुभवी फर्मों से आमन्त्रित की जाकर निविदाएं दिनांक 06.11.2025 तक SPPP.rajasthan.gov.in के माध्यम से विक्रय की जाकर दिनॉक 07.11.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक इस कार्यालय में प्राप्त एवं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दोपहर 03:30 बजे खोली जावेगी । प्रत्येक निविदा के साथ निर्धारित निविदा शुल्क (through e-GRAS Challan (website http//egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836-X.EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head निविदा शुल्क प्राप्ती 007500-800-52-01 ) EMD (through e- GRAS Challan (website http//egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836-X.EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head 8443-00 108-00-00 लोक निर्माण कार्य Bidders shall upload the copy of bank receipt of e-GRASS Challen and send by e-mail to eepphedsrdr@gmail.com से संबंधित चालान कि प्रति संलग्न प्राप्त होने की स्थिति में ही निविदा विचारणीय होगी। डाक, तार एवं शर्तों सहित निविदाये मान्य नहीं होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधोहस्ताक्षरकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा । निविदा प्रपत्र प्राप्ति हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र ( लेटरपेड) के संलग्न रजिस्ट्रेशन पत्र, व नवीनतम जी.एस.टी. पेड चालान कॉपी का प्रमाण पत्र आवश्यक होगा, अन्यथा प्रार्थना पत्र अस्वीकार्य होगा। ये निविदाएं विभागीय वेबसाईट SPPP. rajasthan.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है। डाउनलोड किए गए निविदा प्रपत्रों के साथ उपरोक्त समस्त दस्तावेज संलग्न करनी होगी अन्यथा निविदाएं विचारणीय नहीं हो सकेगी। निविदा विकय / प्राप्ति / खोलने की तिथि को अवकाश की स्थिति में कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में सम्पादित की जावेगी ।

| निविदा सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | निविदा शुल्क राशि रू. में | धरोहर राशि राशि रू. में | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 23/25-26 | Supply Of CID Joint 200MM for PVC/HDPE Pipe under Div Sardarshahar. UBN is PHE 2526 GSOB 07907 Date 24/25-26 | 1.50 | 500 | 3000 | 01 Month |
| 27.10.2025 | Repairing and Water Proofing work of Roofs and Floors Division Sardarshahar. UBN isÑ PHE 2526 WSOB 07908 Date 27.10.2025 | 0.95 | 500 | 1900 | 01 Month |

जल ही जीवन है- बूंद बूंद संग्रहण योग्य है ।

DIPR/C/15917/2025

**अधिशाषी अभियंता (परियोजना)**
**जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड सरदारशहर**

## सात्युं गांव में एक युवक की कुण्ड में डूबने से मौत

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर थाना क्षेत्र के गाँव सात्युं में एक युवक की कुण्ड में डूबने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सात्युँ गांव के निवासी भरतरी (36 वर्ष) पुत्र अमीचन्द स्वामी गौशाला में काम करता था तथा वहीं रहता था। दो नवम्बर की शाम लगभग सात बजे भरतरी गौशाला के पास स्थित कुण्ड से पानी निकाल रहा था। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह कुण्ड में गिर गया और डूब गया। बताया जा रहा है कि उस समय परिवार में शादी समारोह चल रहा था, जिससे घटना की जानकारी परिवार को देर से मिली। अगले दिन सुबह करीब 10 बजे जब परिजनों ने भरतरी को खोजा तो कुण्ड के पास उसकी चप्पल पड़ी मिली। पास जाकर देखने पर कुण्ड में उसकी लाश तैरती हुई दिखाई दी। परिजनों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कुण्ड से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव में इस हादसे से शोक की लहर है।



## तेलियान समाज बना मिशाल, 46 जोड़े बंधे एक साथ निकाह के बंधन में




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** तेलियान वेलफेयर सोसायटी की ओर से तेलियान शादी हॉल में आठवां सामूहिक विवाह सम्मेलन ही सादगीपूर्ण तरीके से आयोजित किया गया। जिसमें समाज के हजारों लोग शामिल हुए। इस अवसर पर बोलते हुए मुफ्ती इश्क साहब, सैयद मसूद जमा, सैयद महमूद जमा, हाफिज अब्दुल सलाम, शहर काजी अकरम रिजवी आदि विद्वानों ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने, शादियों में बढ़ती फिजूलखर्ची पर रोक लगाने, एकता बनाए रखने का संदेश दिया। सोसायटी के सचिव पार्षद जावेद खींची ने बताया कि इस बार के सम्मेलन में 46 जोड़ों का निकाह सम्पन्न करवाया गया। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों से तेलियान समाज लगातार सामूहिक विवाह का आयोजन कर रहा है, जिसमें आसपास के क्षेत्रों के साथ-साथ दूरदराज से भी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। कार्यक्रम में विधायक मनोज मेघवाल, उपसभापति अमित मारोठिया, बजरंग सेन, मो. रफीक खींची सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे। सदर हाजी मुस्लिम पड़िहार, खजांची टीपू सुल्तान चौहान, मंत्री रोशन अली खींची, महबूब अगवान, रफीक दईया, हमीद दईया, फारूक खींची, आरिफ भाटी, सुल्तान दईया, बिलाल चौहान, हाकम अली अगवान, सत्तार चौहान, आरिफ पंवार, नौशाद खींची, हैदर खींची, अख्तर खींची, खलील दईया ने सम्मेलन की व्यवस्थाएं संभाली।

## मण्डावा : अभिभावक सम्मेलन आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** बाल भारती विद्या निकेतन में सोमवार को स्कूल प्रांगण में PTM अध्यापक - अभिभावक सम्मेलन का आयोजन युसुब किलानिया की अध्यक्षता में किया गया।आरम्भ में विद्या की देवी माँ सरस्वती को माल्यार्पण एवं स्वागत गीत के बाद कार्यक्रम की विधिवत शुरू करते हुए शाला निदेशक राजेन्द्र सनोदिया ने बताया कि अभिभावक घर पर बच्चों की पढ़ाई का विशेष ध्यान रखें। बच्चे का शाला आने का समय एवं छुट्टी के बाद निर्धारित समय पर बच्चा घर नहीं पहुंचता है तो शाला में सूचना देवे। बच्चा मोबाईल का गलत इस्तेमाल तो नहीं कर रहा है इसलिए अपनी देखरेख में ही मोबाईल चालू करने की इजाजत देवे। इसके ज्यादा इस्तेमाल से बच्चों में चिड़चिड़ापन, आँखों का खराब होना एवं समय पर खाना नहीं खाने संबंधी आदि दुष्परिणाम हमारे सामने हैं। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चार्ट एवं मॉडल की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसको अभिभावकों एवं अतिथियों द्वारा खूब सराहा गया। इस अवसर पर राकेश मीणा, राकेश सनोदिया, निलेश सनोदिया, कमलेश कुमार, पायल चावला, उषा सैनी, अशोक कुमार हेतमसर, कोमल जांगिड़, मुस्कान सनोदिया, नीतू चावला, हेमराज सनोदिया, मुस्तफा राईन, रमेश मौर्य एवं काफी संख्या में लेडीज अभिभावक उपस्थित रही । कार्यक्रम के अंत में शाला प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

## शेखावाटी सीटी में विधायक सहारण ने किया श्रीराम मंदिर का शिलान्यास

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** सरदारशहर रोड़ स्थित शेखावाटी सीटी में सोमवार को विधायक हरलाल सहारण ने श्रीराम मंदिर का शिलान्यास किया। समाजसेवी गौरीशंकर मण्डावेवाला के सौजन्य से बन रहे मंदिर के शिलान्यास समारोह के दौरान विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि इस विकासशील कॉलोनी में जब भगवान श्रीराम का



भव्य मंदिर बनेगा तो न केवल आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण होगा, बल्कि कोलोनीवासी एक सादा जीवन यापन कर सकेंगे। आर्किटेक्ट अनुराग शर्मा ने मंदिर निर्माण की शैली व वास्तुकला के साथ बनाए जाने वाले मंदिर की पृष्ठभूमि को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि राम दरबार सहित मंदिर में भगवान आशुतोष भी परिवार के साथ विराजमान होंगे। इस अवसर पर भाजपा विधानसभा प्रभारी पदमसिंह, सुनील ढ़ाका, संजय खेमका, विकास, लालचंद लोहिया, आकाश गोयनका, अंकित बाजोरिया व राकेश थालौड़ आदि मौजूद थे। शेरू गोयनका ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## 125 जरूरतमंदों को द यंग्स क्लब ने उपलब्ध करवाए स्कूल बैग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय सेवा प्रकल्पों की श्रृंखला में तीसरे दिन सोमवार को राजकीय भूरमल मिश्र बालिका उ मा विद्यालय में स्व कंचनदेवी राखेचा धर्म पत्नी स्व धरमचंद राखेचा की पुण्य तिथि पर उनके पुत्र संजय-सुमन, सुनील-सुनीता राखेचा के सौजन्य से प्रतिभा सम्मान समारोह व जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि आयोजन में 125 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग्स



उपलब्ध करवाए गए। कक्षा 8, 10 व 12 की बोर्ड परीक्षा में सत्र 2024-25 में उत्कृष्ठ अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभावान छात्राओं को अतिथियों द्वारा प्रतीक चिन्ह व शब्दकोश भेंट कर सम्मानित किया गया। भामाशाह कमला सिंघी की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने छात्राओं को संस्कार युक्त शिक्षा प्राप्त कर लक्ष्य प्राप्ति का आह्वान किया। मंचस्थ विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष जय श्री दाधीच, समाजसेवी मो. इशाक तगाला, विमल पाटनी, एसीबीईओ रणजीत भींचर, पर्यावरण प्रेमी शंकरलाल गोयनका, वृक्ष मित्र राजेंद्र प्रजापत, पार्षद रेंवतमल पंवार, क्लब सचिव महावीर मिरनका ने मंच से संबोधित किया। क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोडिया की प्रेरणा से आयोजित हुए कार्यक्रम के आरंभ में प्रधानाध्यापिका रिंकू सोनी ने स्वागत भाषण दिया। सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने आयोजकीय पृष्ठ भूमि को रेखांकित करते हुए क्लब गतिविधियों पर प्रकाश डाला। आयोजन को सफल बनाने में क्लब प्रतिनिधि मुन्नालाल प्रजापत, गोपाल चोटिया, निर्मल बोकडिया, हाजी मोहम्मद, वीणा भोजक, हरि तोदी, राजकुमार क्याल, राजेंद्र कंदोई, शिक्षक अजीत सिंह व छगनलाल सांखला का योगदान रहा। इस दौरान हरिप्रसाद तोदी, राजेंद्र कंदोई, डॉक्टर साधना प्रधान, जय कुमार शर्मा, मोनिका मिश्रा, कमल दाधीच, गंगाधर लाखन, महावीर मीरनका, अनीता सुरेका, सुमन जानू, कुसुम शर्मा, पंकज घासोलिया, मनोज दाधीच, मंगलाराम, श्याम स्वर्णकार, जयप्रकाश शर्मा, गणेश मंडावरिया, बलदेव ढ़ाका आदि मौजूद रहे।

## *दो दिन में 380 स्थानों पर दबिश, 51 गिरफ्तारः आरबीएम गैंग के 3 हिस्ट्रीशीटर पुलिस के हत्थे चढ़े*

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** दो दिन में 380 स्थानों पर दबिश, 51 गिरफ्तार जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों में भय पैदा करने के उद्देश्य से झुंझुनूं पुलिस ने दो दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। 1 और 2 नवंबर 2025 को चलाए गए इस विशेष अभियान में जिलेभर में पुलिस की 70 टीमों के 264 अधिकारी और जवानों ने एक साथ मोर्चा संभाला। दो दिनों तक चले इस सघन अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 380 स्थानों पर दबिश देकर 51 आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक बृजेश उपाध्याय ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराधियों को सक्रिय होने से रोकना, गैंगस्टर और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखना और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना था। उन्होंने कहा कि पुलिस की टीमें जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ सक्रिय की गईं। इन टीमों ने पिछले अपराधों में वांछित और फरार चल रहे मुल्जिमों की तलाश की, साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन और पूछताछ की कार्रवाई भी की। दो दिवसीय अभियान के दौरान झुंझुनूं पुलिस की 70 टीमों ने जिलेभर में 380 अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान महिला अत्याचार के प्रकरणों में वांछित 2, जघन्य अपराधों में वांछित 3, सामान्य अपराध में वांछित 1, गिरफ्तारी वारंटी में फरार 8, आर्म्स एक्ट में 1, शराब प्रकरणों में 3, अन्य अधिनियम में 1 और शांतिभंग के मामलों में 32 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इस



प्रकार कुल 51 आरोपितों की गिरफ्तारी हुई। इस अभियान के तहत पुलिस थाना चिड़ावा ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए आरबीएम गैंग के मुख्य सरगना सहित तीन कुख्यात हिस्ट्रीशीटरों को गिरफ्तार किया। इनमें राकेश झाझड़िया, विकास उर्फ भैरू और कैलाश उर्फ मिंटू शामिल हैं। तीनों लंबे समय से इलाके में सक्रिय थे और कई गंभीर मामलों में वांछित चल रहे थे। पुलिस ने बताया कि इनके नेटवर्क और गैंग की गतिविधियों की जांच जारी है। अभियान के दौरान आबकारी अधिनियम के तहत भी कड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने 5 प्रकरण दर्ज कर 3 मुल्जिमों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में 48 पव्वे देशी शराब, 5 लीटर हथकड़ शराब और 119 पव्वे अंग्रेजी शराब जप्त की गई। पुलिस ने बताया कि यह शराब अवैध रूप से बिक्री और परिवहन के लिए तैयार की जा रही थी। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत एक प्रकरण दर्ज कर 2 जिंदा कारतूस जप्त किए तथा एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा एक अन्य प्रकरण अन्य अधिनियमों के तहत दर्ज कर आगे की जांच शुरू की गई है।

## जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग, आंदोलन की दी चेतावनी

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील के एक झंडा एक डंडा संगठन संयोजक रुपचन्द सहारण के नेतृत्व में सहायक अभियंता ग्रामीण जोधपुर डिस्कॉम मार्फत जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर ग्राम पंचायत मेलुसर बीकान के गांव राजास, बलाल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत 2019 सर्वेकर बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा ढ़ाणियों में बिजली पोल और लाईन डाली गई थी। लेकिन 6 साल बीत जाने के बाद भी वहां पर डीपी नहीं लगी है और ढ़ाणियों में आज भी अंधेरा छाया हुआ है। ढ़ाणियों के पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई व रोजमर्रा के कार्य बाधित हो रहे हैं धीरे-धीरे गांव की आबादी कम होने की वजह से गांव के लोग खेतों में जाकर ढ़ाणियों में रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। काफी किसानों ने 3500 रुपए जमा करवाकर रसीद कटाई लेकिन उनके नाम ना तो पोल डाले गए हैं और ना हीं बिजली कनेक्शन दिया गया है और ना हीं जमा करवाई गई डिमांड राशि वापस दी गई है। किसानों के साथ बहुत बड़ा कुठाराघात हो रहा हैं। बिजली समस्याओं को लेकर काफी बार जनसुनवाई में ज्ञापन के माध्यम से विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया गया। लेकिन



अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। संगठन के पदाधिकारी ने गांव राजास में टेढ़े-मेढ़े पोल की जगह नए पोल विभाग द्वारा सही करवायें गये उनका आभार व्यक्त किया गया।जल्द ही आगामी सरकार द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान से पहले गांव राजास में ट्रांसफार्मर वंचित ढ़ाणियों का सर्वे करवाकर जल्द से जल्द बिजली कनेक्शन दिया जाए। अन्यथा ग्रामीण लामबंद होकर गांव चलो अभियान कैंप का बहिष्कार करेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में संगठन संयोजक रुपचन्द सहारण, धीरेन्द्र सैनी, सोनू, विक्रम भारती राजास आदि उपस्थित थे।

## कार और स्कॉर्पियो गाड़ी की टक्कर में पिता पुत्री की मौत, पुलिस ने करवाया दोनों शवों का पोस्टमार्टम

### स्कार्पियो गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील के नजदीकी गांव उडसर गांव के पास रविवार शाम को कार और स्कॉर्पियो गाड़ी की जबरदस्त टक्कर में पिता-पुत्री की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए परिजनों की रिपोर्ट पर राजकीय उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखे हुए पिता पुत्री के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिए हैं। एसआई रामफूल मीणा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गोगटिया निवासी शीशपाल पुत्र श्योचन्द जाट ने मामला दर्ज करवाया है कि मेरा भाई गोगटिया निवासी 45 वर्षीय सतपाल पुत्र श्योचंद जाट भारतीय सेवा से सेवानिवृत है और वर्तमान में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा पल्लू में बतौर सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात था।अपने परिवार सहित पल्लू में रहता था। रविवार को मेरा भाई सतपाल और उसकी पुत्री 22 वर्षीय ममता हमारे गांव में शादी समारोह में शामिल होकर वापस पल्लू जा रहे थे। तभी उड़सर गांव के पास



सामने से आई एक स्कॉर्पियो गाड़ी के चालक ने अपनी गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए सही दिशा में चल रही मेरे भाई की कार को टक्कर मार दी। जिसके कारण मेरे भाई सतपाल और मेरी भतीजी ममता को गंभीर चोटें आई। पुलिस ने दोनों को राजकीय उप जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर सड़क दुर्घटना में लगी गंभीर चोटों के कारण मेरे भाई सतपाल और मेरी भतीजी ममता की मौत हो गई। वहीं आपको बता दे की स्कार्पियो सवार सात जनों को भी हादसे में गंभीर चोटें आई थी। वहीं पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिए हैं और रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## राजलदेसरः 1917 में स्थापित शांति लाइब्रेरी अब ई-लाइब्रेरी, युवाओं के लिए नई शुरुआत

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)।** कस्बे की ऐतिहासिक शांति लाइब्रेरी, जिसकी स्थापना वर्ष 1917 में हुई थी, अब ई-लाइब्रेरी के रूप में शुरू की गई। आयोजित कार्यक्रम में उद्योगपति समाजसेवी प्रदीप कुंडलिया और हंसराज पारीक मंचस्थ रहे। संस्था के व्यवस्थापक भागीरथ पारीक ने बताया कि डिजिटल युग में पारंपरिक लाइब्रेरी के प्रति लोगों का रुझान घटा है, इसलिए इसे मॉडल रूप में विकसित करने हेतु समाजसेवियों से संवाद कर आधुनिक सुविधाएँ जोड़ी जा रही हैं। भागीरथ पारीक के अनुसार, समाजसेवी प्रदीप कुंडलिया ने लाइब्रेरी के फर्नीचर व नवनीकरण के लिए 4 लाख का सहयोग दिया है। कुंडलिया ने कहा कि ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ करते हुए छात्रों के हित में व्यवस्थित अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। फिलहाल 400 प्रतिमाह शुल्क पर 50 छात्र-छात्राओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। जल्द ही अध्ययन कक्षों में एयरकंडीशन और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि उपयोगकर्ताओं को आरामदायक व सुरक्षित माहौल मिल सके। प्रबंधन का कहना है कि ई-लाइब्रेरी में विद्यार्थियों



को डिजिटल सामग्री तक सुव्यवस्थित पहुँच, शांत वातावरण और अनुशासित समय-सारिणी का लाभ मिलेगा। लाइब्रेरी कस्बे के मध्य स्थित होने के कारण यह छात्रों के लिए आसानी से सुलभ और सुरक्षित स्थान माना जा रहा है। संस्था ने स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों और शिक्षार्थियों से अपील की है कि वे सदस्यता लेकर इस पहल को सफल बनाने में सहयोग दें, ताकि राजलदेसर में अध्ययन संस्कृति को नया बल मिल सके। शांति लाइब्रेरी का यह रूपांतरण न केवल सौ वर्ष पुरानी विरासत का संरक्षण है, बल्कि नई पीढ़ी को तकनीक-संवर्धित अध्ययन की दिशा में एक सशक्त कदम भी है।

## बिहार में नहीं है एडीए के पास सीएम चेहराः शैलजा कुमारी




### एआईसीसी महासचिव तिरूपति मंदिर में दर्शन कर की पूजा अर्चना

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर पहुंचकर एआईसीसी की राष्ट्रीय महासचिव शैलजा कुमारी ने पवित्र उत्सव में भाग लिया और पूजा अर्चना कर तिरुपति बालाजी महाराज का आशीर्वाद लिया। मंदिर पहुंचने पर व्यवस्थापक मोहन सिंह राठौड़ ने उनका स्वागत किया। उसके बाद विधि विधान के साथ पंडित कृष्ण कुमार भट्टर ने शैलजा कुमारी को भगवान वेंकटेश्वर की पूजा अर्चना करवाई और उन्होंने भगवान की आरती ली। उसके बाद उन्होंने पद्मावती और गोदाम्बाजी की पूजा अर्चना की। वहीं मीडिया से बात करने के दौरान सांसद शैलजा कुमारी ने कहा कि जाजोदिया परिवार ने राजस्थान में एक मात्र तिरूपति मंदिर बनवाकर क्षेत्र को काफी बड़ा धार्मिक उपहार दिया है। इसलिए हमें अधिक से अधिक संख्या में मंदिर में भगवान की पूजा कर भगवान का आशीर्वाद लेना चाहिए। बिहार चुनाव के सवाल पर शैलजा कुमारी ने कहा कि बिहार में एनडीए के पास सीएम का चेहरा नहीं है, जिसके कारण जनता पूरी तरीके से इंडिया गठबंधन के साथ है। उन्होंने कहा कि हाल ही में राहुल गांधी की यात्राओं के बाद युवाओं में सत्ता परिवर्तन की लहर है, जिसके चलते इंडिया गठबंधन बिहार में सरकार बनाएगा। इस दौरान कांग्रेस नेता मुकुल मिश्रा भी मौजूद रहे।

### सूरजगढ़ नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि सेवाराम गुप्ता ने जल मंत्री से की मुलाकात, क्षेत्र की समस्याएँ रखीं

**सूरजगढ़।** सूरजगढ़ नगरपालिका की चेयरमैन पुष्पा देवी गुप्ता के प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सेवाराम गुप्ता ने जयपुर प्रवास के दौरान राजस्थान सरकार के जल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान गुप्ता ने सूरजगढ़ नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 6 में जल आपूर्ति संबंधित समस्याओं की जानकारी दी। उन्होंने मंत्री महोदय से शीघ्र स्थायी समाधान करवाने का अनुरोध किया। जल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने समस्याओं पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए संबंधित विभाग को त्वरित कार्रवाई के निर्देश देने की बात कही।


### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड - तारानगर (राजस्थान) 331304

exennphed trn@rediffmail.com eetar.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक 1579-96 & 1597-1610 दिनांक 27/10/2025

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Online tenders are hereby invited on behalf of the HonÓble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, and http// sppp. rajasthan.gov.in, http//eproc.rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Anne&ure. Offline Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 04-11-2025 (02:00 PM) & Online Tendar website submitted Last Date & time for submission Up to 06-11-2025 (06:00 PM)

| Sr. No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 57/2025-26 | PHE2526WSRC07926 |
| 2 | 58/2025-26 | PHE2526WSRC07927 |
| 3 | 59/2025-26 | PHE2526WSRC07928 |
| 4 | 60/2025-26 | PHE2526GSOB07961 |
| 5 | 61/2025-26 | PHE2526GSOB07966 |
| 6 | 62/2025-26 | PHE2526GSOB07972 |
| 7 | 63/2025-26 | PHE2526GSOB07973 |
| 8 | 64/2025-26 | PHE2526GSOB07974 |

SAVE WATER - SAVE LIFE

**Executive Engineer,**
**PHED Division Taranagar**
**Contact- 98871-81073**

DIPR/C/15998/2025

### कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है:-

| क्र.सं. | बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्पकालीन ई बोली सूचना संख्या 22/2025-26 | RCC POST Size 2.40mtr = 8792 नग की सप्लाई एवं परिवहन कार्य | 34.29 लाख | FOR 2526GLOB03025 |
| 2 | अल्पकालीन ई बोली सूचना संख्या 23/2025-26 | Hot Galvanized Barbed Wire size 13 गैज तार तथा 14 गैज का कांटा सप्लाई एवं परिवहन कार्य | 21.39 लाख | FOR 2526GLOB03027 |
| 3 | अल्पकालीन ई बोली सूचना संख्या 24/2025-26 | पौलीथीन बैग्स साईज 12.5X30 सेमी एवं 20 X 40 सेमी 120 माईकोन | 11.35 लाख | FOR 2526GLOB03029 |

अल्पकालीन ई बोली से संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट 222. sppp.raj.nic.in & www. eproc. rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है ।

**उप वन संरक्षक,**
**चूरू**